WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 19 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 277 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

झूठ और फरेब की दुकान चाहे जितनी भी बड़ी हो एक न एक दिन उसकी हकीकत खुलती है और दुकान बंद हो जाती है। अमेरिका में ऐसी दुकानदारी को खुली छूट मिली है। नतीजतन हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी ने इस गोरखधंधे से मोटा माल कमाया। सुपारी लेकर अच्छे अच्छे कारोबारियों का बेडा गर्क करने की कोशिश की। भारत के चर्चित उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी के बारे में भी संसनीखेज खुलासा करके उसने कई निवेशकों के करोड़ो रूपये डूबो दिये। आखिरकार अति कां अंत हो गया। ऐसी सुपारीबाज रिसर्च कंपनियों की नाक में नकेल कसने कड़े कदम उठाये जाने चाहिए।

चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम घोषित, रोहित करेंगे कप्तानी, शमी की वापसी, सिराज बाहर

मुंबई(ए.)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। 19 फरवरी से होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति से जो टीम घोषित की है उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी जगह दी गई है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा।

मालूम हो कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल का फॉर्मूला अपनाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं और दोनों के बीच मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके

बाद उसका पाकिस्तान से सामना होगा और फिर दो मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा।

सिराज, सैमसन और रेड्डी को नहीं मिली जगहः भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जो टीम घोषित हुई है उसमें जगह नहीं मिली है। इसके अलावा ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

शुभमन गिल होंगे उपकप्तान

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम की घोषणा करते वक्त बताया कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी दोनों में ही टीम के उपकप्तान होंगे। शुभमन वनडे विश्व कप 2023 टीम का भी हिस्सा थे। चयनकर्ताओं ने वनडे विश्व कप में शामिल अधिकतर खिलाड़ियों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मौका दिया है। इनमें नए चेहरे सिर्फ यशस्वी जायवाल, अर्शदीप सिंह और वॉशिंगटन सुंदर हैं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने आईएएस के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, बलरामपुर सीईओ रेना जमील को वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में उपसचिव बनाया गया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी नारायणपुर वासु जैन को सीईओ सक्ती बनाया गया है।

राज्य सेवा के अफसरों के तबादले का संशोधित आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश । नगरीय निकाय चुनाव के पहले बड़े पैमाने पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। जीएडी की ओर से पहले जारी ट्रांसफर लिस्ट में 60 अफसरों का नाम शामिल है। अब विभाग ने संशोधित आदेश जारी है। जिसमें 7 अफसरों का नाम शामिल है। संशोधित आदेश में अफसरों के वर्तमान और नवीन पदस्थापना के स्थानों में परिवर्तन किया गया है। संशोधित आदेश में 2014 बैच के राप्रसे के अधिकारी घासीराम मरकाम को गरियाबंद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद से नहीं हटाया गया है। गिरीश कुमार रामटेके को प्रबंधक, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से सचिव, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार मंडल, नवा रायपुर अटल नगर में पदस्थापना दी गई है. वहीं शशिकांत कुर्रे को कोरबा का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

नगरीय निकायों के पेंशनर्स की महंगाई राहत में वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश । नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छटवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। छत्तीसगढ़ शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि की है। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छटवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। दोनों वेतनमानों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को 1 अक्टूबर 2024 से इस वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य शासन द्वारा महंगाई राहत में बढ़ोतरी के बाद सातवें वेतनमान और छटवें वेतनमान के पेंशनर्स का महंगाई राहत क्रमशः 50 प्रतिशत और 239 प्रतिशत हो जाएगा। वर्तमान में सातवें वेतनमान के पेंशनर्स को 46 प्रतिशत और छटवें वेतनमान के पेंशनर्स को 230 प्रतिशत महंगाई राहत दी जा रही है।

ट्यूनीशियाई, इटली के संसदीय नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

ट्यूनिस (वार्ता)। ट्यूनीशियाई संसद के अध्यक्ष इब्राहिम बौडरबाला ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को यहां इटली के सीनेट अध्यक्ष इग्नाजियो ला रूसा से मुलाकात की है। ट्यूनीशियाई संसद के एक बयान के अनुसार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने ट्यूनीशिया और इटली के बीच मजबूत संबंधों की प्रशंसा की तथा ऐतिहासिक और भौगोलिक संबंधों को रेखांकित किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा दिया है तथा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हाल के तंत्र और रणनीतियों पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया है कि यह मुलाकात सांसदों के बीच दौरों और बैठकों को बढ़ाकर और अनुभवों एवं विशेषज्ञता को साझा करके सहयोग और दोस्ती को गहरा करने पर केंद्रित थीं। बयान के अनुसार बैठक में अवैध आप्रवासन से निपटने के प्रयासों सहित साझा चिंताओं पर भी चर्चा की गई तथा दोनों पक्षों ने भूमध्यसागरीय देशों की सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तरों पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

सरकार नया आयकर विधेयक पेश करेगी

■ बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा

नई दिल्ली (ए.)। सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है, जिसका उद्देश्य मौजूदा आईटी कानून को सरल बनाना, इसे समझने योग्य बनाना और पृष्ठों की संख्या लगभग 60 प्रतिशत कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में छह महीने के भीतर छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी।

एक सूत्र के अनुसार, नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है और बजट सत्र के दूसरे हिस्से में इसे संसद में पेश किए जाने की संभावना है। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग (31 जनवरी-13 फरवरी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद 10 मार्च को पुनः आरंभ होगी और 4 अप्रैल तक चलेगी। आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के लिए सीतारमण द्वारा बजट घोषणा के अनुसरण में, सीबीडीटी ने समीक्षा की देखरेख करने और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया था, इसके विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को अधिक कर निश्चितता मिलेगी। इसके अलावा, अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां स्थापित की गईं। चार श्रेणियों में जनता से सुझाव और सूचनाएं आमंत्रित की गईं हैं। ये श्रेणी हैं- भाषा का सरलीकरण, मुकदमेबाजी में कमी, अनुपालन में कमी, और अनावश्यक/अप्रचलित प्रावधान। आयकर विभाग को अधिनियम की समीक्षा के संबंध में हितधारकों से 6,500 सुझाव प्राप्त हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रावधानों और अध्यायों को काफी हद तक कम किया जाएगा और अप्रचलित ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

हमास की तर्ज पर नक्सली हिड़मा ने सुरंग में खोल रखी थी हथियारों की फैक्ट्री

■ जवानों को मिले हथियारों के जखीरें

रायपुर/नवप्रदेश। दो दिन (16 और 17 जनवरी) तक चले छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नक्सली ऑपरेशन में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। इस ऑपरेशन के दौरान जवानों की ओर से बनाया गया एक वीडियो सामने आया है, जो इस नक्सल अभियान की सच्चाई और नक्सलियों के नापाक मंसूबों को उजागर करता है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में पहली बार फिलिस्तीन के हमास आतंकियों की तरह सुरंग में हथियारों की फैक्ट्री मिली है।

बताया जाता है कि इस बारुदी सुरंग को दो करोड़ के इनामी नक्सली माड़वी हिड़मा ने बनवाया था। नक्सलियों ने हमास आतंकवादियों की तरह छुपने के लिये सुरंगों में ठिकाना बनाया हुआ था। बड़ी लेथ मशीनों के जरिये नक्सली बंदूकें, देसी रॉकेट और राकेट लॉन्चर बना रहे थे। सुरंगों में हथियार बनाने की फैक्टरी लगा रखी थी। नक्सलियों की इसी सुरंग में देसी रॉकेट और रॉकेट लांचर बनाये जाते थे। दूसरी ओर दुर्दांत ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

हिड़मा के बटालियन पीएलजीए की कमर टूटी

ऐसे में माना जा रहा है कि खूंखार नक्सली हिड़मा के बटालियन पीएलजीए की पूरी तरह से कमर टूट चुकी है। इस बड़े नक्सल ऑपरेशन में तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229वीं बटालियन के जवान शामिल थे।

नई पुनर्वास नीति : 10 लाख के इनामी नक्सली दंपति ने किया सरेंडर

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की 'नई नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति और जिले में चलाये जा रहे नक्सल अभियान के कारण नक्सलियों के हिंसक और शोषणकारी विचारधारा से तंग आकर कई माओवादी विकासशील समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले रहे हैं। बस्तर क्षेत्र के साथ साथ कबीरधाम जिले में इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है. आज इसी पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 10 लाख ईनामी नक्सली दंपत्ति रमेश और रोशनी ने भी आत्मसमर्पण कर दिया है, जो कुख्यात नक्सली कमांडर हिडमा के गांव पूवर्ती निवासी हैं. दोनों पर 5-5 लाख रुपए का ईनाम रखा गया था। जानकारी के मुताबिक, रमेश उर्फ मेस्सा बोड़ला एरिया कमेटी विस्तार प्लाटून नंबर 3 का डिप्टी कमांडर था।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गृह मंत्री से की मुलाकात

■ छत्तीसगढ़ के विकास पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली प्रवास के दौरान आज छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते हुए अमित शाह जी को 'माडिया मदिन युगल नृत्य0 की प्रतिमा भेंट की।

इस मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इनमें राज्य के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री जी को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य में किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की जानकारी भी दी।

4.87 करोड़ की गड़बड़ी में पहली बार तगड़ा एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश । जिला सहकारी बैंक की 16 समितियों में 4 करोड़ 87 लाख 11 हजार से अधिक की गड़बड़ी मामले में 4 समिति प्रबंधक, 3 पर्यवेक्षक सहित 9 को कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी मामलों की जांच और सुनवाई के बाद बैंक के स्टॉफ उपसमिति की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की गई है। इन अधिकारियों पर आर्थिक अनियमितिता के मामले में एफआईआर दर्ज कराने और राशि की वसूली के लिए न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराने की भी अनुशंसा की गई है। वहीं लंबी अवधि तक बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहने वाले 2 भृत्यों को भी सेवा मुक्त कर दिया गया है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार आर्थिक अनियमितता के ये मामले वर्ष 2016 से वर्ष 2023 के बीच के हैं। इन गड़बड़ियों को अलग अलग तरह से अंजाम दिया गया है. गड़बड़ी का ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

इन पर हुई कार्रवाई, इतनी राशि वसूली योग्य

शेष नारायण टोंड्रे समिति प्रबंधक नवागढ़, हटहाडाडू और अंधियारखोर समिति में पदस्थ रहने के दौरान की गड़बड़ी. 1 करोड़ 77 लाख 47 हजार 278 रुपए वसूली योग्य. श्याम सुंदर कश्यप समिति प्रबंधक मारो के समिति मारो और गुंजेरा में 92 लाख 90 हजार 903 रुपए की आर्थिक अनियमितता. रामजी खांडे शाखा प्रबंधक नवागढ़, बालसमुंद से सबद्ध समिति संबलपुर में पदस्थ रहने के दौरान 9 लाख 92 हजार 961 रुपए की गड़बड़ी. डेरहाराम जोशी समिति प्रबंधक नवागढ़ से संबद्ध समिति रनबोड़ और प्रतापपुर में गड़बड़ी, वसूली योग्य राशि 25 लाख रुपए. हीराधर मैत्री पर्यवेक्षक देवकर, शाखा थानखम्हरिया के खैरझिटी में आर्थिक अनियमितता, वसूली योग्य राशि 87 लाख 63 हजार 843 रुपए. दीनबंधु पटेल पर्यवेक्षक, साजा और थानखम्हरिया से संबद्ध समिति साजा और हाटरांका में पदस्थी के दौरान आर्थिक अनियमितता, वसूली योग्य राशि 48 लाख 71 हजार 22 रुपए.

श्रीनगर : तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में रात के न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। यहां शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

सैफ अली खान का संदिग्ध हमलावर पकड़ाया

■ सीएम साय बोले- संदेही को मुंबई पुलिस को सौंपा जाएगा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला किया गया है, जिसके बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, दुर्ग आरपीएफ ने इस मामले में मुंबई से हावड़ा जा रही ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस सुपर फास्ट से जा रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया है, जिसका छत्तीसगढ़ से कनेक्शन बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्ग आरपीएफ ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जिसे लेने के लिए जल्द ही मुंबई पुलिस दुर्ग आएगी। मामले को लेकर आरपीएफ आईजी मुन्नवर खुर्शीद ने बातचीत में बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी का नाम आकाश कन्नौजिया है, जो कि मुंबई के कोलावा का रहने वाला है। ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विष्णु का सुशासन

सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना : साय

पुलिस व अन्य सरकारी भर्तियों में 5 वर्ष की छूट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान कर इस दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम उठाया है। यह निर्णय समाज के उन वर्गों को राहत पहुंचा रहा है, जो उम्र सीमा के कारण रोजगार के अवसरों से वंचित रह गए थे। विष्णु देव साय सरकार ने राज्य की जनता का दर्द और उनकी जरूरतों को समझा है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना और रोजगार के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को कम करना ही होता है।

कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करना : आयु सीमा में छूट का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करना है। यह कदम आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को सरकारी सेवाओं में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। पुलिस विभाग में नौकरी के लिए शारीरिक और मानसिक फिटनेस की आवश्यकता होती है। आयु सीमा में छूट का मतलब है कि अब ज्यादा संख्या में योग्य उम्मीदवार, जो आयु सीमा के कारण आवेदन नहीं कर पा रहे थे, पुलिस बल में शामिल हो सकेंगे। ऐसे ही वे महिलाएं जो घरेलू जिम्मेदारियों या अन्य सामाजिक

कारणों से सरकारी नौकरी के लिए समय पर आवेदन नहीं कर पाई थी उनके लिए भी आयु सीमा में छूट आशा की एक नई किरण लेकर आई है, अब वे भी अपनी क्षमता दिखा सकेंगी। आयु सीमा में छूट से अब ज्यादा ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

आयु सीमा के कारण भर्तियों से न हो वंचित

प्रदेश में बेरोजगारी लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है ऐसी दशा में जो उम्मीदवार केवल आयु सीमा के कारण सरकारी भर्तियों से वंचित रह जाता है। उनके दुःख को राज्य के मुखिया ने बहुत नजदीक से समझा है। यह छूट विशेष रूप से उन युवाओं के लिए राहत प्रदान करती है, जो थोड़े अधिक उम्र के हो गए हैं। मगर उनके पास नौकरी के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता है। हाल के वर्षों में कोविड-19 महामारी और अन्य आर्थिक समस्याओं से रोजगार के अवसर काफ़ी सीमित हो गए थे। महामारी के दौरान भर्तियां ना के बराबर हो गईं थी, इसी दरमियान ये भी हुआ कि कई योग्य उम्मीदवार शासकीय सेवा के लिए निर्धारित आयु सीमा को पार कर गए थे। मिले हुए 05 वर्ष की इस छूट ने प्रभावित युवाओं को दूसरा मौका देकर उम्मीदों से भर दिया है। इस छूट का लाभ उठाने वाले राज्य के युवा वर्ग राज्य के मुखिया को आभार प्रकट करता नहीं थक रहा।

उत्तराखंड नहीं, यूपी की मऊरानीपुर रहने वाली हैं हर्षा रिछारिया....

झांसी (ए.)। हाल ही में सोशल मीडिया पर ट्रोल होने वालीं हर्षा रिछारिया मूल रूप से झांसी जिले के मऊरानीपुर कस्बे की रहने वाली हैं। भगवा कपड़ों में अखाड़ों के साथ स्नान करने के बाद से उन्हें लेकर कुंभ नगरी में विवाद छिड़ गया था। इसके चलते उन्होंने कुंभ नगरी छोड़ने तक का मन बना लिया था। हर्षा मूल रूप से यू-ट्यूबर हैं। उनका जन्म झांसी के मऊरानीपुर में हुआ। बाद में उनका परिवार भोपाल चला गया। हर्षा अब उत्तराखंड में रहती हैं। हर्षा ने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से गुरु दीक्षा ली थी। मकर संक्रांति पर्व पर अखाड़ों के अमृत स्नान के दौरान हर्षा ने भगवा वस्त्र पहनकर गंगा में डुबकी लगाई। इसके बाद से महाकुंभनगरी में विवाद छिड़ गया। ज्योतिष पीठ पीठाधीश्वर एवं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद ने इसकी निंदा करते हुए इसे सनातन धर्म का अपमान बताया। उनके साथ ही शांभवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप ने भी मोर्चा खोल दिया।

संतों के विरोध पर मामले ने पकड़ा था तूल

उन्होंने मॉडल हर्षा के भगवा वस्त्र पहनकर स्नान करने को त्याग की परंपरा को भोग की परंपरा में तब्दील होना ठहराया। संतों के विरोध की वजह से सोशल मीडिया पर भी मामले ने तूल पकड़ लिया। बृहस्पतिवार रात इन बातों पर दुख जताते हुए हर्षा ने कुंभ नगरी को छोड़ने का एलान कर दिया था।

प्रथम अमृत स्नान में निरंजनी अखाड़े के आचार्य रथ पर हर्षा के साध्वी वेश में शाही सवारी करने का शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप की ओर से विरोध किए जाने के बाद दो दिन पहले रो-रोकर महाकुंभ से वापस

जाने का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। साध्वी वेश में माथे पर त्रिपुंड और भगवा वस्त्र धारण कर महाकुंभ में शुक्रवार को मॉडल हर्षा रिछारिया गंगेश्वर पांटून पुल से आगे सेक्टर 11-12 के बीच सफेद रंग की कार पर सवार होकर निकलीं। सेक्टर 12 के पास उन्होंने गंगा दर्शन भी किया। तिलक लगाकर वह कार में मोबाइल पर चैटिंग करती रहीं।

बहिष्कार करने की उठाई आवाज

इसी दौरान छायाकारों ने उन्हें कैमरे में कैद कर लिया। हर्षा की महाकुंभ में मौजूदगी की जानकारी मिलने पर शांभवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप ने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद को महाकुंभ से बाहर कर उनका बहिष्कार करने की संत समाज के बीच आवाज उठाई। शांभवी पीठाधीश्वर ने आरोप लगाया कि कैलाशानंद को सनातन की संत संस्कृति और निरंजनी अखाड़े की परंपरा का ज्ञान नहीं है। मॉडल को भगवा वस्त्र में शाही सवारी कराकर उन्होंने परंपरा को धूमिल किया है। शांभवी पीठाधीश्वर ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने अखाड़ा परिषद और निरंजनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी से मुलाकात कर स्वामी कैलाशानंद को आचार्य महामंडलेश्वर पद से हटाने और अखाड़े से बाहर करने का आग्रह किया है।

मां ने कहा- नहीं लेने दूंगी संन्यास

शांभवी पीठाधीश्वर ने बताया कि हर्षा की मां किरन रिछारिया ने उन्हें सुबह फोन पर बताया कि अगले महीने उनकी पुत्री की शादी होने वाली है। अपने जीते जी वह उसे कभी संन्यास नहीं लेने दे सकतीं। स्वामी आनंद स्वरूप का कहना है कि जिस मॉडल की महीने भर बाद ही शादी होने वाली हो उसे संन्यासिनी बनाकर महाकुंभ में प्रचारित करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती।

जो महिला अभी यह भी नहीं तय कर पाई है कि उसे संन्यास की दीक्षा लेनी है या शादी करनी है, तो उसे संत-महात्माओं के शाही रथ पर जगह दिया जाना उचित नहीं है। श्रद्धालु के तौर पर शामिल होती तब भी ठीक था, लेकिन भगवा कपड़े में शाही रथ पर बिठाना पूरी तरह गलत है।

स्वामी कैलाशानंद गिरि ने पूरे विवाद को ठहराया गैरजरूरी

उधर, आचार्य महमंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने इस पूरे विवाद को गैरजरूरी ठहराया। उनका कहना है कि जिस तरह से उनके अन्य अनुयायियों ने स्नान किया, उसी तरह से हर्षा ने भी स्नान किया था। उसे साध्वी की कोई दीक्षा नहीं दी गई है।

साध्वी संगम की रेती पर घूमती नजर आईं हर्षा

उधर, भगवा चोला ओढ़कर संन्यासिनी बनने का ढोंग फैलाने के आरोपों के बाद निरंजनी अखाड़े के आचार्य शिविर से आंखों में आंसू लेकर लौटने का दावा करने वाली मॉडल हर्षा रिछारिया शुक्रवार को महाकुंभ मेले में घूमती नजर आईं। वह सेक्टर 11 के पास तस्वीरों में कैद कर ली गईं। सेक्टर 11 हर्षा के गुरु निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर के सामने है। रो-रोकर महाकुंभ से जाने का वीडियो हुआ था वायरल।

■ ▌**न्यूज गैलरी**

केजरीवाल की जेल यात्रा पर डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल जुड़ी डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकबल की स्क्रीनिंग पर रोक लगाने का दावा किया है। यह डॉक्यूमेंट्री उस समय पर आधारित है, जब अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन जेल में बंद थे। यह डॉक्यूमेंट्री इन नेताओं की जेल यात्रा पर बनाई गई है। दिल्ली पुलिस द्वारा रोक लगाने पर आप नेताओं का कहने है कि पुलिस ने भाजपा के कहने पर डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई है। आज 11.30 बजे प्यारे लाल भवन (आईटीओ) में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग होनी थी। वहीं, डॉक्यूमेंट्री दिखाए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस का कहना है कि इस आयोजन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए यह दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होगा। हम सभी दलों से इस समय चुनाव नियमों और विनियमों का पालन करने का आग्रह करते हैं। चूंकि चुनाव घोषित हो चुके हैं, इसलिए राजनीतिक दलों को डीईओ कार्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अनुमति के लिए आवेदन करना होगा। चुनाव के दौरान यह एक मानक प्रक्रिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आम आदमी पार्टी पर एक फिल्म बनी है। आज जहां इस फिल्म को पत्रकारों को दिखाया जाना था, वहां देखिए, कितनी भारी संख्या में पुलिस लगाकर भाजपा ने इस फिल्म को दिखाने से रोक दिया। भाजपा इस फिल्म से बुरी तरह से डरी हुई है। आखिर क्यों? भाजपा इस फिल्म को क्यों रोकना चाहती है? इस फिल्म में आखिर ऐसा क्या है जिससे भाजपा डरी हुई है? ये फिल्म पर्दे के पीछे के उन सब रहस्यों को उजागर करती है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला

आरजी कर मामले में न्यायालय ने संजय रॉय को दोषी करार दिया, सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

कोलकाता(ए.)। सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट ने आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में फैसला सुनाया। इस मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दे दिया। फैसला दोपहर के 2.30 बजे कोर्टरूम 210 में सुनाया गया। आरोपी संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि उसे सोमवार को अदालत में बोलने का मौका दिया जाएगा। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दुष्कर्म और हत्या का दोषी पाया गया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत में 11 नवंबर को मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने

पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। आज मामले की सुनवाई के लिए प्रदर्शनकारी अदालत परिसर के बाहर जमा हुए। सियालदह अदालत परिसर में सुरक्षा कड़ी की गई। कोलकाता पुलिस ने प्रवेश को नियंत्रित करने और सभी उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई बैरिकेड्स भी लगाए गए। जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम अदालत का दरवाजा खटखटाते रहेंगे। हम देश के लोगों से भी समर्थन मागेंगे। उन्होंने आगे कहा, जो भी उचित सजा होगी वह अदालत तय करेगी। सीबीआई पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, इस मामले में सीबीआई ने कुछ नहीं किया। यहां संतुष्टि का कोई सवाल ही नहीं है। हमने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई सवाल उठाए। हमने कोर्ट से इसका जवाब मांगा है। हमने सीबीआई से जवाब नहीं मांगा, लेकिन कोर्ट ने सारी जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी।

एक वरिष्ठ वकील ने कहा, यह सिर्फ एक मामला नहीं है, यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक स्थानीय निवासी ने पूछा, ÷क्या उसे (आरोपी) अधिकतम सजा मिलेगी?

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया।

पीड़िता के पिता ने सीएम पर साधा निशाना

अदालत के फैसले से पहले पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने खुद कहा था कि वह रात के दो बजे तक जागकर मॉनिटर कर रही थीं। मैं जानना चाहता हूं कि उनका इसमें क्या हित था। सिर्फ मुख्य आरोपी ही नहीं, सभी दोषी सामने आएंगे। इससे पहले पीड़िता डॉक्टर के पिता ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा, आरोपियों को सजा मिलने पर हमें कुछ राहत मिलेगी।

राहुल गांधी ने बिहार की जातिगत जनगणना को बताया फर्जी

संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बीजेपी-आरएसएस पर लगाए आरोप

पटना(ए.)। पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस सांसद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50प्रतिशत आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, इस किताब में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए, आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है।

राहुल गांधी ने, जब उन्हें पता चला कि पिछड़े समुदाय, दलितों के लोग प्रतिनिधित्व ले रहे हैं, तो उन्होंने आपको प्रतिनिधित्व दिया लेकिन सत्ता छीन ली। सत्ता अंबानी, अडानी और आरएसएस को दे दी गई है। उन्होंने अपने लोगों को हर संगठन में रखा है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला राहुल गांधी ने आगे कहा, हम चाहते थे कि जैसे गंगा का पानी हर जगह बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्था तक पहुंचे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली थी। अगर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, तो वह भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं।

आप का बड़ा आरोप, प्रवेश वर्मा ने करवाया केजरीवाल पर हमला

नई दिल्ली। नई दिल्ली आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार के वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया है।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार के वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया है। प्रवेश वर्मा केजरीवाल को घायल कर उन्हें प्रचार करने से रोकना चाहते हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें।

वहीं हमले के आरोप में प्रवेश

आप ने जारी किया वीडियो

वर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने हमारे कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ा दी। इसमें मेरे एक कार्यकर्ता का पैर टूट गया है।

आप ने ट्वीटर पर इसका वीडियो जारी कर लिखा, हार के डर से बौखलाई बीजेपी, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला। बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराने हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं है, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

हमले के इनपुट दे चुकी है खुफिया विभाग

बता दें कि खुफिया विभाग ने पहले ही इस तरह के इनपुट पुलिस को दिए हैं कि दिल्ली में बड़ी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं पर हमला व जानलेवा हमला हो सकता है। ये हमला आतंकी भी हो सकता है, जिन नेताओं पर हमला होने के इनपुट मिले हैं उनमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आप के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 12 से राजनेता शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच को दिल्ली पुलिस का खुफिया विभाग कहा जाता है।

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज

सीतापुर(ए.)। सीतापुर कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि सांसद राकेश राठौर पिछले 4 वर्षों से शादी का झांसा व राजनैतिक कैरियर की सहायता देने के आश्वासन के नाम पर पीड़िता का यौन शोषण कर रहा था।

पाकिस्तानी महिला शुमायला की जल्द हो सकती है गिरफ्तारी

बरेली (ए.)। बरेली में फर्जी दस्तावेजों के सहारे प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका की नौकरी हासिल कर लेने वाली पाकिस्तानी महिला शुमायला खान को बर्खास्त करने के साथ ही फतेहगंज पश्चिमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि उसने फर्जी निवास प्रमाणपत्र लगाकर नागरिकता छिपाई और सहायक अध्यापक पद पर नौकरी भी पा ली। जांच में प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर तीन अक्तूबर 2024 को उसे निलंबित कर दिया गया था। वह 2015 से प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब जल्द ही उसकी गिरफ्तारी भी हो सकती है।

मां भी हो चुकी है बर्खास्त

फर्जीवाड़ा कर शिक्षिका बनी शुमायला और उनकी मां माहिरा लॉन्ग टर्म वीजा पर रामपुर में रह रही हैं। रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पाकिस्तानी शिक्षिका शुमायला के विरुद्ध बरेली के फतेहगंज थाने में एफआईआर दर्ज है। इस मामले में बरेली पुलिस विवेचना करेगी। इसकी मां का भी एक मामला पहले सामने आया था जिसमें वह शिक्षिका पद से बर्खास्त हुई थी।

रामपुर के बजोड़ी टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर-20 निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर रिपोर्ट फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भानु शंकर गंगवार ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उसकी नागरिकता को लेकर शिकायत आई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में विभाग ने उसके प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया था। तहसीलदार सदर रामपुर की जांच में साफ हुआ था कि शुमायला का निवास प्रमाणपत्र फर्जी है। वास्तव में वह पाकिस्तानी नागरिक है।

हुक्का बार में 3 नाबालिग से गैंगरेप, ख्वाब चुटकियों में हाईफाई जिंदगी का, फिर सब खत्म

गोरखपुर(ए.)। गोरखपुर के शाहपुर के गीता वाटिका स्थित जेनिस बॉटल हुक्का बार में तीन नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद मामले की जांच में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, हुक्का बार के उद्घाटन के बाद से ही उसमें देह व्यापार का खेल शुरू हो गया था। धंधेबाज के इशारे पर रेशमा खान नाम की युवती बिहार, नेपाल और आसपास के जिलों से यहां पढ़ने आने वाली किशोरियों को चुटकियों में हाईफाई

जिंदगी का ख्वाब दिखाकर जाल में फंसाती थी। बाकी का काम सरगना खुद करता था। नशे की हैवी डोज देकर किशोरियों के साथ गलत काम किया जाता। फिर वीडियो, फोटो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करके देह व्यापार में धकेल दिया जाता था। जो बर्दाश्त कर जातीं वे धंधे में शामिल हो जातीं, वरना सबकुछ खत्म। ऐसी गंदी कमाई से हुक्काबार संचालक अनिरुद्ध ओझा कम ही दिनों में करोड़पति बन गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी अनिरुद्ध ओझा के मोबाइल की जांच की तो 50 से अधिक लड़कियों के नंबर मिले। अनिरुद्ध के व्हाट्सएप से कई लोगों को लड़कियों के फोटो भेजे गए थे। सूत्रों की माने तो अनिरुद्ध शहर के कई सफेदपोश और कारोबारियों के संपर्क में था। वह उन्हें लड़कियों की सप्लाई करता था। इसके पहले व्हाट्सएप पर लड़कियों के फोटो भेजकर पसंद कराता था। पसंद आने पर वे 15 से 20 हजार रुपये देकर लड़कियों को लखनऊ, नेपाल टूर पर साथ ले जाते थे। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य आरोपी अनिरुद्ध ओझा के पास एक कार है। इस कार का इस्तेमाल देह व्यापार में फंसी लड़कियों को इधर-उधर भेजने में किया जाता था।

समझौता... **नेतन्याहू ने कहा अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं, जिसके लिए उन्होंने हमास को जिम्मेदार ठहराया**

गाजा संघर्ष विराम को इस्राइल की मंजूरी, 15 महीने से चल रहा युद्ध खात्मे की ओर

हमास जल्द बंधकों को करेगा रिहा

यरूशलेम(ए.)। गाजा में पिछले 15 महीनों से चल रहा हमास और इस्राइल के बीच का युद्ध लगभग खत्म हो गया है। इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा में युद्ध विराम के समझौते को मंजूरी दे दी। इसके बाद वहां बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही हमास के साथ 15 महीने से चल रहा युद्ध रुक जाएगा। यह संघर्ष विराम तीन

चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। बदले में इस्राइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस्राइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। इस्राइल के न्याय मंत्रालय ने रविवार से रिहा किए जाने वाले 95 फिलिस्तीनियों की सूची जारी की है। हमास के साथ लड़ाई रोकने का समझौता रविवार को लागू होगा।

समझौते में मध्यस्थ करने वाले कतर और अमेरिका ने बुधवार को युद्ध विराम की घोषणा की थी, लेकिन यह समझौता एक दिन से अधिक समय तक अधर में लटका रहा, क्योंकि नेतन्याहू ने कहा था कि अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं, जिसके लिए उन्होंने हमास को जिम्मेदार ठहराया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते का कुछ कट्टरपंथी नेताओं ने विरोध किया था। लेकिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के 24 मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में मतदान किया, जबकि आठ ने इसका विरोध किया है। इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा था कि गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने संबंधी समझौते को लेकर सहमति बन गई है। इस घोषणा से पहले नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि गाजा में युद्ध विराम और फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले बंधकों को मुक्त करने के लिए वार्ता में अंतिम समय में रुकावटें आईं। मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी 'सब्बाथ' की शुरुआत के बाद हुई, जो इस मौके की अहमियत को दर्शाता है। यहूदी कानून के अनुसार, इजराइली सरकार आमतौर पर जीवन या मृत्यु के आपातकालीन मामलों को छोड़कर सब्बाथ में सभी काम रोक देती है। सब्बाथ का अर्थ होता है सप्ताह का सातवां दिन, जो शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक यहूदियों और कुछ ईसाइयों द्वारा विश्राम और पूजा के दिन के रूप में मनाया जाता है। इस्राइल के छह अस्पतालों को बंधकों को रखने के लिहाज से तैयार किया गया है।

बेमिसाल :धड़कते दिल को लेकर दौड़ी हैदराबाद मेट्रो

हैदराबाद(ए।)। हैदराबाद मेट्रो ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेट्रो न सिर्फ यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रही, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम योगदान निभा रही है। हैदराबाद मेट्रो ने 13 किलोमीटर की दूरी को सिर्फ 13 मिनट में पूरा किया और हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए दिल पहुंचाया। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है।

13 मिनट, 13 स्टेशन और 13 किलोमीटर....

हैदराबाद की मेट्रो ने हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा प्रदान की। इस कॉरिडोर ने एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल से लकड़ी के पुल इलाके के ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक हृदय (हार्ट) को पहुंचाया। मेट्रो ने 13 स्टेशनों से गुजरते हुए 13 किलोमीटर की दूरी 13 मिनट में तय की, जिससे इस जीवन रक्षक मिशन में महत्वपूर्ण समय की बचत हुई।

यह ग्रीन कॉरीडोर 17 जनवरी को रात साढ़े नौ बजे बनाया गया था। कामिनेनी अस्पताल की टीम ने मेडिकल बॉक्स में डोनर हार्ट रखा और उसे मेट्रो के जरिए ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक पहुंचाय।

उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आने से बदला मौसम

जिले में फिर पड़ेगी कड़ाके की ठंड, तीन दिनों में गिरेगा तापमान, कोहरा का अलर्ट जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। *उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आने के कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है और न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट आ सकती है।*

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने वाला है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी होने वाली है। बीते दिनों बादल छाए रहने की वजह से ठंड कम हो गई थी, बादल छटने से एक बार फिर अच्छी ठंड पड़ने वाली है। वहीं सरगुजा संभाग में कोहरा का अलर्ट जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अब छत्तीसगढ़ में मौसम साफ हो गया है। तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है। इससे प्रदेश में एक बार फिर ठंड का असर लोगों को देखने को मिलेगा। उत्तरी भागों के जिलों और आउटर इलाकों में ठिठुरन का भी अहसास होने लगेगा। प्रदेश में सबसे ठंड

इलाका नारायणपुर रहा है। यहां न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में आज शनिवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके साथ ही यहां रात का पारा 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात में ठंड कम महसूस हुई। जबकि, अधिकतम टेम्प्रेचर में गिरावट होने के कारण दिन में ठंड का अहसास हुआ। मौसम साफ होने की वजह से आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज होने के साथ ही ठंड बढ़ने की संभावना है। शनिवार को जहां न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, दिन का तापमान 27.8 डिग्री रहा जो कि सामान्य से कम रहा। इसी वजह से दिन के समय हल्की ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार को रात का तापमान 17.2 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से अधिक रहा। इस वजह से रात में ठंड कम हो गई। जबकि, दोपहर में तापमान सामान्य से कम रहा। यह 26.4 डिग्री रिकार्ड किया गया, जिससे दिन में ठंड का अहसास हुआ।

तापमान में गिरावट संभव

मौसम विभाग के मुताबिक, एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान के ऊपर 3.1 किमी से 4.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं चक्रवात हरियाणा के ऊपर है। इसके असर से रविवार को मौसम मौसम शुष्क रहेगा। जिसके प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने की संभावना है। आने वाले दो-तीन दिन में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के बाद मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। पिछले दो-तीन दिनों से तापमान में बदलाव का दौर भी चल रहा है। दो दिन पहले रात का तापमान तीन डिग्री लुढ़क गया। वहीं अब दो दिन से रात का तापमान बढ़ने लगा है। वहीं दिन के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

हवा की दिशा परिवर्तन से बढ़ेगी ठंड

मौसम वेधशाला वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में भी हवा की दिशा में परिवर्तन होने की संभावना है। इसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। बिलासपुर सहित प्रदेश में मौसम शुष्क रह सकता है।

न्यूज गैलरी

अयानवीर के शतक की बदौलत डीपीएस की टीम ने जीता मैच

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा आयोजित एडी एण्ड वीडी अवती मेमोरियल अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल कोनी के क्रिकेट मैदान में खेला जा रहा है। जिसका पहला और प्रतियोगिता का पांचवा और छठवा मैच खेला गया। आज का पहला मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें डीपीएस स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में बिना विकेट खोए 215 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें कप्तान अयानवीर भाटिया ने शानदार बालेबाजी करते प्रतियोगिता का पहला शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने और साथ ही पहला ऐसा पारी जिसमे एक भी विकेट नही गिरे और 215 रनों की शानदार और नाबाद साझेदारी हुई और अयानवीर भाटिया ने 71 गेंदों में 3 छक्के और 15 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए।

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

स्कूल में जहर खाने से 7वीं कक्षा की छात्रा की अस्पताल में मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। *सिरगिट्टी थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल की 7वीं कक्षा की छात्रा नयन बंजारा ने कथित तौर पर जहर खा लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों और स्कूल प्रशासन ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।*

सूत्रों के अनुसार नयन बंजारा स्कूल में मौजूद थी जब उसने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन किया। घटना के तुरंत बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, और स्कूल स्टाफ ने स्थिति को गंभीर समझते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छात्रा ने जहर क्यों खाया। पुलिस छात्रा के दोस्तों, शिक्षकों और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि इस दुखद घटना के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके। इस घटना से छात्रा के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नयन एक होनहार छात्रा थी और परिवार की उम्मीदों का केंद्र थी। इस घटना से स्कूल के साथी छात्र भी सदमे में हैं। सिरगिट्टी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। छात्रा के स्कूल और घर में हुए किसी भी तनाव या दबाव की जांच की जा रही है।

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का रखें ध्यान

इस तरह की घटनाएं समाज के लिए एक चेतावनी हैं कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी भावनात्मक स्थिति पर ध्यान दिया जाए। शिक्षकों और अभिभावकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे अपने विचारों और समस्याओं को खुलकर साझा कर सकें। नयन बंजारा की इस दुखद मृत्यु ने पूरे बिलासपुर में शोक की लहर फैला दी है। पुलिस की जांच से घटना के कारणों का पता चलने की उम्मीद है। इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना और संवेदनशील माहौल बनाना जरूरी है।

बाइक सवार 4 आरोपियों ने युवक से की लूटपाट

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपहरी ओवरब्रिज के पास गुरुवार की देर रात 9.30 बजे 2 बाइक सवार 4 आरोपियों ने अपने घर लौट रहे बाइक सवार प्लम्बर से चाकू की नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है, जिन्होंने चकरभाठा ग्राम कड़ार निवासी प्रार्थी चंद्रप्रकाश चौहान से मोबाइल, पर्स और नगदी 1200 रुपए की लूट की है। मामले में प्रार्थी ने बताया कि वह गुरुवार को जयरामनगर से लौट रहा था तभी रात 9.30 बजे के करीब सिलपहरी ओवरब्रिज के नीचे तालाब के पास 2 बाइक सवार 4 आरोपी उसके बाइक के सामने आकर रुके और गाली-गलौच करने लगे, जिन्होंने चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल, पर्स और नगदी 1200 रुपए को लूट कर फरार हो गए, जिसके बाद प्रार्थी ने मामले की शिकायत दूसरे दिन सिरगिट्टी थाने पहुँचकर दर्ज कराई है,पुलिस ने अज्ञात 04 व्यक्ति के खिलाफ धारा 309(4)- बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सहायक शिक्षकों को एचएम के पद में पदस्थ करने के आदेश पर रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग में शासन के नियमों का उल्लंघन कर बिना कार्उंसिल सहायक शिक्षकों को पदस्थापना देने के मामले में सुनवाई हुई है। प्राइमरी स्कूलों में पदस्थ सहायक शिक्षकों को हेडमास्टर के पद पर प्रमोशन के बाद काउंसिलिंग के जरिए पोस्टिंग देने के आदेश हैं, लेकिन बिलासपुर के डीईओ ने कुछ सहायक शिक्षकों को काउंसिलिंग के बगैर पदस्थापना दे दी। इसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई है। हाई कोर्ट ने 27 दिसंबर 2024 को जारी पोस्टिंग आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। दरअसल याचिकाकर्ता हलधर प्रसाद साहू ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। याचिकाकर्ताओं के वकील अश्वनी शुक्ला ने कोर्ट में बताया कि प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों को हेडमास्टर के पद पर पदोन्नति के बाद काउंसिलिंग के जरिए पदस्थापना के आदेश हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं को काउंसिलिंग के बिना ही कोटा और मस्तूरी में पोस्टिंग दे दी गई। जबकि राज्य सरकार द्वारा 7 फरवरी 2022 को जारी सर्कुलर के अनुसार पद खाली होने पर पदोन्नत शिक्षकों को उस स्कूल में ही पदस्थापना दी जानी है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। याचिकाकर्ताओं के स्कूल में पद रिक्त हैं, लेकिन उसकी दूसरी जगह पोस्टिंग कर दी गई है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी किया है। साथ ही 27 दिसंबर 2024 को जारी आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट पहुंचा पंचायती राज अधिनियम में संशोधन का मामला, सुनवाई जल्द

ओबीसी वर्ग को आरक्षण प्रदान करने वाली छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129(ड.) की उपधारा (03) को विलोपित कर दिया है. इसके साथ सरकार पिछले साल 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश –2024 ला चुकी है। नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण मामले में रायपुर और बीरगांव में आरक्षण को चुनौती देने वाली दो याचिकाएं वापस ले ली गई हैं तो उधर सूरजपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के पंचायती राज अधिनियम में संशोधन को चुनौती दी है।

वार्ड नंबर 42 में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द में आज़ाद युवा संगठन की बैठक रखी गई। बैठक में सभी युवा साथियों द्वारा कहा गया की 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्ड की मूलभूत सुविधाएं बरकरार है आज भी सड़क, बिजली पोल, स्ट्रीट लाइट, पानी, समुदायिक भवन, सुलभ शौचालय आदि समस्या बनी हुई हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए आगामी चुनाव में योग्य, सरल, मिलनसार एवं जन हितैषी व्यक्ति का चयन करने की बाते कही गई।

निगम चुनाव आरक्षण को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण मामले में सरकार को बड़ी जीत मिली है। आरक्षण को चुनौती देने वाली दो याचिकाएं वापस ले ली गईं हैं। ध्यान रहे कि रायपुर और बीरगांव नगर निगम के आरक्षण पर हाईकोर्ट में आपत्ति लगाई गई थी। सुनवाई के दौरान के पक्ष से स्वयं याचिका वापस ले ली गई। कोर्ट ने फाइनल गजट प्रकाशन को सही माना है। इसी तरह एक और मामले में सूरजपुर के जिला पंचायत के उपाध्यक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के पंचायती राज अधिनियम में संशोधन को चुनौती दी है। इसमें कहा गया है कि सरकार ने अध्यादेश लाकर चूक की है, जो औचित्यहीन और शून्य हो गया है। हालांकि, अभी याचिका पर सुनवाई तय

नहीं हुई है। याचिका में कहा गया था कि यह अध्यादेश जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ विधान सभा के 16 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक के सत्र में इस महत्वपूर्ण अध्यादेश को पारित नहीं कराया गया है। केवल इसे विधान सभा के पटल पर रखा गया है, जिसके कारण यह अध्यादेश वर्तमान में विधि-शून्य और औचित्यहीन हो गया है। ऐसी स्थिति में वर्तमान में संशोधन के आधार छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम (5) में 24 दिसंबर 2024 को किया गया संशोधन पूर्णतः अवैधानिक हो गया है। याचिका में इसे चुनौती देते हुए अध्यादेश को निरस्त करने की मांग की गई। इसके साथ ही सूरजपुर ज़िला पंचायत के उपाध्यक्ष नरेश रजवाड़े ने अपने एडवोकेट शक्ति राज सिन्हा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया कि राज्य शासन ने ओबीसी आरक्षण को कई जिलों में शून्य कर दिया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार ने पांचवी अनुसूची में शामिल जिलों में ओबीसी वर्ग को आरक्षण प्रदान करने वाली छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129(ड.) की उपधारा (03) को विलोपित कर दिया है।

धारदार चाकू के साथ 1 आरोपी व 2 नाबालिग गिरफ्तार

सोशल मीडिया में धारदार चाकू के साथ किया था फोटो अपलोड

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा बिलासपुर जिले मे ''ऑपरेशन प्रहार'' अभियान के तहत् शहर मे हो रही चाकू बाजी की घटनाओ को रोकने हेतु लगातार निर्देश दिया गया था परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी सिरगिट्टी निरीक्षक रजनीश सिंह द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही थी की मुखबिर से सूचना मिला



एक से व्यक्ति एवं एक अपचारी बालक रेल्वे अंडर ब्रिज मन्नाडोल जाने के रास्ते मे हाथ मे धारदार चाकू मिला तथा आने जाने वाले लोगो को डरा रहा था तत्काल कार्यवाही कर आरोपी लक्की उर्फ छोटे लाल चौहान पिता कैलाश चौहान उम्र 19 साल निवासी सिरगिटटी आवासपारा भरत किराना स्टोर के पास सिरगिटटी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। आगे भी अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही जारी रहेगी।

बहेरामुड़ा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आज

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के प्रयास से ग्राम बहेरामुड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन उन्नीस जनवरी को किया गया है ।विधायक ने समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध है किया है कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंच कर स्वास्थ सुविधा का लाभ उठाए।कोटा के सुदूर एवं वनांचल क्षेत्रवासियों को इलाज एवं जांच हेतु रोटरी क्लब के तत्वाधान एवं सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के सहयोग से ग्राम बहेरामुडा में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन 19 जनवरी को सुबह 09.00 से 3.00 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में बिलासपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों का सम्पूर्ण जांच एवं इलाज निःशुल्क करेंगे। शिविर में छाती रोग हृदय रोग किडनी हड्डी स्किन दांत एवं मुख शिशु एवं स्त्री रोग आंख नाक कान गला जनरल सर्जन जनरल फिजिशियन सहित विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। ई सी जी खून जांच ब्लडप्रेशर पेशाब सिकलसेल शुगर आंख जांच की निःशुल्क सुविधा होगी। शिविर में हृदय रोग - डॉ. विजय कुपटकरहड्डी रोग - डॉ. हेमंत चटर्जी हड्डी रोग - डॉ. विपिन वैश्यछाती रोग - डॉ. अखिलेश देवरसमुख एवं दंत रोग - डॉ. यश अग्रवाल सेवाएं देंगे।

सीएससी सेंटर

मोबाइल रिचार्ज जैसी अनेक सुविधाएं मिलने से खुश हैं किसान और ग्रामीण

कॉमन सर्विस सेंटर किसान व ग्रामीणों के लिए बना मददगार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान भाईयों के लिए अनेक सुविधाएं धान खरीदी केन्द्रों में ही उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को धान खरीदी-बिक्री से लेकर उनके दैनिक दिनचर्या की मूलभूत सुविधाएं भी सहकारी समिति एवं उपार्जन केन्द्रों में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। किसानों से अनुरोध भी किया गया है कि वे समिति में दिए गए सुविधा का लाभ ले सकते हैं। कोटा ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति लखराम में किसानों के लिए धान बेचने के साथ ही उन्हें बिजली बिल, मोबाईल रिचार्ज, पेन कार्ड, पीएमएसवायएम

सर्विस, मतदाता परिचय पत्र, पीएम सम्मान निधि, केसीसी, जीवन बीमा, श्रमिक पंजीयन, जन्म प्रमाण आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही है। सेवा सहकारी समिति पहुंचे लखराम के किसान राजकुमार कमल ने बताया कि वे सेवा सहकारी समिति में कॉमन सर्विस सेंटर से अपने मोबाईल में रिचार्ज करवाने आए थे। उन्होंने बताया की उनका मोबाईल रिचार्ज आसानी से हो गया। राजकुमार ने किसानों को धान बेचने के साथ ही मौके पर डिजीटल सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सेवा सहकारी समिति का धन्यवाद दिया। सेवा सहकारी समिति के कॉमन सर्विस सेंटर पहुंचे ग्राम खैरखुंडी के किसान ठाकुर भंजन सिंह ने बताया कि उन्हें पता चला की लखराम सेवा सहकारी समिति में किसानों को कॉमन सर्विस सेंटर की भी सुविधा दी गई है तब उन्होंने वहां पहुंचकर अपने मोबाईल फोन का रिचार्ज करावाया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

ग्रामीण सुविधाओं का ले रहे लाभ

सेवा सहकारी समिति लखराम के कम्प्यूटर ऑपरेटर रवि प्रकाश ने बताया कि सेवा सहकारी समिति में कॉमन सर्विस सेंटर संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। सीएससी सेन्टर में लगभग 4 से 10 किसान एवं ग्रामीण रोजाना आकार बिजली बिल, मोबाईल रिचार्ज, गैस कनेक्शन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं।

शाम की चाय के साथ झटपट बनाएं मधुर वडा, सफर के लिए भी है बेस्ट स्नैक

वैसे तो भारतीय घरों में शाम की चाय के साथ नमकीन और बिस्कुट खाया जाता है, लेकिन कुछ लोग इस समय पर चटपटे स्नैक्स के साथ चाय का मजा लेना पसंद करते हैं। ऐसे में आप मधुर वडा बना सकती हैं। ये फटाफट बनने वाला स्नैक है जो चाय के साथ बहुत अच्छा लगता है। इसे आप ट्रेवलिंग के समय पर भी पैक करके लेकर जा सकते हैं। मधुर वडा को बनाने में जो सामान लगता है वह घर में आसानी से मिल जाएगा। तो सीखिए शाम की चाय के साथ खाने के लिए मधुर वडा की आसान रेसिपी-

मधुर वडा बनाने के लिए आपको चाहिए

1 कप चावल का आटा, 1/2 कप मैदा, 1/4 कप सूजी, 23 हरी मिर्च, 1 इंच अदरक, 2 प्याज, हरा धनिया, कढ़ी पत्ता, 1 चम्मच जीरा, नमक स्वादानुसार, दो चम्मच गर्म घी, तेल

कैसे बनाएं मधुर वडा

मधुर वडा बनाने के लिए प्याज, अदरक,हरी मिर्च, धनिया को बारीक काट लें। अब एक बर्तन में सूजी, चावल का आटा और मैदा को एक साथ मिलाएं। फिर इसी के साथ बारीक कटे प्याज, अदरक,हरी मिर्च, धनिया को इसमें डालें। इसमें कड़ी पत्ता भी मिला दें। अब जीरा और नमक डालकर अच्छे अच्छे से मिक्स करें। अब इस मिक्स में गर्म तेल या फिर घी मिलाएं और गुनगुने पानी के साथ आटा गूंथ लें। अच्छे से सॉफ्ट आटा लगाने के बाद इसके वडा तैयार करें। इसके लिए हाथों पर तेल लगाएं और फिर थोड़ाथोड़ा हिस्सा लेकर इसे गोल और चपटे आकार में बना लें। अब तलने के लिए तेल को अच्छे से गर्म करें और फिर एकएक कर सभी वड़े को तैयार करें। इसे चटनी के साथ सर्व करें। शाम की चाय के साथ ये स्नैक्स काफी अच्छा लगता है। ट्रेन के सफर के लिए भी आप इसे बनाकर पैक कर सकते हैं।

कोलेजन बूस्ट करते हैं ये फल, स्किन पर आएगा कुदरती निखार

अच्छी स्किन के लिए कोलेजन बहुत जरूरी है। यह एक तरह का प्रोटीन है, जो स्किन का मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है.इसे बूस्ट करने के लिए आपको अपनी डायट में कुछ फलों को शामिल करना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं कोलेजन बूस्ट करने वाले फल-

1) संतरे- संतरेमें विटामिन सी होता है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। प्रदूषक तत्वों और सूरज के संपर्क में आने से स्किन सुस्त हो जाती है। ऐसे में संतरा चेहरे पर चमकदार चमक लाने में मदद करता है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

2) बेरीज- सभी तरह की बेरीज, जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी कोलेजन से भरपूर टेस्टी फ्रूट होते हैं। सभी बेरीज में जरूरी विटामिन सी होता है, जो स्किन के लिए खूब फायदेमंद होता है। इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

3) ट्रॉपिकल फ्रूट्स- अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फल कोलेजन बूस्ट करते हैं। ये न केवल टेस्टी लगते हैं, बल्कि आपके शरीर को आंतरिक रूप से पोषण भी देते हैं। तरबूज में पानी की मात्रा ज्यादा होती है और यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।

4) ग्रेप फ्रूट- अंगूर विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये स्किन की लोच में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई करने में मदद मिलती है, जिससे आप ज्यादा कोलेजन बूस्ट कर सकते हैं।

5) एवोकाडो- ये फल कई हेल्थ बेनिफिट्स से भरपूर है और टेस्टी भी होता है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें विटामिन ई और विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो कोलेजन बूस्ट करने में मदद करते हैं।

लोकतंत्र का जनक है महाकुंभ

समुद्र मंथन प्रसंग से कुंभ पर्व का दार्शनिक भाव का दर्शन समझने का प्रयास करते हैं। हमारे वेद-पुराण समुद्र हैं और ज्ञान मंदराचल पर्वत हैं। कुर्म (कच्छप) सतत कर्म का बल है। वासुकी अर्थात विवेक रूपी रस्सी हमारे शरीर का मेरुदंड है, जहाँ प्राण-अपान वासुकी सर्प रूपी रस्सी है जिसमें धार्मिक और यौगिक कुण्डलिनी शक्ति है। समाज के संत, सज्जन देवता हैं और हमारी दुष्प्रवृति, कुप्रवत्ति ही दैत्य हैं। इस अर्थ में ये संसार समुद्र है। दैवीय और आसुरी वृत्तियों को विवेक रूपी रस्सी ज्ञान रूपी मदराचल का सहयोग लेकर अपने अन्तःकरण रूपी सागर से सत्संग का, चैतन्यता का अमृत खोजने का नाम कुंभ-महापर्व है।

समुद्र मंथन यानी वेदों से ज्ञान पाने की दिशा के प्रयास में प्रारम्भ में विष ही मिलता है। कारण! हल्की चीजें ऊपर ही मिलती हैं। जैसे श्रावण की पहली बूंदें जब जेठ-आषाढ़ से तपी हुई भूमि पर पड़ती हैं तो पहली वर्षा की बूंदों से, बिच्छू, कीट व सर्प और अनेक विषधर ही बाहर आते हैं। इसके बाद और वर्षा का जल पाकर खरपतवार (अर्थात सामान्य ज्ञान रूपी खरपतवार) बाहर आती है। इस सतसंग से नम हुई भूमि पर लगातार हल चलाया जाय तब अमृत रूपी जीवनदायिनी फसल सबसे अंत में आती है। हां! जब विष मिले तो किसी गुरु का आश्रय लेना ही चाहिये। जब देवताओं को विष से विषाद हुआ तब शिव के पास जाना पड़ा, तब किसी शिव को ढूंढना ही पड़ता है। गुरु हों या त्रिभुवन गुरु उनमें ही सामर्थ्य है विष को दूर करने की। देवताओं की तरह ही त्रिभुवनगुरु शिव जैसे किसी गुरु की करुणा से ही विष आपसे दूर होगा और अमृत रूपी ज्ञान की प्राप्ति संभव होगी। तो कुंभ का महात्म्य संत-संगति है। कुंभ, 12 वर्ष मंथन व तप से प्राप्त ज्ञान को देश ही नहीं दुनिया के - लोगों में बांटने का माध्यम भी है। 3 वर्ष, 6 वर्ष, 12 वर्षों तक सिद्ध, संत, साधक, गुरुजन, विद्वत वर्ग कठोर तप से अध्ययन, चिंतन, मनन, स्वाध्याय, अनुसंधान कर जो ज्ञान प्राप्त करते थे, उसे मुक्त हस्त से कुंभ जैसे समागम में आकर व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और पूरे विश्व के हित-कल्याण के लिये वितरित करते थे/हैं। इस अर्थ में ज्ञान की पिपासा को शांत करने का माध्यम भी कुंभ महापर्व है।

कुंभ में अनेक अखाड़ों के साथ साथ भिन्न-भिन्न मत, सम्प्रदायों के लोग हों या साकारवादी, निराकारवादी हों, शैव-शाक्त हों या वैष्णव, कौलाचारी हों या सौर-गाणपत्य, सबका संगम कुंभ में होता है यहां तक कि हर धर्म व वर्ग, जाति-वर्ण के लोग साथ आकर पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सामान्य मनुष्यत्व से देवत्व को स्पर्श कर लेते हैं। तो भेदभाव मिटाने की भूमि भी है कुंभ। कुंभ शब्द में ही एक विशेष प्रकार की सम्मोहकता है, इतना सम्मोहन है की हिंदू धर्म के अनुयायी अपने प्रत्येक शुभ कार्यों, मांगलिक तीज-त्योहारों, उत्सवों में प्रवेश करने से पहले सर्वप्रथम कुंभ-स्थापन (घट-स्थापन) ही करते हैं। बड़ा ही अद्भुत शब्द है ÷कुंभ÷, वैदिक-पौराणिक काल से लेकर आज तक कुंभ की बड़ी महिमा रही है। कुंभ स्थापन का अर्थ है, किसी भी सत्कर्म में प्रवेश करने से पहले अपना हृदय स्थापित कर देना वरना सत्कर्म भी प्रपंच बन जाता है। गुरु हों या त्रिभुवन गुरु शिव, ये चाहते हैं कि तुम्हारा घट सुंदर बने। घट सुंदर बने, इसके लिये तुम्हें मिट्टी बनना पड़ेगा। विशिष्ट होने के भाव से निकलकर सामान्य बनना पड़ेगा। जाति, कुल, वर्ण, धन, पद के अभिमान से मुक्त होकर सरल बनना पड़ेगा, स्वर्ण-रजत चूर्ण नहीं मिट्टी बनना पड़ेगा। किसी सद्गुरु के चरणों की धूल बनना ही पड़ेगा।

आस्था का पर्व

महाकुंभ पर रखें स्वच्छता का ध्यान

उमा मेहता त्रिवेदी

विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। यह न केवल आस्था का पर्व है बल्कि करोड़ों लोगों के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। इस पवित्र पर्व पर करोड़ों श्रद्धालु एक साथ आते हैं और अपने जीवन के पापों का प्रायश्चित करते हैं।महाकुंभ के दौरान स्वच्छता का विशेष महत्व होता है। एक ओर जहां यह लाखों लोगों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, वहीं यह हमारी धार्मिक भावनाओं को भी प्रदर्शित करता है। स्वच्छता से ही हम अपने पवित्र नदियों और धार्मिक स्थलों का अपमान करने से बच सकते हैं। इसलिए स्वच्छता के महत्व को ध्यान में रखते हुए खास ख्याल रखना जरूरी है क्योंकि इतने बड़े समागम में स्वच्छता का अभाव हुआ तो कई बीमारियों को फैला सकता है। ये स्वच्छता हमारी धार्मिक भावनाओं का प्रतीक है इसी स्वच्छता से पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सकता है।ये महाकुंभ भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। स्वच्छता से हम देश की छवि को और निखार सकते हैं। स्वच्छ महाकुंभ के लिए हमें छोटे छोटे उपाय का ध्यान रखना जरूरी है जैसे लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना होगा पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगाना।स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराना। स्वयंसेवकों की मदद से स्वच्छता अभियान चलाना चाहिए स्वच्छता के नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए ताकि प्रत्येक व्यक्ति इसका पालन करने के लिए बाध्य हो हम सभी को यह ज्ञात होना बहुत जरूरी है कि महाकुंभ का विशेष महत्व होता है जैसे हिंदू धर्म में महाकुंभ को सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। कहां जाता है कि यहां पर स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और पापों का नाश होता है वैसे तो इस पर्व में साधु-संतों का विशाल जमावड़ा होता है। यहां लोग साधु-संतों का आशीर्वाद लेते हैं और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। महाकुंभ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

व्यंग्य रचना: नेताजी के आंगन में उतरा धरती पर स्वर्ग

डॉ. किशोर अग्रवाल

कोई चार दशक तो हो गए होंगे जब से मैंने गरीबों को ध्यान पूर्वक देखा है। मैंने देखा है कि गरीबों की हालत वहीं की वहीं और कुछ फटेहाल दरिद्र जो नेतागिरी में सफल हो गये उनकी हालत धरती से आसमान की ओर उठ गई बल्कि यूं कहूं कि आसमान से स्वर्ग ऐसे फटेहाल नेताओं के आंगन में उतर आया है। गरीब नेहरू के जमाने में जितना गरीब था उतना ही गरीब आज भी है। यह बड़ा अजीब देश है जहां गरीब की लड़ाई लड़ने वाला अमीर हो जाता है और वह अपने आगे के चारे के लिए गरीब को गरीब बनाए रखता है। जिसके पांव में चप्पल नहीं थी वह पांच करोड़ की गाड़ी में घूम रहा है। इनकी कोठियां कहां से आई भाई? चूहा मारने की दवा बेचने वाला पांच एकड़ जमीन पर कोठी ताने खड़ा है। कोठी सफेद ,कपड़े सफेद, जूते सफेद और मुंह काला। पार्टी के नेता बड़े भोलेपन से समझाते हैं कि यह सारी माया उनके चाहने वालों के दिये गये चंदे से बनी है। कहां से आता है यह चंदा? हमसे तो किसी ने नहीं मांगा चंदा। झूठ बोलते हैं नेता कि चंदा मिला है। जो इतना चंदा जमा कर दें वे गरीब , वे दलित कौन से हैं? फिर उनके लिए संघर्ष की जरूरत ही क्या है? बड़े आश्चर्य की बात है कि देश में गरीबी बरकरार है और हर बार उनके तरफदार मालामाल हो गए और लगातार होते जा रहे हैं। गरीब तो एक पारस पत्थर हो गया है। जो कोई ढंग से अपनी दरिद्रता उन्हें छुआ दे तो छूते ही उनकी गरीबी दूर और उनकी कोठी तन जाती है। गरीब के तो गुरबत में कपड़े फट रहे हैं जबकि अमीर की कोठियों के छप्पर फटते हैं। नेताओं की संपत्ति दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती चली जा रही है। यहां तक कि कुछ सांसदों की दौलत तो इक्कीस सौ प्रतिशत तक बढ गयी। यह दौलत बढ़ाने का कौन सा गणित है, कोई रामानुजाचार्य ही समझा सकते हैं। आम गणितज्ञ की क्या बिसात? पार्टी कोई भी हो उनको चंदे से आए पचास प्रतिशत राशियों के स्रोत अज्ञात हैं। ये एक ओर तो ठगी की कमाई वालों से चंदा प्राप्त करते हैं और फिर भ्रष्टाचार हटाने की बात करते हैं। भ्रष्टाचार से कमाई गई रकम का चंदा लेकर यह पार्टियों कौन सी ईमानदारी सिखा रही हैं भाई ? हवाई चप्पल पहनकर साइकिल चलाने वाले कुबेर हो गए। कोई जादू है क्या ? शर्मनाक और दुखद पहलू यह है कि तर्क वितर्क देकर इस विलक्षण संपन्नता को औचित्यपूर्ण बताए जाने की कोशिश हर एक पार्टी करती है। यदि पकड़े जाते हैं तो जांच का ढोंग शुरू हो जाता है। एंटिक पीस सोफे ,कोठियां, गाड़ियां खड़ी है। साफदिखता है किसी जांच की जरूरत नही है अंधा भी चीखकर इस भ्रष्टाचार को बता सकता है। एमपी और एमएलए की तनख्वाह किसी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्रोफेसर से भी कम है पर यह संपन्नता क्यों ? जीवन स्तर का परिवर्तन तो देखो , विलासिता पूर्ण राजमहल में भव्यता ,बीसों नौकर ,और गाड़ियां ,धरती पर स्वर्ग तो नेता के आंगन में ही उतरा है। देश के आंगन में उतारने निकले थे पर वह उनके आंगन में उतर आया। यह क्या है ? कैसी मसाले लेकर चले थे तीरगी में आप , जो रोशनी थी वह भी सलामत नहीं रही। राजनीति में पूरा जीवन भी लगा दें तो भी आप पैसे वाले कैसे हो जाते हैं? कोई भी पार्टी हो , कोई भी नेता हो ? सब्जी वाले, ठेले वाले नेता बनते ही कोठी वाले कैसे हो जाते हैं ? अतिरिक्त आय का स्रोत भ्रष्टाचार की जड़ है। क्या गांधी ,चंद्रशेखर ,भगत सिंह के त्याग और कुर्बानियां इन्हीं चूहे मार दवा बेचने वालों के लिए थी? जो ये दसहजार करोड़ के मालिक हो गए हैं ? इन्होने ऐसा कौन सा जप-तप किया है या माया मसान सिद्ध किया है, कौन से श्री यंत्र या कुबेर की साधना की है ? ईमानदार और मेहनतकश इन्सान का तो इन्वेस्टमेंट डूब जाता है वहीं इन टटपूंजिये नेताओं का हजार गुना धन बढ़ जाता है। खेत में काम ये नहीं करते, दुकान पर नहीं बैठते, कारखाने नहीं लगाते। बस खद्दर का कुर्ता टोपी पहना नही कि लक्ष्मी कृपालु कैसे होने लगती है ? पैसा बरसने लगता है ? कोई नेता क्यों न बने भला ? नींबू कट कलफ लगा कुर्ता पहने ,मुंह में पान और उंगली पर चूना बस, न पढ़ना न लिखना। कोई क्यों साबुन कारखाना बनाए, ई रिक्शा चलाएं, शिक्षा मित्र बने , या शिक्षक की नौकरी तलाशे, बैंक की क्लर्की ,छोले भटूरे की दुकान क्यों खोले? मूर्ख है क्या ? बाकी धंधों में गारंटी कहां? नेता बनने में गारंटी है। कंपटीशन जरा भी नहीं। आठवीं पास हों पचास मुकदमे हों सब चलता है। क्या देश अब यह नारा दे कि सभी नेता हो जाओ , काम धंधा छोड़ो , यहीं से होकर तरक्की की राह गुजरती है। पार्टी की ऑफर लाइन वालों को भ्रष्टाचार का मौका मिलता है बाकी नेता अपनी कमजोर आय में गुजारा करते हैं। पार्षद बनते ही फॉर्च्यूनर आ जाती है जिसे मिलता है उसे ही मिलता है, बाकी जो रह जाते हैं वे भी मासूम नहीं हैं। वे हमेशा मलाईदार पद पाने के प्रयास में लगे रहते हैं। पार्टी दफ्तर की मीटिंग बुला लो तो दफ्तर के बाहर मानों ऑटो एक्सपो लग जाता है। इनके गले और ऊंगलियों में दस दस तोले की चैन तथा अंगूठियां कहां से आ जाती हैं ? समाज सेवा में कैसे यह माल मिलने लगता है ? क्या राजनेता अपनी पॉलिटिक्स को प्रवचन में छुपा देते हैं ? गरीब को तो कोई बात भी करने नहीं देता। पर सभी गरीब की बात करते हैं। नेता माल काटे ,जनता पहरेदारी करें। एक नेता के पीछे आठ दस लग्जरी गाड़ियां चली जा रही हैं। राजनीति में जब से ठेकेदार ,उद्योगपति और माफिया आने लगे तब से राजनीति का कल्चर बदल गया है। पार्लियामेंट के सत्र में यह देखें कि सभी पार्टियों के लोग वहां होते हैं पर मात्र दस से पंद्रह प्रतिशत लोग ही बसों का इस्तेमाल करते हैं। पचासी प्रतिशत नेताओं की गाड़ियां जब पार्लियामेंट के पोर्च में लगती हैं तो नाना विध कौतुक भरी गाड़ियां वहां दिखाई पड़ती हैं।मानों लंदन में विश्व मेला लगा हो। पूंजी का प्रभाव सभी क्षेत्रों में पड़ा तो वह नेताओं पर भी पड़ा। कुछ ही लोग किराए के मकान में रहकर देश सेवा कर रहे हैं वे अपवाद स्वरूप हैं। ना जाने कितने लोग हैं जो खुद अपने कपड़े धोते हैं, जीरो बजट पर काम करने वाले बहुत सीमित रह गए हैं। राजनीति में बड़ा वर्ग वह भी आ गया जो पांच साल पहले गरीबी रेखा के नीचे था। पर नेता बनते ही उसके हाथ में कौन सा पारस पत्थर आ गया ,कौन सा जिन्न साधा ,कौन से श्री यंत्र पाया या पिशाच साधा ? यक्षिणी या प्रेत क्या सिद्ध हो गया ? आंख से सबने देखा कि नेताओं के यहां बोरी में नोट आए और बोरे में गए। ना जाने कितने नेताओं की गाड़ियों से नोटबंदी के बावजूद नोट बरामद होते रहे। सपना भी जितनी जल्दी साकार नहीं होता उससे भी तेजी से नेताजी तरक्की करते हैं। गरीबों का भरोसा या विश्वास बेचकर ही यह धनवान बनते हैं। जीते प्रत्याशी का जुलूस टिकट बंटते समय पार्टी के दफ्तर में देखो साइकिल लूना या रिक्शे में कितने ही लोग टिकट मांगने आते हैं परंतु चुनाव जीतते ही उनकी सवारी फॉर्च्यूनर में निकलने लगती है। देश में कोई भी सरकारी कर्मचारी आय का अज्ञात स्रोत नहीं लिख सकता। तब इन राजनीतिक पार्टियों को ऐसा क्यों मान्य किया गया है। पार्टी का जुलूस देखो उसमें भ्रष्टाचारियों को देखो पुराने ईमानदार नेताओं के नाम पर जो आज के भ्रष्टाचारी नेतागिरी करते हैं इन्हें उनके नाम से नेतागिरी करने की क्या छूट दे दी जानी चाहिए ? जो उद्योगपति हैं टैक्स पटाते हैं वह नेता बने, बड़ी गाड़ी में चलते हैं तो यह बात ठीक है। जिनकी सामर्थ्य है वह ऐसी गाड़ियों में शोभा पावें। परंतु फटी चप्पल वाला जब मेरिडियन में आकर रूकता है सवाल तो यहां खड़ा होता है। एमपी एमएलए संपत्ति का एफिडेविट देते हैं उसमें जानकारी झूठी होती है। पचास करोड़ का प्लेट पचास लाख का लिख देते हैं। इसकी सत्यता की जांच कहां हो रही है ? अधिकांश भ्रष्ट होना चाहते हैं ,मौके तलाश रहे हैं। किसी जांच की जरूरत है क्या? किसी जांच की जरूरत नहीं है भाई। जनता से पूछो वह बता देगी कि किनके कोल्ड स्टोरेज बन गए, किन्होने कॉलोनी काट ली, पेट्रोल पंप बन गए ,दस बारह गाड़ियां ले ली , फोटोग्राफी करने वाला आदमी चार पांच सौ करोड़ का आसामी हो गया ,बंगले पर हेलीपैड बनवा लिया। जो झोले में राशन लाता था ऐसा लकड़ी कोयले की टाल वाला कारों का शोरूम लिए बैठा है। ऐसे लोग व्हाइट हाउस की प्रतिकृतियां बनाकर उनमें निवास कर रहे हैं। गांधी का पुतला यद्यपि मुस्कुरा रहा है पर उनकी आत्मा रो रही है। उस पीढ़ी का हर नेता रो रहा है। अभी के नेताओं को सुधारना होगा, यही धुरी है। यह ठीक रहेगी तो देश ठीक रहेगा और इसका आर्थिक तंत्र ठीक चलेगा।

QUIZ TIME

1) तेलगु कविता के पिता कौन है?

2) भारत-डेनमार्क ने नदी की सफाई के लिए कौन सी परियोजना शुरू की है?

3) कितने वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार मिले हैं

4) शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह का नाम क्या है?

5) हाल ही में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अल्लासानी पेद्दना (2) एसएलसीआर (3) 33 (4) टाइटन (5) रौनक गुलिया

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 18:05, चन्द्रोदयः 22:10, चन्द्रास्तः 10:04, अयन उत्तरायण, ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी),विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ (गुजरात एवम् महाराष्ट्र के अनुसार पौष), पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी (पूर्ण रात्रि), नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, योग : अतिगंड, प्रथम करण : कौलव (18:26 तक), द्वितीय करण : तैतिल (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : सिंह, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:16 से 12:59,अमृत काल : 07:53 से 09:38, विजय मुहूर्त : 14:27 से 15:10, गोधूलि मुहूर्त : 18:02 से 18:29, सायाह्न सन्ध्या : 18:05 से 19:23, निशिता मुहूर्त : 24:11+ से 25:04+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:18+, राहुकाल : 16:30 से 18:16, गुलिक काल : 07:10 से 08:32, यमगण्ड : 13:59 से 15:21।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

वृष : आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको अपने खान-पान में लापरवाही करने से बचना होगा।

मिथुन: आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

कर्क : आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। किसी नए वाहन की खरीदारी करने का आपका सपना पूरा होगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। बिजनेस में कोई पार्टनरशिप हो सकती है, जो आपको अच्छा लाभ देगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके आसपास में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाए।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी और आप किसी बड़े लाभ के चक्कर में छोटे लाभ पर ध्यान नहीं देंगे।

धनु : आज आपको शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपके को खुशी देंगे।

मकर : आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है।

मीन : आज का दिन आपके लिए अत्यधिक मेहनत भरा रहने वाला है।

मिलकर लड़ेंगे और रायपुर नगर निगम में भाजपा का झंडा लहराएंगे : खूबचंद पारख

रायपुर नगर निगम में जीत के लिए राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प

भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में नगरीय निकाय चुनाव हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया आगामी दिनों में रायपुर नगर निगम सहित प्रदेश भर में नगरीय निकाय चुनाव संभावित हैं ऐसे में भाजपा ने चुनाव तिथि की घोषणा पूर्व ही अपनी तैयारियां चालू कर दी है लगातार नगरीय निकाय चुनावों के संदर्भ में बैठकों और सम्मेलनों का दौर जारी हो चुका है इन निकाय चुनावों भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती विगत 3 बार से रायपुर नगर निगम महापौर की कुर्सी से भाजपा वंचित रही है ऐसे में अब भाजपा का पूरा ध्यान महापौर सहित रायपुर निगम से अधिक से अधिक पार्षद जितवा कर निगम में कब्जा करने की योजना बना कर कार्य कर रही है ।

जिला कार्यालय में आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कार्यालय में रायपुर शहर जिला के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति रही रायपुर की चारों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत , मोतीलाल साहू , पुरंदर मिश्रा और सुनील सोनी और भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित जिला प्रभारी खूबचंद पारख सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित आज भाजपा परिसर कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल अब लगभग बज चुका है हम सभी कार्यकर्ताओं को अब संकल्पित होने की आवश्यकता है कि हम रायपुर महापौर सहित सभी 70 वार्डो में कमल फूल के प्रत्याशी जिताकर लाएं चुनाव में पार्टी से पार्षद चुनाव हेतु टिकट की दावेदारी का दौर शुरू हो चुका है और यह प्रत्येक कार्यकर्ता का अधिकार भी है लेकिन मैं इस गरिमामई मंच से आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि संगठन प्रत्येक कार्यकर्ताओं पर उनके कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं और निश्चित ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी का प्रत्याशी बनेगा आप सभी दावेदारी करने के अधिकारी है परन्तु आज हम सभी को यह संकल्प लेकर जाना है अंत में भारतीय जनता पार्टी जिसको अपना प्रत्याशी बनाए हमें उसको जिताने के लिए ईमानदार परिश्रम करना है इसमें आपसी मनमुटाव की कोई गुंजाइश न रहे और भाजपा के प्रत्याशी सभी 70 वार्डो में बड़ी मार्जिन से जीते । आप सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प होना चाहिए कि नगर निगम रायपुर में कमल का झंडा फहराएंगे। बैठक में उपस्थित रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने चिरपरिचित ओजस्वी वक्तव्य से संबोधित किया उन्होंने कहा कि रायपुर निगम की जनता को ठगने का काम कांग्रेस ने किया मैं लगातार इस बात को कांग्रेस कार्यकाल में कहते आया हूं कि उनके पास एक भी ऐसा काम नहीं जो वे कह सके इसका भूमिपूजन से लोकार्पण तक हमने किया कांग्रेस के पास लोक परोपकार का दृष्टिकोण ही नहीं बस लुट , खसोट , घपलेबाजी और हां आतंक का वातावरण जरूर बनाया और हम सभी को मिलकर रायपुर को ऐसे अराजकों से मुक्त करवाना है तो हम सब को मिलकर चुनाव लड़ना है आपसी भेदभाव और मनमुटाव के बदले कमल फूल को ही अपना प्रत्याशी बना कर रायपुर के निगम के महापौर पद पर स्थापित करना है । आपके पास केंद्र और राज्य सरकार की बहुत सी महती योजनाएं हैं जिसके लाभार्थी आपको घर घर मिल जाएंगे प्रधानमंत्री आवास , आयुष्मान कार्ड , रामलला दर्शन और महतारी वंदन योजना जैसी कई योजनाएं हैं जिसका लाभ जनता को सीधे तौर पर प्राप्त हो रहा है अकेले महतारी वंदन योजना से 7 लाख से अधिक रायपुर की महिलाएं लाभान्वित हो रही है अपनी सरकार के किए कार्यों की चर्चा कीजिए हर मोहल्ले में लाभार्थियों की बड़ी संख्या देखने को मिल जाएगी । और मैं आज इस मंच के माध्यम से आप सभी के सामने जिला अध्यक्ष को आश्वस्त कर रहा हूं कि आप मेरे विधानसभा के 20 वार्डों में अच्छे कार्यकर्ताओं को चयनित करके प्रत्याशी बनाए वही मेरे भी प्रत्याशी होंगे मेरा कोई करीबी नहीं भाजपा का एक एक कार्यकर्ता मेरा करीबी है।

ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स का प्रशिक्षण लेने वालों को मिला रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा के लाईवलीहुड कॉलेज में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए नवीन तकनीक से सुसजित लैब स्थापित किया गया है। जहाँ महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड के तकनिकि विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अन्तर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियो को 27 नवम्बर 2024 को प्लेसमेंट कैम्प आयोजित कर महिन्द्रा ट्रैक्टर डीलरशीप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया। इस कोर्स हेतु जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही आवेदन जमा कर सकतें हैं। प्रशिक्षण की अवधि-220 घण्टे (लगभग 02 माह) तथा आवश्यक योग्यता- 10वी पास है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन नम्बर-0771-2443066 एवं अन्य नम्बर-9109321845, 7828246081 में संपर्क कर सकते है।

निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निर्माण में आएगी तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सोषल डेव्हलपमेंट ऑफिसर डॉ. संगीता ठाकुर ने उपअभियंता सु अंकिता अग्रवाल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मठपुरैना में एएचपी घटक के अंतर्गत 1595 आवासों के आवासीय परिसर साइट में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। स्थल निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना मठपुरैना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का विकास व निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर उच्चस्तरीय गुणवत्ता सहित प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देष उपअभियंता को दिए गए।

स्लम बस्तियों के बच्चों को खेलकूद के लिए मिलेंगे संसाधन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मागदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिषा निर्देष अनुसार रायपुर जिला प्रषासन के निर्देषन में राजधानी शहर रायपुर में नगर पालिक निगम रायपुर के माध्यम से नगर निगम जोन 10 के तहत आने वाले फुण्डहर मैदान के सुरक्षित स्थान पर स्लम बस्ती के युवाओं और बच्चों को शीघ्र खेलने का सुरक्षित स्थान स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण में उपलब्ध कराने की तैयारी रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार बॉक्स क्रिकेट काम्पलेक्स बनाने की तैयारी की जा रही है। निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 के माध्यम से फुण्डहर मैदान में स्लम बस्ती की युवाओं और बच्चों को शीघ्र स्वस्थ मनोरंजन एवं खेल प्रतिभा निखारने का अवसर देने बॉक्स क्रिकेट काम्पलेक्स के निर्देश एवं विकास कार्य को प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम मुख्यालय के सहायक अभियंता सोहन गुप्ता एवं जोन 10 के उपअभियंता अजय वास्तव फुंडहर मैदान में बॉक्स क्रिकेट काम्पलेक्स विकास एवं निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग का प्रषासनिक कार्य दायित्व निर्वहन कर रहे है। आयुक्त ने फुण्डहर मैदान में प्रगतिरत बॉक्स क्रिकेट काम्पलेक्स का निर्माण और विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर उच्च स्तरीय गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देष दिये है।

बीएसयूपी गैंग सफाई ठेकेदार पर जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देष पर राजधानी शहर रायपुर की सफाई व्यवस्था राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप बनाने नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इस क्रम में आयुक्त के निर्देष पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिष्नर ए.के. हालदार ने बीएसयूपी गैंग सफाई ठेकेदार अनिल गिलहरे, वार्ड क्रमांक 20 के सफाई ठेकेदार दानेष्वर सेन्द्रे, वार्ड क्रमांक 69 के सफाई ठेकेदार कार्तिकेष्वर कुमार साहू पर निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये जाने एवं इसके कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमा जाने नगर निगम आयुक्त एवं जोन कमिष्नर के निर्देष का पालन नहीं किये जाने पर नोटिस जारी कर नगर निगम जोन 8 की ओर से उक्त संबंधित 3 अनुबंधित सफाई ठेकेदारों पर 10-10 हजार रू. का जुर्माना करने एवं 2 दिन में निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध करवाकर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देष दिये अन्यथा की स्थिति में ठेका अनुबंध के नियमानुसार ठेका निरस्त कर अमानती राषि राजसात करने और संबंधित सफाई ठेकेदारों का नाम काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही किये जाने की चेतावनी उक्त संबंधित सफाई ठेकेदारों को नोटिस में दी गई है।

लेट-लतीफ वाले कर्मचारियों को कलेक्टर ने जमकर लताड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज जिला महिला बाल विकास कार्यालय, रोजगार कार्यालय, नगर निगम और जिला अस्पताल पंडरी का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके बाद नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर डॉ सिंह ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण भी किया और डाटा सेंटर में जाकर निष्ठा ऐप से ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। सभाकक्ष में सभी कर्मचारियों को बुलाया उपस्थिति जांची, निष्ठा ऐप में एंट्री किए गए कर्मचारियों को क्रास चेक किया। डॉ सिंह ने कहा कि सुबह किसी भी हाल में 10 बजे कार्यालय आ जाए और शाम को 5:30 बजे से पहले कार्यालय ना छोड़े, अन्यथा वेतन काटा जायेगा। साथ ही सबके टेबल पर नाम पट्टिका भी लगाई जाए, ताकि सभी की पहचान हो सके। बैठक में कलेक्टर ने कर्मचारियों से समस्या की जानकारी ली। साथ ही कर्मचारी से निगम कार्यालय की व्यवस्था अच्छी करने के लिए सुझाव लिया। करे। साथ ही कार्यालयों में साफ़सफाई का विशेष ध्यान रखने कहा। कार्यालय आने वाले हितग्राहियों नागरिकों से अच्छा व्यवहार करे उनकी समस्या को संवेदनशीलता से सुनकर समाधान करने प्रयास। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी हेलमेट लगाकर आए, कार में आने वाले सीट बेल्ट लगाए। डॉ सिंह ने कहा कि प्रति शुक्रवार शाम को बैठक ली जाएगी और कर्मचारियों की समस्या सुनी जाएगी। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर पंडरी स्थित जिला हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक समय पर पहुंचे और हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों का अच्छे से ईलाज करें और हमर लैब में रिजेंट की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि यहां आने वाले मरीजों की जांच उचित तरीके से यह सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें निर्माण कार्य-अपर आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने अधीक्षण अभियंता राजेष राठौर, जोन 3 जोन कमिष्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता अंषुल शर्मा, उपअभियंता नरेष साहू की उपस्थिति में पंडरी कुष्ठ बस्ती में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन 4 ब्लॉक के 64 आवासो के निर्माण की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इसके साथ ही राजातालाब में नूरानी चैक में लगाये जा रहे पेवर के कार्य का निरीक्षण किया। अपर आयुक्त ने जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता को निरीक्षण के दौरान कुष्ट बस्ती के निर्माणाधीन आवासों के कार्यो में तेजी लाकर समय सीमा के भीतर गुणवत्ता सहित सभी 64 आवासों का निर्माण और विकास कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देष दिये। साथ ही वहां गंदे पानी के सुगम निकास का समुचित प्रबंधन देने विशेष ध्यान दिये जाने निर्देषित किया गया। अपर आयुक्त विनोद पांडेय ने नूरानी चैक राजातालाब में लगाये जा रहे पेवर के कार्य में गुणवत्ता सुधार के संबंध में आवष्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेवर बनाने के कार्य में ढाल का विषेष ध्यान रखा जाये।

साइबर ठगी से बचने लुभावने फोन कॉल से बचें, थाने में करें शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए वित्तीय एवं सायबर ठगी से बचाव हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने महिलाओं को सायबर ठगी से सावधान रहने और जागरूक रहने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जब गलत काम नहीं किया है तो डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, लुभावने फोन कॉल्स से बचें और ऐसी घटनाओं की शिकायत नजदीकी थाने में करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने पैसे के सदुपयोग के बारे में चर्चा की और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। आरबीआई के प्रतिनिधि दिग्विजय राउत एलडीओ, आकाश सिंघल सहायक प्रबंधक आरबीआई और राज हाइत एलडीएम रायपुर ने सायबर ठगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया।

हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला में पूरा करें अपने सपनों का आशियाना

तीन दिवसीय आयोजन में मिलेंगे विशेष ऑफर

रायपुर/नवप्रदेश। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप आपको हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला में आमंत्रित करता है, जो 17 से 19 जनवरी 2025 तक विधासभा रोड, नर्दाहा में आयोजित होगा। यह एक विशेष तीनदिवसीय आयोजन है, जो निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। इस आयोजन में आपको प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त करने का मौका मिलेगा, जो एक लक्ज़री टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं। हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रूप का एक प्रोजेक्ट है और यह रेरा पंजीकृत है (PCGRERA040123001580) । यहाँ के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और इसकी प्रारंभिक कीमत 8.99 लाख से शुरू होती है। हर्षित गोल्ड सिटी में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, मंदिर, क्लब और रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर और इंडोर जिम, कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

जोन 6 के गोकुल नगर गौठान को आत्मनिर्भर बनाने अभिनव पहल

गौठान में महिला समिति की सहायता से निर्मित गोबर कंडों का विक्रय मुक्ति धाम में कर एक माह में एक लाख रुपए का आय अर्जित की

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 द्वारा गोकुल नगर गौठान में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखकर अभिनव पहल रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार करते हुए गोकुल नगर गौठान में एक पहल सेवा समिति की महिलाओं की सहायता से गोबर से निर्मित कंडों को मुक्तिधाम में विक्रय करने का कार्य करके की है. नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने जानकारी दी है कि गोकुल नगर गौठान में एक सेवा पहल संस्था की महिला समिति की 5 महिलाओं की सहायता से तैयार गोबर से निर्मित कंडों को मुक्तिधामों में विक्रय करने के कार्य से एक माह में नगर निगम जोन क्रमांक 6 को एक लाख रूपये की आय अर्जित हुई है. नगर निगम प्रशासक एवं निगम आयुक्त के निर्देश पर समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु मुक्तिधामों में मृतकों के अंतिम संस्कार क्रिया कर्म में जलाऊ लकड़ियों के स्थान पर गौमाता के गोबर से महिलाओं के सहयोग से निर्मित गोबर कंडों से करने के कार्य को यथासम्भव प्रोत्साहित करने का कार्य पहल करते हुए नगर निगम जोन क्रमांक 6 के माध्यम से किया जा रहा है. इसके माध्यम से गौठान को संचालन एवं संधारण हेतु आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में किया जा रहा है।

अप्रारंभ विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने उपायुक्त लोककर्म विभाग राजेश्वरी पटेल, अधीक्षण अभियंता राजेष राठौर सहित नगर निगम जोन 3 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस सहित जोन के संबंधित अभियंताओं कर्मचारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन क्रमांक 3 के कार्यो की समीक्षा कर आवष्यक निर्देष दिये। अपर आयुक्त ने निर्देषित किया कि अप्रारंभ विकास कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करवाया जाये। इसी प्रकार प्रगतिरत सभी विकास कार्यो को अभियंतागण सतत मॉनिटरिंग कर तय समय सीमा में जनहित में प्राथमिकता से गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाये। अपर आयुक्त ने निर्देष दिये कि विकास व निर्माण कार्यो से संबंधित देयकों को नियमानुसार समय पर प्रस्तुत करना अभियंतागण सुनिष्चित करें ।

कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों का 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' में शानदार प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर, अपने छात्रों मसूद अहमद (एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर, बैच 2023-2025) और कृष्णा कलवानी (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर) की उल्लेखनीय उपलब्धियों की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जिन्होंने प्रतिष्ठित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में युवा मामले विभाग द्वारा 10-12 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान किया, जो देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अधिक भागीदारी के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप था। इसने युवा नेताओं को नीति निर्माताओं, राष्ट्रीय और वैश्विक हस्तियों के साथ सीधे जुड़ने तथा देश के भविष्य को आकार देने के लिए अपने विचारों का योगदान देने का अवसर प्रदान किया। देश भर के युवा नेताओं ने विकसित भारत के अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें लगभग 30 लाख युवाओं ने भाग लिया। देश भर के 30 लाख प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, मसूद अहमद ने ÷सामाजिक संकेतकों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण÷ विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा कलवानी ने ÷भारत को पूर्णतः स्थायी भविष्य की ओर ले जाना÷ विषय पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। दोनों छात्र तीन चरणों की कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण और नेतृत्व मूल्यांकन परीक्षा शामिल थी, जिसमें उन्होंने अपनी बुद्धि और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी द्वारा आयोजित एक समारोह में दोनों को सम्मानित किया गया, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं जी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उनकी यात्रा माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ एक प्रेरणादायक बातचीत के साथ समाप्त हुई, जहां उन्होंने दिल्ली के भारत मंडपम में नेतृत्व और मार्गदर्शन गतिविधियों में भाग लिया।

एसडीएम ने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ **सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान**

कांकेर/नवप्रदेश। चारामा ब्लॉक में 36वां सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान अंतर्गत यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यातायात जागरूकता रथ चारामा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वाहन चालकों को जागरूक करेगा।यातायात जागरूकता रैली विभिन्न ग्रामों एवं हॉट बाजारों में करेगी यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं प्रचार एवं वाहन चालकों से अपील वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की बात कही जाएगी।

पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक दीपक साव,थाना प्रभारी चारामा निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी एवं जिले के अन्य समस्त थाना प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सड़क दुर्घटनाओं लोगों को हो रही जान माल की नुकसान से बचाने के लिये 36 वॉ राष्ट्रीय यातायात जागरूकता माह के आयोजन के मद्देनजर अतिरिक्त

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र कुमार बंजारा के द्वारा नगर चारामा बस स्टैण्ड से यातायात जागरूकता रथ को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान वहॉ पर उपस्थित आमजन एवं वाहन चालको को यातायात नियमों की जानकारी दिया गया ।

चारामा पुलिस द्वारा चारामा में यातायात जागरूकता रथ के साथ बाइक रैली निकाल कर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने की समझाईष दिया गया एवं वाहन का बीमा अवष्यक रूप से अपील करते हुए ,वाहन चलाते समय आवष्यक रूप से हेलमेट एवं सीटबेल्ट पहन कर वाहन चलाने एवं दोपहिया वाहन में तीन सवारी नही बैठने समझाईष दिया गया।लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वाहन स्वामीयों को समझाईष दिया गया कि बिना ड्रायविंग लायसेंसी वाहन चालको को वाहन चलाने न दे एवं परिजनों से अपील किया गया कि नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देने समझाईष दिया गया एवं वाहन चालन के समय मोबाईल फोन से बात नही करने सलाह देते हुए वाहन तेज गति से नही चलाने अपील किया गया।उक्त अवसर पर यातायात कांकेर के अधिकारी गण रामेश्वर चतुर्वेदी, प्र.आर.पचकौड सोरी दौलत उसेण्डी राकेष दर्रो मंगलेष्व वटटी जितेन्द्र नाग एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी दर स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रशासनिक मद से कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी कलेक्टर दर के आधार पर अक्टूबर एवं नवम्बर का एरियर्स तथा माह दिसम्बर का वेतन की राशि 51 हजार 824 रूपए स्वीकृत की गई है। उक्त राशि जिला पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत अंतागढ़, चारामा और कोयलीबेड़ा हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रशासनिक मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय है।

नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी तरूण कुमार मण्डावी पिता रामाधीन मण्डावी उम्र 30 साल निवासी थाना अकलाडोंगरी जिला धमतरी छग.को महज 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 16 जनवरी 25 को प्रार्थीया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 जनवरी 25 को पुत्री का स्वास्थय खराब होने से सीएचसी चारामा में उपचार कराने आये थे जो पता चला कि नाबालिग पुत्री गर्भवती है जिसके संबंध में उससे पूछने पर बतायी कि माह सितम्बर 2024 में ग्राम अकलाडोंगरी का तरूण मण्डावी नाम का व्यक्ति के द्वारा नाबालिक जानते हुये बहला फुसलाकर प्यार करने शादी करने का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा है कि प्रार्थीया के लिखित रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 09/2025 धारा 137(2) 64,65 (1), 87,351 (2)बी.एन.एस.4,6 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उ.म.नि.एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेलाके निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी का पता किया जाकर उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर पीडिता को नाबालिक जानते हुए जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक संबध बनाकर दुष्कर्म करना स्वीकार करने आरोपी तरूण कुमार मण्डावी पिता रामाधीन मण्डावी उम्र 30 साल निवासी अकलाडोंगरी जिला धमतरी को 17 जनवरी 25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेष किया गया।जहॉ माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया । संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी सउनि भकेश पटेल म.प्र.आर.सुमति गोटी म.आर.अनिता जुर्री.आर.रामेष्वर कोडोपी, आर.मंलेष्वर वटटी का सराहनीय योगदान रहा है।

कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों की मजदूरी दर स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रशासनिक मद से कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी कलेक्टर दर के आधार पर अक्टूबर एवं नवम्बर का एरियर्स तथा माह दिसम्बर का वेतन की राशि 51 हजार 824 रूपए स्वीकृत की गई है। उक्त राशि जिला पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत अंतागढ़, चारामा और कोयलीबेड़ा हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रशासनिक मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय होगी।

सीजी पीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क मैराथन टेस्ट सीरीज का आयोजन

■ **जिला प्रशासन की अभिनव पहल**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर की एक और अभिनव पहल ''मावा मोदोल'' योजना के तहत जिला मुख्यालय कांकेर में 150 छात्रों एवं भानुप्रतापपुर में 250 छात्रों कुल 400 बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन छात्रों के अलावा जिले के ऐसे छात्र जिन्होंने माह फरवरी 2025 में आयोजित परीक्षा के प्रवेश फार्म भरे हैं। उन छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के लिए निःशुल्क मैराथन परीक्षा मेंटेनर टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ऐसे छात्र जो

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा की तैयारी अब कर रहे हैं तथा परीक्षा फार्म भरे हैं, ऐसे छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि सीजी पीएससी की तैयारियों में जुटे युवक युवतियों के लिए मावा मोदोल मैराथन टेस्ट सीरीज की परीक्षा 27 जनवरी से 06 फरवरी तक प्रति दिवस विषयवार परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन हेतु बारकोड भी जारी किया गया है तथा गूगल लिंक के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। मैराथन टेस्ट के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि सभी विषयों की अलग-अलग तिथि को परीक्षा प्रति दिवस दो घंटे आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा 11 दिवस तक जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जाएगा। विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रश्न पत्र तैयार कराया जा रहा है। मैराथन टेस्ट सीरीज के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

उन्होंने जानकारी दी है कि सीजी पीएससी के मैराथन टेस्ट सीरीज के अंतर्गत विकासखंड चारामा, कांकेर एवं नरहरपुर के प्रतिभागियों के लिए डाईट भवन कांकेर एवं बीआरसीसी भवन कांकेर में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से विकासखंड अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा क्षेत्र के छात्रों के लिए पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंतागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र के छात्रों के लिए मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर बीईओ कार्यालय के बाजू में भानुप्रतापपुर में आयोजित किया जाएगा। पखांजूर क्षेत्र के छात्रों के लिए बीआरसीसी प्रशिक्षण कक्ष जनपद पंचायत प्रशिक्षण कक्ष पखांजूर में आयोजित किया जाएगा। मैराथन टेस्ट सीरीज हेतु अब तक 402 छात्रों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी अर्हताधारी छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर सुनहरा अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बीजापुर ने 12 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

■ **प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग**

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु ध्यान आकर्षण ज्ञापन आज पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंप कर निराकरण हेतु निवेदन किया। माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के बारे में विगत दिनों संभाग स्तर पर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें प्रांताध्यक्ष जी आर चंद्रा तथा संभाग के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श कर 17 जनवरी को भोजन अवकाश में ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया जिसके तारतम्य में जिला बीजापुर के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंप सौंपा गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शासन का मान्यता प्राप्तप्राप्त संगठन है जिसका पंजीयन क्रमांक 249 है जो अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से सक्रिय है एवं कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्षरत है । कर्मचारियों की विभिन्न मांगे इस प्रकार हैं = केंद्र के कर्मचारी एवं पेंशनरों को वर्तमान में 53त्न महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है जबकि राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को 50त्न महंगाई भत्ता प्राप्त होता है फलस्वरुप केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत की वृद्धि की जाए, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अभिभाजित मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाए, पटवारी, शिक्षक, लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र सार्वजनिक किया जाए,प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी किया जाए, सभी संवर्गों के लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी किया जाए, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुनश्च सभी विभागों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति से आए हुए लिपिको हेतु पूर्व की भांति कार्यालय प्रमुख, विभाग अध्यक्ष एवं अन्य तकनीकी संस्थानों को कौशल परीक्षा हेतु अधिकृत किया जाए, क्योंकि वर्तमान व्यवस्था जटिल एवं सामान्य लोगों के होने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं हो पा रही है, सभी विभागों के आकस्मिक निधि से नियमित सेवा निवृत्त कर्मचारियों को अवकाश नगरीकरण दिए जाने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी किया जाए, ताकि कर्मचारियों को बार-बार माननीय न्यायालय के शरण में न जाना पड़े, संघों को अभिभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति हेतु स्वीकृत पद का 10त्न का नियम पुनः एक बार शिथिल किया जाए, बीजापुर जिला मुख्यालय में संघ का भवन निर्माण एवं संवैधानिक रूप से धरना प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग से लगा हुआ या समीपस्त स्थल आबंधित कर शेड निर्माण करवाया जाए।

भाजपा महिला मोर्चा ने की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शहर के नए बस स्टैंड स्थित डोम में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक आशा राम नेताम विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री विधान चन्द्रकर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने किया।इस कबड्डी प्रतियोगिता में कांकेर शहर के साथ ही आसपास के गाँव के महिला व बालिका कबड्डी टीम ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए विधायक आशा राम नेताम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खेल के प्रति लोगो का रुझान बढ़ता है।महिला एवम बालिकाओं में एक अलग ही उत्साह का संचार होता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को दिखाने और निखारने का अवसर मिलता है ।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन लोगो के सामने लाने का मौका मिलता है।खेल जीवन मे बहुत जरूरी है।आज के इस दौड़ भाग वाले जीवन मे इस प्रकार के आयोजन से शारीरिक व्यायाम और मानसिक भी होता है।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने के लिये ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए । भाजपा महिला मोर्चा समय समय पर ऐसे आयोजन करते रहेगी । जब हम महिलाओं को अवसर देंगे तभी उनका उत्थान होगा ।

इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान अलबेला पारा की टीम रही जिसके कप्तान अमिता कोर्राम व उनकी टीम को पुरस्कार के रूप में 5000 रु की राशि व शील्ड प्रदान किया गया ।

महिला वर्ग में ही द्वितीय स्थान पर शिवनगर कांकेर की टीम रही जिसे 3000 रु की राशि व शील्ड तृतीय स्थान पर एम जी वार्ड कांकेर की टीम रही जिसे 1000 रु व शील्ड मुख्य अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम कन्या क्रीड़ा परिसर की टीम ने, द्वितीय स्थान इरादाह की टीम ने व तृतीय स्थान इन्द्रू केंवट कन्या महाविद्यालय की टीम ने प्राप्त किया।इस आयोजन को सफल बनाने में भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र रजक, क्रीड़ा अधिकारी आबिद खान , शकुन्तला राठौर का विशेष योगदान रहा।

प्रथम पेज का शेष

चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम ...

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी भी जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। सिराज पिछले साल हुए टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उन्हें शामिल नहीं किया गया।

कुलदीप को मिला मौका

भारतीय टीम में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी शामिल किया गया है जो ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोटिल हो गए थे। कुलदीप चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जा सके थे, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफपांचवें टेस्ट के दौरान चोटिल हुए स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी टीम में जगह मिली है। हालांकि, उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया है और उनकी जगह हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफसीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है।

शमी की वापसी, यशस्वी पर जताया भरोसा

वनडे विश्व कप में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले शमी की वनडे टीम में वापसी हुई है। शमी वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं और वह एक बार फिर आईसीसी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। वहीं, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर वनडे प्रारूप में भी भरोसा जताया गया है और वह टीम में ओपनिंग बल्लेबाज का एक विकल्प हैं। यशस्वी 2024 में शानदार फॉर्म में दिखे थे।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है...

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा।

सरकार नया आयकर...

प्रावधानों को हटा दिया जाएगा।

आयकर अधिनियम, 1961, जो प्रत्यक्ष करों - व्यक्तिगत आईटी, कॉरपोरेट कर, प्रतिभूति लेनदेन कर, उपहार और संपत्ति कर के अलावा- के अधिरोपण से संबंधित है, में वर्तमान में लगभग 298 धाराएं और 23 अध्याय हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार की कोशिश इन धाराओं और अध्यायों में लगभग 60 प्रतिशत की कटौती का है। सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था कि समीक्षा का उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढऩे और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी। इससे मुकदमेबाजी में उलझी मांग में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इसे छह महीने में पूरा करने का प्रस्ताव है।

हमास की तर्ज पर नक्सली...

नक्सली हिड़मा की बटालियन पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी और सेंट्रल रीजनल कमेटी से ज्वॉइंट फोर्स की जब मुठभेड़ चल रही थी। इस दौरान जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली हिड़मा और देवा पहाड़ी की तरफभाग घने जंगलों की ओर जान बचाकर भाग निकले। माना जा रहा है कि वह सुकमा के बीहड़ क्षेत्रों में या तेलंगाना की सीमा में छुपा बैठा है। यदि वह फोर्स के इस खास नक्सल ऑपरेशन से नहीं बच पाता, तो उसका एनकाउंटर तय था।

बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया था, जिनके शव भी बरामद कर लिये गये हैं। जवानों ने हथियारों का बड़ा जखीरा भी बरामद किया है। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में देर रात से सुबह तक रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल थे।

सुरंग में हथियारों का जखीरा

सुरक्षाबलों को तलाशी में सुरंग में हथियारों का बड़ा जखीरा मिला है। पता चला है कि नक्सली लेथ मशीन की मदद से हथियार बनाते थे। बड़ी संख्या में पाइप, बिजली के तार और अन्य सामग्री मिली है। जवानों ने सुरंग को पाट दिया है।

हिड़मा ने जवानों पर फायरिंग कराने के लिए नाली को जेसीबी की मदद से बनवाया था। फोर्स से छुपाने के लिए सुरंगों को लोहे की मोटी प्लेट से ढक रखा था ताकि गोली अंदर न जा सके और नक्सली सुरक्षित रह सकें। इस सुंरग की लंबाई 12 से 15 फीट और उंचाई करीब 8 फीट बताई जा रही है। बताया जाता है कि जो लोहे की पाइप, बिजली के तार, लोहे की मोटी प्लेट और लेथ मशीन आदि नक्सलियों ने लूटे हुए सामान हैं। चर्चा ये है कि ये सारे सामान नक्सलियों के शहरी नेटवर्क की ओर से उन्हें उपलब्ध कराई जाती है।

कौन है खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा?

बस्तर में नक्सल आतंक का पर्याय बन चुके खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा को संतोष उर्फइंदमुल उर्फपोडियाम भीमा जैसे कई और नामों से भी जाना जाता है। सुकमा उसका गढ़ माना जाता है। यहां पर होने वाली सभी नक्सल गतिविधियों पर उसका नियंत्रण रहता है। वह वर्ष 1990 में नक्सलियों के संगठन से जुड़ा। पिछले कई साल से सुरक्षा एजेंसियां उसकी तलाश में जुटी है। छत्तीसगढ़ में कई नक्सली हमलों को अंजाम देने वाले इस दुर्दांत नक्सली का जन्म सुकमा जिले के पूवर्ती गांव में हुआ था। यह गांव दुर्गम पहा?ियों और घने जंगलों के बीच स्थित है। कहा जाता है कि इस गांव में पहुंचना मुश्किल है। इसके बाद भी फोर्स के हौसले को सलाम है, जो कठिन डगर के बावजूद उसके गढ़ में पहुंच चुकी है।

4.87 करोड़ की गड़बड़ी में ...

खुलासा होने के बाद इन मामलो में अलग-अलग विभागीय जांच भी कराई गई है। जांच में गड़बड़ी प्रमाणित होने पर संबंधित कर्मी को अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया है इसमें अधिकतर मामलों में कर्मचारियों ने गड़बड़ी करना स्वीकार भी किया। इसके बाद उन्हें गड़बड़ी की राशि समायोजन का अवसर भी दिया गया, लेकिन उन्होंने राशि जमा नहीं कराई. इसके बाद ये सभी मामले में 20 दिसंबर को स्टॉफउप समिति में रखे गए. इसमें सभी मामलों पर अलग-अलग विचार कर सभी के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई का फैसला किया गया। कर्मचारियों को बैंक कर्मचारी सेवा नियम 57 (एक) (द) के तहत सेवा मुक्त किया गया है।

सैफअली खान का संदिग्ध...

अभी फिलहाल वह छुपने के लिए अपने नानी के घर चांपा जा रहा था।

उन्होंने आगे बताया कि राजनांदगांव की आरपीएफटीम ने भी इसे पकडऩे का प्रयास किया, लेकिन किसी तरह ये उनकी पकड़ में नहीं आ पाया। इसके बाद दुर्ग आरपीएफकी टीम ने इसे धर दबोचा। आरोपी आकाश कन्नौजिया ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में बैठकर सफर कर रहा था। मुंबई पुलिस की टीम के आने के बाद मामले में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

15 से 16 जनवरी की दरमियानी रात सैफपर हुआ हमला

बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान पर 15 से 16 जनवरी की दरमियानी रात हमलावर ने चाकू से 6 बार हमला किया था। हमलावर उनके घर में चोरी की नियत से घुसे थे और उन पर ताबड़तोड़ हमलाकर वहां से फरार होने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां अभिनेता की सर्जरी की गई थी। सैफअली खान की हालत अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने बताया कि एक्टर की रीढ़ की हड्डी से ढाई इंच का चाकू का टुकड़ा निकाला था। डॉक्टरों ने बताया कि अब एक्टर होश में हैं और उन्हें जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा, लेकिन अब भी कई सवाल हैं जिनके जवाब बाकी हैं।

इस मामले में दुर्ग आरपीएफपोस्ट की टीम ने एक आरोपी को ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से पकड़ा है, जिसकी सूचना मुंबई पुलिस को दे दी गई है। मुंबई पुलिस की एक टीम वहां से रवाना भी हो गई है, जो करीब रात 8 बजे तक यहां पहुंच जाएगी। इसके बाद आरोपी को उन्हें हैंड ओवर किया जाएगा। अब इस मामले में आईजी मुन्नवर खुर्शीद ने माडियासे बातचीत में बड़ा खुलासा किया है।0000

पुलिस व अन्य सरकारी...

संख्या में योग्य और अनुभवी उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे, जिससे पुलिस बल अधिक विविध और मजबूत बनेगा। राज्य के मुख्य मंत्री ने इस बात पर भी गौर किया कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के युवाओं को अक्सर नौकरी के लिए अवसरों की कमी होती है, आयु सीमा में छूट से इन क्षेत्रों के युवाओं को भी समान अवसर मिलेंगे। जिससे पुलिस बल में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और ग्रामीण परिवेश सुदृढ़ होगा।

शासकीय भर्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट वाला यह कदम समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने और उनके बीच भेदभाव को कम करने में भी मदद कर रहा है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवार इस छूट का फायदा उठा सकेंगे। सरकारी नौकरियों में चयन होने से व्यक्तियों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा इससे समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

न्यूज गैलरी

नवापारा में धूमधाम के साथ मनाया भक्त गुहा निषाद जयंती

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय नवापारा निषाद समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 जनवरी गुरुवार को भक्त गुहा निषाद जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहले नगर निषाद समाज द्वारा नगर निषाद धर्मशाला से भगवान राम जी की प्रभात फेरी निकाली गई। वही सुबह साथ 10 बजे बाइक रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात दोपहर 1:00 बजे से विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे आगे आगे मानस मण्डली की महिलाये भगवान राम व भक्त गुहा निषाद की महिमा का बखान करते चल रही थी, तों पीछे पीछे भव्य दिव्य राम दरबार एवं अयोध्या राम मंदिर का दिव्य दरबार शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। वही डीजे धुमाल के धुन में भी भक्त झुमते नजर आये। रात्रि में क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू अपने समर्थकों के साथ निषाद धर्मशाला पहुंचे और भगवान राम सहित भक्त गुहा निषाद का पूजा अर्चना कर समाज सहित क्षेत्रवासियो के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने निषाद समाज को कर्मठ व ईमानदार बताते हुए उनकी तारीफकी। आयोजन को सफल बनाने में निषाद समाज के अध्यक्ष पन्ना निषाद, उपाध्यक्ष नरोत्तम निषाद, कोषाध्यक्ष कृष्णा निषाद, सचिव भुवनेश्वर निषाद, बल्दू निषाद, शंभू निषाद, सुजीत निषाद, कैलाश निषाद, इंद्रमण निषाद, राजा निषाद, रवि निषाद, दयाराम निषाद रायपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य, माखन निषाद सहित बड़ी संख्या में समाजिकजनों का सराहनीय योगदान रहा।

सेवानिवृत होने पर व्याख्याता कांति नागवंशी की भावभीनी विदाई

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल नया बम्हनीभाठा विकासखंड डोंगरगांव में पदस्थ एवं कार्यरत व्याख्याता (हिंदी) कांति नागवंशी को शाला परिवार एवं ग्रामीणों के द्वारा सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांति नागवंशी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। शाला परिवार के द्वारा आमंत्रित अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं धन्यवाद नृत्य प्रस्तुत किया गया। व्याख्याता कुमारी कुसुम मिंज ने नागवंशी मैडम का संक्षिप्त परिचय एवं विभिन्न विद्यालयों में दी गई सेवाओं की जानकारी प्रस्तुत की। संस्था प्राचार्य संत राव बोरकर एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू ने बताया कि नागवंशी मैडम अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रही। समय और अनुशासन का पूरा-पूरा ध्यान रखती थी।शाला के बच्चों का उनसे विशेष लगाव था। शाला की शिक्षिका हेमलता रामटेके एवं वर्षा खोब्रागड़े मैडम ने सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीण चुन्नू लाल शांडिल्य, रामचंद्र साहू,,शांति बाई साहू ,जीवन साहू, संतराम साहू ,कुमारी सोनल नागवंशी, सुरभि नागवंशी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

देश में 4 हजार 700 किमी स्वीकृत सड़क में से 51 प्रतिशत 2400 किमी सड़क का निमार्ण सिर्फ छत्तीसगढ़ में

विष्णु के सुशासन में ग्रामीण और वनांचल वासियों को मिल रहा पक्का आवास -उपमुख्यमंत्री शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज ग्राम महाराजपुर कवर्धा में आयोजित आवास मेला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण कर खुशियों की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जिले के लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और चाबी भेंट की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर आवास मेला का शुभारंभ किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का पारंपरिक संस्कृति से चरण पखार कर ग्रामीण परिवारों का सम्मान कर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने आवास मेले में कबीरधाम जिले के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नए आवास की चाबी और पूर्णतः प्रमाण पत्र भेंट की। उप मुख्यमंत्री ने आवास मेला में स्वास्थ्य विभाग, आरटीओ, खाद्यविभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अजय

त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, उमंग पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राही और क्षेत्रवासी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आवास मेला में आएं हितग्रसाहियों को आवास स्वीकृत होने और आवास निर्माण पूर्ण होने पर नए घर में प्रवेश के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कोठार से मोर आवास मोर अधिकार का नारा से आवास के लिए आंदोलन किया गया था और इसी से आवास के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज इसी का परिणाम है कि नए शासन आने के बाद सभी का आवास बनना प्रारंभ हुआ है और छूटे हुए लोगों का भी सर्वे कर पात्र हितग्राहियों का आवास के लिए नाम जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव की सरकार ने प्रदेश के आवासहीन परिवारों को पक्का आवास का अधिकार दे रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही है। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिये। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने छत्तीसगढ़ के लाखों गरीबों के घर का सपना पूरा कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशील सरकार ने पूरे देश के लिए 32 लाख 50 हजार आवास स्वीकृति किए है। जिसमें 8 लाख 47 हजार आवास की स्वीकृति कुल 30 प्रतिशत सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिला है। यह प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि यह सब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दिवस केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ को 3 लाख 3 हजार 384 आवास और प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पूरे देश में 4 हजार 700 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 2400 किलोंमीटर सड़क कुल 51 प्रतिशत सड़क का निर्माण सिर्फछत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।

सुदूर वनांचल, दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे बैगा बाहुल्य जनजाति क्षेत्रों में सड़कों के जाल बिछने से आ रही एक नई क्रांति

सड़क निर्माण से बैगा जनजातियों की जिंदगी में आ रहा बड़ा बदलाव

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल, दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे बैगा बाहूल्य जनजाति क्षेत्रों में सड़कों के जाल बिछने से एक नई क्रांति आ रही है। सड़क का यह बिछा जाल न केवल बैगा जनजाति के लोगों के जीवन को आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत कबीरधाम जिले के 56 जनजाति बसाहटों को जोड़ने के लिए 186.20 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। इनमें वनांचल क्षेत्र के 47 सड़कों का काम प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं छोटी बड़ी नदी नालों में पुल-पुलिया का निर्माण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बहुल गांवों में

सड़क सुविधाओं के विस्तार का कार्य तेजी से प्रगति पर है। 2024-25 (बैच-1) में 12 सड़कों (48.10 कि.मी.) के लिए 38.22 करोड़ रूपए और 2024-25 (बैच-2) में 17 सड़कों (40.80 कि.मी.) के लिए 28.20 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल वनांचल क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बैगा परिवारों में खुशहाली और बेहतर जीवन की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल ग्राम अमनीया से अमीटोला, रूखमीदादर से सांईटोला, अमनिया बांगर रोड़ राहीडांड से चाउरडोंगरी और अमनिया से बरटोला को सड़कों के कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण के लिए निर्देशित भी कर रहे है। जिले के बैगा बाहूल क्षेत्र, जो पहले सड़कों की कमी के कारण शहर से लगभग कटे हुए थे, अब सड़क के जाल से जुड़ चुके हैं, जिससे यहाँ के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। इन सड़कों के निर्माण से बैगा जनजाति के लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आ रहा है। पहले जहाँ उन्हें जरूरी वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी, अब वे आसानी से इन सुविधाओं तक पहुँच रहें हैं। बच्चों के लिए स्कूल जाना आसान हो गया है, और बीमार व्यक्तियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं। सड़कों के बिछे इस जाल ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार किया है। स्थानीय उत्पादों को अब बाज़ार तक पहुँचाना सरल हो गया है, जिससे बैगा समुदाय के लोगों की आय में भी वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, बाहर के लोग भी अब इन क्षेत्रों तक आसानी से पहुँच पा रहे हैं, जिससे पर्यटन और अन्य गतिविधियों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

विधायक ईश्वर साहू ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू और क्षेत्रवासियों के मांग पर सुवरतला चौक से परपोड़ी पहुंच मार्ग का सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत मिल गई है। जिसका गुरुवार को साजा विधायक ईश्वर साहू ने विधि विधान से मन्त्रोंचारण के साथ भूमि पूजन किया। 12.500 किलोमीटर लम्बाई की इस सड़क लिए शासन द्वारा कुल लगभग 22 करोड़ 80 लाख रूपये के प्रशासनिक राशि की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान किया गया है। लगातार कई महीनों से इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और आम लोगों ने भी मिलकर विधायक साहू जरूरतें बताई थीं। इस आधार पर साहू ने योजना बनवाकर शासन को भेजा, जहां से तत्काल मंजूरी भी मिल गई है। सड़क का काम पीडब्लूडी विभाग करेगा। इन कार्यों के भूमिपूजन के मौके पर विधायक ईश्वर साहू ने समारोह में नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे अपनी जरूरत को सीधे मिलकर चर्चा करे। उन्होंने कहा कि सभी आश्वस्त रहें कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े जितने भी जरूरी काम होंगे, सभी ग्रामो में जल्द करवाए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक साहू ने इस स्वीकृति के लिए सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया। भूमि पूजन आयोजित समारोह में क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए विधायक साहू ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में वार्डो में लोगों के लिए खुशहाल वातावरण तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह सिलसिला लगातार चलेगा।

डिप्टी सीएम शर्मा के नेतृत्व में विकास को मिल रही गति, क्षेत्रवासियों के लिए संजीवनी

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के समुचित विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पक्की सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसी क्रम में कवर्धा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरी कला में 41 लाख 65 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ क्षेत्रीय और स्थानीय जनप्रतिनिधयों द्वारा भूमि पूजन किया गया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह बड़प्पन है कि वे अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन कराते हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों की गति तेज हुई है, जो क्षेत्रवासियों के लिए संजीवनी साबित होगी। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र में यातायात की सुविधा में सुधार होगा और ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी। इसके अलावा क्षेत्र के विकास के लिए यह एक अहम कदम साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्रीय विकास को गति मिली है और वे हमेशा अपने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनका यह दृष्टिकोण जिले के हर ग्रामवासियों के लिए लाभकारी है, जो आने वाले समय में जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परेटन वर्मा, वीरसिंह पटेल, चंदन पटेल, रोहित नाथ योगी, मिथलेश बंजारे, शंकर सोनवानी, नागेश्वर जयसवाल, राजकुमार जांगड़े समेत कई गणमान्य जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इस परियोजना के प्रति अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में दानीराम चंद्रवंशी, जगन्नाथ वर्मा, रामलाल साहू, कृष्ण कुमार वैष्णव, दिलीप घृतलहरें, निर्मल लहरें, रामकुमार पटेल, हरीचंद पटेल, राजेंद्र साहू, शिव योगी, गौरी सेन, रामप्रसाद विशकर्मा, बल्लू सिंह राजपूत, घनेश पटेल, चैतराम साहू, रोहित साहू, भोला साहू, टोपा सिंह सहित ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विखं समन्वयक के पद पर प्रकाश की नियुक्ति

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में नए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक की नियुक्ति विकासखंड नगरी में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के पद पर प्रकाश चंद साहू का नियुक्ति हुआ है जो वर्तमान में संकुल केंद्र सिहावा में समन्वयक के पद पर विगत 14 वर्षो से कार्यरत थे ।उनके विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बनने पर जिला समन्वयक संघ की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया है जिसमे जसपाल खनूजा जिला अध्यक्ष,नवीन जाचक सचिव, दिनेश साहू कोषाध्यक्ष, भारत सोनी उपाध्यक्ष लोचन साहू सुरेंद्र लोनहारे ,संजय रेड्डी ,लोमश साहू,उमेश सोम ,दिनेश ताम्रकार, धनंजय साहू ,नंदकिशोर ध्रुव, लोकेश्वर सुरेशा, ब्लॉक नगरी ने बधाई प्रेषित किया है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए एप लॉन्च

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को नागरिकों तक सरल और सुलभ बनाने के लिए एक नया मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। यह एप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।

इस एप के माध्यम से नागरिक अपने स्मार्टफोन का उपयोग करते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। एप के जरिए नागरिक आसानी से अपना अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं, एमएमयू की लाइव लोकेशन का पता लगा सकते हैं और अपनी खून जांच की रिपोर्ट डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस एप से जोड़ा जा सकता है। एप को डाउनलोड करने के लिए नागरिकों को दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि फ्लिहाल गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है। यह गाड़ी विभिन्न वार्डो के सार्वजनिक स्थलों पर खड़ी होकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। गाड़ी में एमबीबीएस चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब असिस्टेंट की टीम तैनात है, जो मरीजों का इलाज करती है। एमएमयू में 41 प्रकार की जांच और 170 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना का मिल रहा लाभ

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में शासन की महत्वपूर्ण योजना शहरी गरीबों के आश्रय योजना का संचालन हो रहा हैं जिसमें शहरी बेघर लोगो को निशुल्क भोजन एवम ठहरने की व्यवस्था की गई है इसके अलावा बाहर से आए आने वाले बेघरों को भी इस योजना का लाभ मिल रहा है। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में सरकारी अस्पताल के पीछे आश्रय स्थल का निर्माण किया गया है।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता आयोजित

बेरला/नवप्रदेश। विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेरला में संपन्न हुआ। जिसमें विकासखंड बेरला अंतर्गत विभिन्न स्कूलों से एक बच्चे को आमंत्रित किया गया था। इन बच्चों का सिलेक्शन संकुल स्तर पर होने वाले क्विज कॉम्पिटिशन के फ्लस्वरूप हुआ था। उसके पश्चात राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत समग्र शिक्षा के द्वारा विकासखंड स्तर पर आयोजन करने हेतु दिनांक 17 तारीख को तिथि तय की गई। जिसमें विकासखंड बेरला अंतर्गत 41 संकुल से चुने हुए 41 बच्चे अपने उपस्थिति प्रदान किया। उसी दौरान दोपहर 12:00 से इन बच्चों का विज्ञान और गणित से संबंधित परीक्षाएं संपन्न की गई। उक्त परीक्षाओं हेतु जिला स्तर से प्रश्न प्रोवाइड किए गए थे। जिसमें बच्चों को डेढ़ घंटे के समय अवधि प्रदान की गई थी, इस डेढ घंटे के समय अवधि में उन बच्चों को 40 प्रश्न हल करने थे। जिसमें सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छा विज्ञान और गणित से संबंधित प्रश्न को हल किया। यह आयोजन विभिन्न प्रकार के बच्चों को गणित और विज्ञान में बच्चों को और अधिक उत्साहित करने हेतु आयोजन समग्र शिक्षा के माध्यम से किया

गया। जिसका अवश्य ही एक दूरगामी परिणाम देखा जाएगा। बच्चों ने अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 40 अंकों में से 36 और 38 नंबर तक बच्चों ने अपनी उपलब्धि हासिल किया। उसके बाद बच्चों को प्रशस्ति एवं उपहार से सम्मानित किया गया। साथ ही संबंधित शिक्षकों को दोपहर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी किया गया। कार्यक्रम का समापन दोपहर 3:00 बजे हुआ। जिसमें मुख्य रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक खोमलाल साहू एवं विशेष मार्गदर्शन के रूप में सेजस कुसमी ठाकुर तथा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अदेश कुमार उईके, राज्यपाल पुरस्कृत भुवन लाल साहू एवं 41 शिक्षक एवं बच्चे तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संचालन पतोरा संकुल समन्वयक मयंक सिंह राजपूत के द्वारा किया गया था।

लोकार्पण | पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया लेबर कॉलोनी वार्ड में नवनिर्माण कार्यों का लोकार्पण

डॉक्टर रमन सिंह की अनुशंसा पर विकास कार्यों की मिली सौगात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर के लेबर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत, कार्यकर्ताओं व वार्डवसियो के समक्ष, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने विविध नवनिर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। उक्त निर्माण कार्यो की स्वीकृति वार्डवासियों की मांग पर डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगांव की अनुशंसा से पूर्व में प्राप्त हुई थी। पूर्व सांसद ने इन नव निर्माण संबंधी कार्यो की पूर्णता उपरांत लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद के साथ वार्ड पार्षद टोपेन्द्र (पारस) वर्मा, स्थानीय भाजपा नेतागण एवं वार्डवासी नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, हर्ष (गुड्डा) रामटेके, शिवकुमार तवास्तव, सतीश रेवतकर, प्रकाश हरिहारनो, संतोष सिंह, समीर वास्तव, तूफानी वर्मा, विजय वास्तव, संतोष रंगारी, अयूब खान, फिरोज खान, अखिलेश वास्तव, बी.डी.यादव, राकेश मिश्रा, लीला मानिकपुरी, सुधा पवार, संगीता मिश्रा, प्रतिभा मानिकपुरी, रूपाली मोर, यशोदा मेहरा, सीमा बांवरिया, एवं अन्य उपस्थित रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन के हाथों लोकार्पित कार्यो में मुख्य रूप से अधोसंरचना मद से 15 लाख रू. की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन

(जनवासा हॉल), 5 लाख रू. की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी नवीन भवन, वार्ड 16 के गार्डन में 10 लाख रू. की लागत से बउन्ड्रीवॉल निर्माण, झूला स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्यो का लोकार्पण, 2 लाख रू. की लागत से राम दरबार मंदिर के समीप टिन शेड निर्माण, समग्र शिक्षा मद से 10 लाख रू. की लागत से ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में नवनिर्मित प्रयोगशाला कक्ष का लोकार्पण कार्य शामिल है। वार्ड 16 के नवनिर्मित सामुदायिक भवन (जनवासा हॉल), आंगनबाड़ी हेतु नवीन भवन, एवं गार्डन के निर्माण कार्यो का लोकार्पण वार्डवासियो के द्वारा सामुदायिक भवन में भगवान सत्यनारायण जी की कथा एवं पूजा आरती के साथ ढोल नगाड़ा बजाकर एवं शाम को भजन संध्या का आयोजन करके किया गया। इस अवसर पर पर्व मनाते हुए वार्डवासियो ने तिल गुड़ से निर्मित मिठाई व्यंजन खाकर एवं बॉटकर खुशी मनाई। ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष के लोकार्पण के समय शाला में पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ शाला के प्राचार्य भूषण साव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, शाला के शिक्षक एवं अन्य सहायक स्टाफ सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

कुंकिग प्रतियोगिता सम्पन्न

बेरला/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग बेरला द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय कुकिंग स्पर्धा का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर (भाड़) में किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड बेरला के विभिन्न स्कूलों से प्रतिभागी रसोईया शामिल हुए। जिसमें प्रथम स्थान ग्राम सरदा, द्वितीय स्थान ग्राम रामपुर (भाड़) तथा तृतीय स्थान ग्राम सलधा के प्रतिभागी रहेद्य इस प्रतियोगिता के निर्णायक पूर्णिमा शर्मा व्याख्याता, सीमा साहू प्रधान पाठक, स्मिता साहू संकुल समन्वयक, भूमिका तिवारी एवं कुमारी अर्चना साहू

थे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नारायण ठाकुर, अधेश उएके, संकुल समन्वयक मयंक राजपूत, बलदेव कंवर, वरुण आडील व शिक्षकगण छेदन लाल दिवाकर, क्षमेश देवांगन, योगेंद्र कुमार साहू, राकेश कुमार साहू, अंबिका साहू, सुशील धृतलहरे, तामेश्वर देवांगन उपस्थित रहे।

हलफनामा के साथ जवाब पेश करने के आदेश, क्या करते हैं रेलवे के अफसर

रेलवे स्टेशन के आसपास बदहाल सड़कें, यात्री सुविधाओं को लेकर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में बिलासपुर रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा और बदहाल सड़क को लेकर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डबल बैंच में सुनवाई के दौरान इस मामले में नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने कहा आम आदमी कैसे आएगा? क्या दिक्कत हो रही है? क्या करते हैं ये लोग? आप अपना निर्माण का काम करें, लेकिन आम आदमी को असुविधा हो रही है।

कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन से सटी सड़क बिलासपुर के लोगों के लिए खतरा बन गई है क्योंकि इसकी स्थिति बहुत दयनीय है। स्थानीय लोगों ने कई बार रेलवे के अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। जिससे उस सड़क पर चलने वाले लोगों के साथ-साथ सड़क के आसपास रहने वाले लोगों को भी धूल के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। दरअसल बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास गजरा चौक से शारदा मंदिर तक की सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इस सड़क पर एक छोर से दूसरे छोर तक दिखाई देने वाले बड़े-बड़े गड्ढे चीख-चीख कर अपनी दुर्दशा की कहानी बयां कर रहे हैं। बारिश के दिनों में जहां उक्त सड़क तालाब में तब्दील हो गई थी, वहीं वर्तमान में वाहनों के पीछे उड़ने वाली धूल से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है ।

कोरमी, बसिया, हरदीकला के लोग ज्यादा प्रभावित

हालत यह है कि 24 घंटे लोग इसी धूल भरी सड़क से शहर या रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं। इस सड़क पर एक नहीं बल्कि अनगिनत बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसके कारण लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क पर सफर करने को मजबूर हैं, क्योंकि नयापारा के लोगों के अलावा कोरमी, बसिया, हरदीकला टोना सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को इस सड़क पर सफर करना पड़ता है। पिछले दो वर्षों से बारिश के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन लोगों की परेशानी की ओर किसी का ध्यान नहीं है और न ही किसी को परवाह है। सिरगिट्टी समेत ग्रामीण क्षेत्रों से रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए यही दो सड़कें हैं, लेकिन लोग इस रास्ते से आने-जाने से कतराते हैं। इन दोनों जर्जर सड़कों का इस्तेमाल करना लोगों की मजबूरी बन गई है।

हलफनामा दाखिल करने निर्देश

सुनवाई के दौरान दूसरी रिपोर्ट में बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में बताया गया है, जिसके कारण प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर मालगाड़ियों को जाने दिया जा रहा है, जबकि यात्री गाड़ियों को अन्य प्लेटफार्म अर्थात प्लेटफार्म क्रमांक 2 से 5 पर भेजा जा रहा है। इस पूरे मामले में हाइकोर्ट ने निर्देश दिया कि वर्तमान दोनों मामले के साथ टैग किया जाए। वहीं कोर्ट ने तथ्यों और स्थिति को देखते हुए, बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक को अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस पूरे मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है।

■ न्यूज गैलरी

मंदबुद्धि बालिका से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम गिरजाबंद आवास पारा में रहने वाली मंदबुद्धि बालिका एक अक्टूबर को अपने तालाब में मछली की रखवाली करने के लिए जा रही थी। उसी समय मोहल्ले में रहने वाला 23 वर्षीय महेंद्र कुमार धीवर को युवती नजर आई, जिसने बदनीयती के साथ युवती का हाथ पकड़ कर उसे अपने साथ सुनसान खेत में ले गया और फिर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। युवक को पता चल गया कि लड़की मंदबुद्धि है और उसे यह सब समझ नहीं आता तो फिर उसे शादी का झांसा देकर वह लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब इसकी जानकारी युवती की मां को हुई तो उसने 14 जनवरी को इसकी शिकायत रतनपुर थाने में की। पुलिस ने मामले को गंभीर पाया और फिर मंद बुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले महेंद्र धीवर को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा, अब तक 6.27 लाख मीट्रिक धान की आवक

बिरकोना धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी सहित अन्य को हटाने और एफआईआर के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज धान खरीदी से जुड़े तमाम अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की। कलेक्टर ने गड़बड़ी एवं लापरवाही बरतने पर बिरकोना धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी समिति प्रबंधक देवारी लाल यादव, ऑपरेटर प्रियांशु जायसवाल, वर्तमान खरीदी प्रभारी विनोद कुमार यादव को हटाते हुए इनके विरूद्ध एफआईआर करवाने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्राधिकृत अधिकारी को भी हटाने कहा है।

कलेक्टर ने संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों की चौबीसों घंटे निगरानी करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी केन्द्रों में पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जिनकी ड्यूटी नोडल के रूप में लगी है वे धान खरीदी शुरू होने से धान खरीदी खत्म होने तक मौजूद रहेंगे। कलेक्टर ने गड़बड़ी करने वाले मिलर्स के ऊपर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य मंडी और सहकारिता विभाग की बैठक लेकर धान खरीदी की बारीकी से समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि अब तक 6.27 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। कलेक्टर ने यह भी हिदायत दी है कि वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसानों को ही शासन की धान खरीदी योजना का लाभ दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने डीआरसीएस को निर्देश दिए की जिस भी समिति में गड़बड़ी मिलती है वहां के समिति प्रबंधक पर कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि धान बेच चुके किसानों से उनकी सहमति से रकबा समर्पण भी कराया जाए ताकि बिचौलिए इसका अनुचित लाभ न उठा पाए।

उठाव में आई तेजी

1 लाख 18 हजार 143 किसानों ने अपने नजदीकी खरीदी केन्द्रों में धान बेचा है। कुल धान खरीदी का 71 प्रतिशत उठाव कर लिया गया है। कोचियों और बिचौलियों पर भी लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध धान जब्त किया जा रहा है। अब तक 77 प्रकरणों में 2 हजार 976 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कलेक्टर ने दलाल और बिचौलियों पर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई और तेज करने कहा है।

रांची मण्डल के विभिन्न सेक्शनों में पावर ब्लॉक, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मण्डल के राँची-टोरी सेक्शन के मध्य पावर ब्लॉक लेकर अधोसंरचना से जुड़े कार्य किये जायेंगे। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण नीचे दिया गया है । **रद्द होने वाली गाडियां-** 19 जनवरी से 01 फरवरी तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 जनवरी से 02 फरवरी तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। **परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां-** 25 जनवरी को मालदा टाउन से चलने वाली गाड़ी संख्या 13525 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला मार्ग होकर सूरत जाएगी। 21 एवं 28 जनवरी को रक्सौल से चलने वाली गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला मार्ग होकर सिकंदराबाद जाएगी ।

टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस आज रद्द

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के कान्ड्रा व चांडिल सेक्शन के मध्य अधोसंरचना कार्य हेतु टीआरटी ब्लॉक लिया जायेगा, जिसके फलस्वरूप 19 जनवरी को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

सरकंडा के तीन मकानों में चोरों का धावा, लाखों के जेवर पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर सरकंडा क्षेत्र के बिजौर स्थित लक्ष्मी ग्रीन सिटी कालोनी में हथियारबंद चोरों ने गुरुवार रात तीन मकानों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी की यह वारदात एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिया है, जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। लक्ष्मी ग्रीन सिटी में रहने वाले मनीष मजूमदार, जो एनटीपीसी के बाल भारती पब्लिक स्कूल में शिक्षक हैं, गुरुवार रात अपने परिवार के साथ एनटीपीसी स्थित क्वार्टर में रुके हुए थे। शुक्रवार सुबह उनके पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर सूचित किया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। मनीष जब अपने घर पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि उनके मकान के ऊपर और नीचे के कमरे में सामान बिखरा हुआ था। चोर सोने-चांदी के जेवर और घड़ी समेत अन्य कीमती सामान ले गए। इसी तरह कालोनी में रहने वाले रविशंकर और सुनील गुप्ता के मकानों में भी चोरी की घटनाएं हुईं। चोरों ने तीनों मकानों का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ितों ने बताया कि लक्ष्मी ग्रीन सिटी की बाउंड्री वॉल कई जगहों से टूटी हुई है। कालोनी में सुरक्षा के लिए एक गार्ड भी तैनात है, लेकिन घटना के समय वह सो रहा था। इस वजह से चोर बाउंड्री फांदकर कालोनी में घुसने और चोरी करने में सफल रहे। करीब डेढ़ साल पहले भी इसी कालोनी में चोरों ने तीन मकानों को निशाना बनाया था। अब एक बार फिर से चोरी की घटना ने कालोनीवासियों को सुरक्षा को लेकर चिंतित कर दिया है। लोग मांग कर रहे हैं कि कालोनी की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और बाउंड्री वॉल की मरम्मत की जाए।

सीसीटीवी में कैद हुई चोरी

मनीष मजूमदार के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीरें कैद हो गईं। फुटेज में दिखा कि चोर हथियारबंद थे और बाउंड्री फांदकर कालोनी में दाखिल हुए। पीड़ित ने यह फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस इसे आधार बनाकर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है।

दिल्ली की परेड में शामिल होंगी एनएसएस की दो छात्राएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणतंत दिवस परेड नई दिल्ली के लिए विशेष अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के दो बेटियों का चयन उनके द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यो के आधार पर किया गया है। डी एल एस कॉलेज बिलासपुर की स्वयंसेविका निधि गुप्ता और ई विश्वेशरैया कॉलेज कोरबा से ऋचा स्वर्णकार विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए डी एन वाजपेई और कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने दोनों स्वयं सेवकों को बधाई दिया है।

चांपी सेतु निर्माण कार्य का विधायक अटल ने किया शुभारंभ

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। चांपी सेतु निर्माण कार्य का पूजा कर हुआ शुभारंभ कोटा लोरमी रतनपुर मार्ग में स्थित चांपी सेतु जो विगत 2 वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गया था। विधायक के अथक प्रयासों से स्वीकृत सेतु निर्माण का पूजा अर्चना कर अटल श्रीवास्तव द्वारा शुभारंभ किया गया। सेतु निर्माण होने से कोटा लोरमी रतनपुर आवागमन करने वालों को सुविधा होगी। चांपी सेतु के निर्माण हेतु कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के मांग पर बजट में 351 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। बजट में स्वीकृति होने के पश्चात भी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं होने पर अटल श्रीवास्तव द्वारा रतनपुर में महा चक्का जाम करने की घोषणा करने पर

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। 14 जनवरी को कार्य आदेश जारी हो गया कार्य पूर्णतः का समय 10 माह रखा गया है 13 दिसंबर तक पुल बनकर

डॉ. कौशिक ने किया 60 लाख की लागत बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के बड़े सुपुत्र डॉ. देवेंद्र कौशिक युवा भाजपा नेता बिल्हा विधानसभा ने किया 60 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड ग्राम पंचायत कड़ार के आश्रित ग्राम भाठापारा मे भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सेवार सोसायटी के अध्यक्ष हेमेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक, दिनेश पाण्डेय मंडल महामंत्री एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनपद सदस्य एवं सभापति भारती रजक, पूर्व अध्यक्ष बोदरी मंडल पेंगन वर्मा आदि उपस्थित थे।

जनरल टिकट काउंटर गेट नं 1 में होगी स्थानांतरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत स्टेशन परिसर का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवाएँ, बेहतर यात्री सुविधाएँ और स्वच्छ व सुगम परिवेश उपलब्ध कराने विभिन्न निर्माण कार्य शामिल है । स्टेशन को पर्यावरण-अनुकूल तकनीक और डिज़ाइन से पुनर्विकसित भी किया जा रहा है। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पुनर्विकास के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इस निर्माण कार्य के दौरान स्टेशन पर अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं और सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। रेलवे प्रशासन यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। इस निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को स्टेशन आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसलिए रेल प्रशासन द्वारा अनेक प्रबंध/बदलाव किये जा रहे हैं । इसी कड़ी में गेट नं 03 के अनारक्षित टिकट घर को गेट नं 01 के पास स्थित आरक्षण टिकट घर में शीघ्र ही स्थानांतरित किया जाएगा। उपरोक्त बदलाव निर्माण कार्य के पूर्ण होने तक रहेगा।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
वेबसाइट https://Bilaspur.gov.in
क्र./CMHO/2024-25/508 बिलासपुर, दिनांक 15/01/2025
- अल्पकालीन तृतीय निविदा सूचना -
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यशाला उन्मुखीकरण, समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्य इत्यादि में नास्ता, भोजन व्यवस्था तथा मीटिंग हाल, होटल, रूम हेतु अल्पकालीन तृतीय निविदा आमंत्रित किया गया था जिसका अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए निविदा फार्म पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय नूतन चौक सीपत रोड सरकंडा, बिलासपुर में दिनांक 20.01.2025 दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
आवेदन पत्र एवं अन्य संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट https://Bilaspur.gov.in के माध्यम से अवलोकन एवं डाउलोडन किया जा सकता है।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बिलासपुर छ.ग.
जी-242505446/2

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
कम सं (1) ई- निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी -124-24-25 दिनांक 10-01-2025
कार्य: वरिष्ठ मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टी.बी.आर. टी. डब्लू आर आदि जैसे विभिन्न ट्रैक कार्यों का निष्पादन।
निविदा मूल्य (रु) 73,12,136.02/- अमानत राशि (रु) 1,46,300.00/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह. उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कम सं (2): ई- निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी -125-24-25 दिनांक 10-01-2025
कार्य: वरिष्ठ मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टर्नआउट की डीप स्क्रीनिंग आदि जैसे ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 3,04,61,429.04/- अमानत राशि (रु) 3,02,300.00/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह निविदा जमा की आरंभ तिथी: दिनांक 27-01-2025 के 11.00 बजे से । निविदा जमा की अंतिम तिथी: दिनांक 10-02-2025 के 11.00 बजे तक । उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/440 द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार
राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-2/2024-25 ग्राम-मुंगेली मन-02 तहसील व जिला मुंगेली
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर सिंह पिता ब्रजेश सिंह ठाकुर जाति ठाकुर निवासी हथनीकला, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली मन-02 स्थित भूमि ख.नं. 1055/50 रकबा 0.012 हे. /1200 वर्गफीट को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31.01.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
ईश्तहार आज दिनांक 16.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक-235/NIT-20/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक 16/01/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05/02/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 06/02/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्यों हेतु :-
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रुपए, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' तक तथा कार्य की अवधि 03 माह, वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र. 20 निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
जिला सरगुजा के मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा के		
T0195	टर्मिनल भवन एवं ए.टी.सी. टावर में विद्युतीकरण का साधारण मरम्मत कार्य। //जमा/बजट कार्य//	5.00-5000.00-75000.00
T0196	पेरिमीटर लाइट एवं पार्किंग लाइट में विद्युतीकरण का साधारण मरम्मत कार्य। //जमा/ बजट कार्य//	5.00-5000.00-75000.00
T0197	सी.सी.टी.व्ही. एवं इण्टरकाम का साधारण मरम्मत कार्य।// जमा/ बजट कार्य//	5.00-5000.00-75000.00
T0198	स्थापित ए.सी. का साधारण मरम्मत कार्य। // जमा/ बजट कार्य//	5.00-5000.00-75000.00

नोट :-
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
जी-242505422/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
शाखा संपदा साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष- 07759-221288 फैक्स, 07759-221929, पो,बाक्स नं. 12 पिन कोड-495677
Website www.korbamunicipal.in,
Email: CorporationKorba@gmail.com
फा.क्र./15/संपदा/भू./2024/14727 कोरबा, दिनांक 7.01.2025
आम सूचना
सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्रीमती चम्पा देवी पति स्व. देवनदास को पश्चिमी कोरबा में भूखंड क्रमांक 34 साईज 3125 वर्गफुट को 30 वर्षीय लीज (अवधि 17.01.2016 से 16.01.2022 तक) पंजीयन आबंटन शर्तों के तहत फौती नामांतरण से आबंटित किया गया है। फौती नामांतरण की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने उपरांत निगम के अनुमति पत्र क्रमांक 36170/36171 दिनांक 25.11.2005 को स्वामित्व एवं आधिपत्य प्रदान किया जाता है। आबंटिती श्रीमती चम्पा देवी पति स्व. देवनदास की मृत्यु दिनांक 18.06.2024 को हो चुकी है। आबंटिती श्रीमती चम्पा देवी पति स्व. देवनदास की मृत्यु उपरांत उनके द्वारा अपने जीवनकाल में नोटरी द्वारा निष्पादित वसीयतनामा (इच्छा पत्र) दिनांक 28.12.2023 के आधार पर उनके नाम पर पश्चिी कोरबा में आबंटित भूखण्ड क्रमांक 34, साईज 3125 वर्गफुट को उनके विधिक वारिसान क्रमशः 1/ श्री राजेश कुमार दास आ. स्व. देवनदास (पुत्र) एवं 2/ श्री जयप्रकाश आ. स्व.देवनदास (पुत्र) के संयुक्त नाम पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण फौती दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, की छायाप्रति एवं अन्य प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि पश्चिमी कोरबा में स्थित भूखण्ड क्र. 34 साईज 3125 वर्गफुट के आबंटिती श्रीमती चम्पा देवी पति स्व. देवनदास की मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप उक्त भूखण्ड को उनके द्वारा नोटरी के समक्ष निष्पादित वसीयतनामा (इच्छा पत्र) में दर्ज नामिनी विधिक वारिसान क्रमशः 1/ श्री राजेश कुमार दास आ. स्व. देवनदास (पुत्र) एवं 2/ श्री जयप्रकाश आ. स्व. देवनदास (पुत्र) के संयुक्त नाम पर नामांतरण (फौती दर्ज) कराये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दे सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भूखण्ड को उनके विधिक वारिसान क्रमशः 1/श्री राजेश कुमार दास आ. स्व. देवनदास (पुत्र) एवं 2/ जयप्रकाश आ. स्व. देवनदास (पुत्र) के संयुक्त नाम पर नामांतरण (फौतीदर्ज) करने की कार्यवाही की जावेगी।
सील
आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

न्यूज गैलरी

अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई हो रही

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भठलीकला में गुरूवार को आरोपी राजाराम कश्यप से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक विशेन चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र, अपात्र सूची जारी की गई है। इसके साथ ही कई पदों पर दवा-आपत्ति निराकरण उपरांत मेरिट सूची जिले के वेबसाइट पर जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

मदनपुर में तीन दिवसीय विशेष ध्यान शिविर आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। ओशो महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ओशो पिरामिड ध्यान आश्रम, मदनपुर में 19 जनवरी तक तीन दिवसीय विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में पुणे से पधारे स्वामी ओम भारती के मार्गदर्शन में ध्यान की गहराइयों में जाने का अद्भुत अवसर मिलेगा। साथ ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से भी साधक इस शिविर में भाग लेने आ रहे हैं। ध्यान कार्यक्रम सुबह सक्रिय ध्यान और विपश्यना, दोपहर कुंडलिनी ध्यान, शाम व्हाइट रोब ब्रदरहुड ध्यान, रात्रि संध्या सत्संग, कीर्तन और ओशो प्रवचन के साथ ध्यान का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिकता और ध्यान के गहरे अनुभवों में डूबने के इस अवसर का लाभ उठाने के लिए सभी इच्छुक साधकों को आमंत्रित किया गया है।

रत्नावली कौशल ने विस अध्यक्ष रमन सिंह का अभिनंदन किया

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भाजपाई गमछा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। तत्पश्चात दोनों के बीच विकासपरक मसलों के साथ ही सत्ता, संगठन, स्थानीय निकायों और राज्य शासन के निगम, मंडलों, आयोगों, बोर्ड, प्राधिकरणों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि माता बहनों के कल्याण के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना बहुत ही हितकारी साबित हो रही है।

छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, जाति व निवास प्रमाण पत्र व विभिन्न पोर्टलों में प्रविष्टि आदि विषयों पर चर्चा

शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें प्राचार्य: कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने जिला मुख्यालय के दाउपारा में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिले के सभी विकासखण्डों के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में पाठ्यक्रम की पूर्णता, कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु किए गए प्रयासों, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, जाति व निवास प्रमाण पत्र व विभिन्न पोर्टलों में प्रविष्टि आदि विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर राहुल देव ने विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता, उन्नयन तथा बेहतर परिणाम लाने के लिए किए गए विभिन्न नवाचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और अच्छी शिक्षा समाज को समृद्ध बनाती है। इसलिए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विगत वर्षों में स्कूल के परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी ली तथा अच्छे परिणाम लाने के लिए स्कूलों के प्राचार्यों और शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने सभी प्राचार्यों तथा शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए कहा। कलेक्टर श्री देव ने कहा कि विद्यालय मंदिर की तरह होता है और शिक्षकों का संयमित आचरण और व्यवहार विद्यार्थियों को भी अनुशासित रहने के लिए प्रेरित करता है। कलेक्टर ने बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा किए गए विभिन्न नवाचारों को साझा

करने के लिए वर्कशॉप आयोजित करने की बात कही। उन्होंने विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की जानकारी देने तथा नियमानुसार शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति समायोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी ली तथा परीक्षा में किसी भी प्रकार का नकल न होने तथा बेहतर मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के आसपास के 100 मीटर के क्षेत्र में तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों के विक्रय होने पर जानकारी देने के लिए कहा, ताकि संबंधित दुकान संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक अपनी भूमिका को स्पष्ट रूप से समझें और पूरी सकारात्मकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। एक समर्पित शिक्षक ही बच्चों के सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकता है। शिक्षकों की भूमिका एक काउंसलर की भी होती है इसलिए समय-समय पर विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करें और पालकों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए बच्चों को बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर परिणाम के लिए पालकों से बेहतर समन्वय के लिए उनसे सतत संपर्क बनाए रखना भी जरूरी है। इस अवसर पर डीएमसी अजयनाथ, एपीओ रामनाथ गुप्ता, स्कूलों के प्राचार्य एवं बीईओ मौजूद रहे।

पूरे प्रदेश में दौरा कर आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही

ओबीसी आरक्षण प्रावधान में संशोधन को लेकर पिछड़ा वर्ग के लोग करेंगे विरोध

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण प्रावधान में संशोधन करके दुर्भावना पूर्वक की गई कटौती को लेकर पिछड़े वर्ग के लोग पूरजोर विरोध करेंगे। इसके लिये कानूनी लड़ाई लड़ने एवं पिछड़े वर्ग को जागरूक करने के लिए प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा है कि सामान्य सीटों पर ओबीसी को प्रतिनिधित्व देने का झूठा वादा करके भाजपा और साय सरकार ओबीसी विरोधी पाप से मुक्त नहीं हो सकती। ओबीसी वर्ग को उनके भागीदारी के अनुरूप आरक्षण का हक मिलना चाहिए। सामान्य सीटों पर प्रतिनिधित्व देने का वादा और ओबीसी समुदाय को उनकी आरक्षित सीटों का अधिकार दिए जाने में जमीन आसमान का अंतर

है। मुक्त सीटों पर किसी भी वर्ग के व्यक्ति को रोक पाना संभव ही नहीं है जबकि आरक्षित सीट का मतलब केवल उस वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू करने से है। जिला पंचायत अध्यक्षों के पदों पर पूर्व में 25 प्रतिशत ओबीसी के लिए आरक्षित हुआ करती थी, उसे पूरी तरह से खत्म कर शुन्य कर दिया गया। इसी प्रकार नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत सहित ग्राम पंचायत सरपंच, जिला जनपद पंचायत सदस्य में पिछड़ों वर्ग के अनदेखी की गई है। इसको लेकर बस्तर, सरगुजा, शक्ति, जांजगीर सहित पूरे प्रदेश में ज्ञापन सौपा जा रहा है। श्री यदु ने कहा कि न्यायालय ने सरकार को कभी यह नहीं कहा कि आप ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दो, बल्कि सामाजिक न्याय के फार्मूले पर काम करने निर्देशित किया था, प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ लिए गए इस निर्णय को सरकार वापस ले और पिछड़ा वर्ग को उनके आरक्षण का अधिकार लौटाएं। पिछड़े वर्ग को आरक्षण नही मिलने की स्थिति में प्रदेश में पिछड़े वर्गो को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जायेगा। इसी के तहत वे अभी पूरे प्रदेश में दौरा कर पिछड़े वर्ग सामाजिक नेताओं से संपर्क कर आंदोलन की रणीनीति बनाई जा रही है। इस अवसर पर यादव समाज के जिलाध्यक्ष नरेश यादव, घनश्याम यादव आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

साइबर सेल मुंगेली को 130 गुम मोबाइल खोजने में मिली सफलता

मुंगेली/नवप्रदेश। साइबर सेल मुंगेली को 130 नग गुम मोबाइलों को ढूंढने में सफलता मिली है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना सिटी कोतवाली में करीब 20 लाख रूपए के 130 नग बरामद मोबाईल को उसके वास्तविक मालिकों को सौंपा और बधाई दी। कलेक्टर ने साइबर सेल को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि इससे मुंगेली पुलिस की विश्वसनीयता और बढ़ी है। आज के समय में अधिकतम अपराध साइबर के माध्यम से हो रहे हैं, इसलिए लोगों को जागरूक और सतर्क रहना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा गुम मोबाईल को ट्रेस करने के लिए सीईआईआर ऑनलाईन पोर्टल संचालित किया जा रहा है, जिसमें नागरिक अपने गुम हुए मोबाइल की ऑनलाईन शिकायत दर्ज कराकर उसे ब्लॉक करा सकते हैं। पोर्टल पर दर्ज गुम मोबाइल की शिकायत घटना क्षेत्र अनुसार साइबर सेल एवं थाना के पोर्टल पर फॉरवर्ड की जाती है, जिस पर ट्रेसिबिलिटि डेटा प्राप्त कर पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जाती है। खोई हुई चीज मिलने पर ज्यादा खुशी मिलती है। आईएमईआई नंबर अपने पास सम्हाल के रखें। पुलिस द्वारा साइबर अवेयरनेस से बेहतर काम हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध की प्रकृति एवं खतरे के विषय में जानकारी दी और डिजिटल अरेस्ट, डॉट एपीके फाईल, सेक्सटॉर्शन, मोबाइल हैकिंग इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करके, ऑनलाईन पोर्टल पर लॉगिन करके या फिर अपने नजदीकी थाना जाकर शिकायत दर्ज कराने समझाईश दी। मोबाइल रिकव्हरी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मुंगेली सालिक राम घृतलहरे के पर्यवेक्षण में टीम गठित किया गया। निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी साइबर सेल के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार खोजबीन कर एक्टिव हुए मोबाइलों में से 130 नग मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये हैं।

शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के तत्वावधान में शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर में जैवविविधता एवं पर्यावरण विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का उद्घाटन सत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रेम प्रकाश सिंह तथा मुख्य अतिथि डॉ रामनारायण खरे प्राचार्य इंजिनियरिंग विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रशांत कुमार सिंह प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र जशपुर,डॉ अनिल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय जशपुर , उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने जैव विविधता एवं पर्यावरण विषय पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पर्यावरण जैवविविधता मानव समाज का एक अंग है। जिसको समय पालन,शिक्षक का कर्तव्य तथा संतुलन से संरक्षित किया जा सकता है।

प्राचार्य डॉ रामनारायण खरे ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ठोस प्रबंधन के कारण अम्बिकापुर नगर सबसे उत्कृष्ट शहर घोषित हुआ है। जैव-विविधता पर प्रोफेसर प्रशांत सिंह डॉ अर्नब बनर्जी डॉ मनोज झरिया डॉ मनोज झारिया,एच डी महार, तथा जनभागीदारी के सदस्य विश्वनाथ गुप्ता ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं देश के अनेक महाविद्यालय से आये शोध प्रतिनिधियों भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमचंद यादव, ने किया तथा सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास्तव ने तथा संगोष्ठी के संयोजक श्रीमती बिंदू रानी सिंह ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक अनुपम आशिष बड़ा,दिलिप कुमार सिंह, प्रेमलता सिंह, वैशाली कुशवाहा, माधुरी बरवा, यादराम कर्माकार,विनय चौहान, सहित सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

भारी एवं हल्का वाहन चालक प्रायोगिक परीक्षा 20 व 24 को

बलरामपुर/नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर ने जानकारी दी है कि सरगुजा वन वृत्त अंतर्गत बलरामपुर वनमण्डल में भारी/हल्का वाहन चालक के पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही के लिए पात्र अभ्यर्थियों के प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 08 बजे से हाई स्कूल ग्राउण्ड बलरामपुर में 20 से 24 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। जिसमें 20 जनवरी को कुल 139 पात्र अभ्यर्थियों में से पात्रता सूची क्रमांक 01 से 100 तक तथा 21 जनवरी को पात्रता सूची क्रमांक 101 से 139 तक के अभ्यर्थियों का भारी वाहन चालन/मशीनी ज्ञान प्रायोगिक परीक्षा लिया जाएगा।

संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 मार्च 2024 को किया गया है। इस अभियान के प्रभावी कियान्वयन तथा तय किये गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य की क्रियान्वयन रणनीति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना बनाई गई है। जिसके परिपालन में आज 17 जनवरी 2025 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत

सभाकक्ष अम्बिकापुर में किया गया।संभाग स्तरीय कार्यशाला में राज्य स्तर से नामांकित रिसोर्स पर्सन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी है। उक्त कार्यशाला में सरगुजा संभाग के समस्त जिले सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारी/बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पंचायत तथा ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, गृह विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा संगठन, आजीविका मिशन-बिहान के जिला प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

कार्डधारी उपभोक्ताओं को पांच माह से नहीं मिल रहा शक्कर, चना

लखनपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों में शक्कर चना नहीं मिलने जैसी अव्यवस्था चर्चा का विषय बनी हुई है कार्डधारी उपभोक्ताओं को हैरानी हो रही है कि राशन दुकानों से मिलने वाली शक्कर चना बंद क्यों हो गया है।

हितग्राहियों का खाद्यान्न शक्कर चना आखिर कहां जा रहा है। एकाध महिना किसी कारणवश नहीं मिला तो समझ में आता है, लेकिन पांच माह से लगातार कार्डधारी उपभोक्ताओं को शक्कर चना नहीं मिलना समझ के परे है। दरअसल ये मामला नगर

पंचायत लखनपुर एरिया में संचालित हो रहे राशन दुकानों का है नगर में तीन शासकीय राशन दुकान संचालित है । लेकिन किसी भी राशन दुकान में शक्कर चना उपभोक्ताओं नहीं मिल रहा है। बाजार पारा राशन दुकान में खाद्यान्न लेने आये कार्डधारी महिला उपभोक्ताओं ने बताया कि बीते साल 2024 के माह सितम्बर से लेकर नये वर्ष 2025 जनवरी तक चना शक्कर नहीं मिला है। वही दुकान संचालकों का कहना है कि बैंक डी डी पटाने के बाद भी राशन दुकानों को उपर से ही शक्कर चना सप्लाई नहीं की जा रही है तो कार्डधारी उपभोक्ताओं को हम कहां से चना शक्कर दें सकते हैं। संचालित शासकीय राशन दुकानों से शक्कर चना नहीं मिलना बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्डधारी उपभोक्ताओं ने शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए व्यवस्था सुधार कराये जाने की बात कही है। इस संबंध में खाद्य निरीक्षक एल पी वर्मा ने बताया कि इस तरह की अव्यवस्थाओं के बारे में दुकान संचालक अवगत नहीं कराते। उनको हमें बतानी चाहिए।

आयोजन

गणेश की पूजा-अर्चना में लीन रहे आस्थावान, सुमुख गणेश मंदिर में विषेश अनुष्ठान का किया आयोजन

संकट चौथ आज, संतान की लम्बी आयु, सुख समृध्दि के लिये माताओं ने रखा व्रत

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में सकट चौथ व्रत को लेकर भक्तों मे खास उत्साह देखा गया यह पावन व्रत रखा गया, जिसमें महिलाएं द्वारा संतान की लंबी आयु और सुख-समृध्दि के लिये भगवान गणेश की विशेष पुजा-अर्चना की गई। शहर के प्रमुख गणेश मंदिर, श्रीराम मंदिर में विशेष अनुष्ठान किया गया। भक्तगण रात को चन्द्रोदय के समय 9:09 भगवान गणेश की आराधना कर व्रत खोले। सकट चौथ व्रत हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है, जिसे संकटो को दूर करने और संतान की लंबी आयु के लिये रखा जाता हैं। यह माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गणपति बप्पा की विशेष पुजा-अर्चना कर भक्त उनसे कृपा की कामना करते है। इस बार सकट चौथ व्रत रखा गया। वैदिक पंचांग के अनुसार, चतुर्थी तिथि 16 जनवरी को सूबह 4:09 बजे शुरू हुई थी और 17 जनवरी को सुबह 5:33 बजे समाप्त हो गई। उदया तिथि के अनुसार, सकट चौथ व्रत 17 जनवरी को रखा जाना श्रेयस्कर माना गया था। इस दिन चन्द्रोदय रात 9:09 बजे हुआ। जिसके बाद व्रती महिलाओं द्वारा अर्ध देकर व्रत का पारण किया गया। नगर में सकट चौथ पर श्रध्दालुओ आस्था देखते ही बनती है। श्रीराम मंदिर परिसर में भी गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष भक्तों द्वारा हवन, अभिषेक और आरती किया गया।

यह है व्रत की पुजा विधि- सकट चौथ के दिन व्रती महिलाएं प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर और व्रत का संकल्प ले। इसके बाद घर या मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को गंगाजल, दुध और पंचामृत से स्नान कराएं और शुध्द जल से अभिषेक करें। भगवान गणेश को नवीन वस्त्र पहनाकर 16 श्रृंगार अर्पित करें, जिसमें चंदन, सिंदुर, फुल, अक्षत और दुर्वा विशेष रूप से चढाई जाती है। पुजन के दौरान भगवान गणेश को मोदक, फल, दुध तिल-गुड से बनें लड्डु और गजक का भोग लगाएं, क्योकि यह उन्हे अत्यंत प्रिय है। व्रती महिलाएं पुरे दिन निर्जल या फलाहार व्रत रखती हैं, और विधि विधान से गणेशजी की आराधना करती है। सूर्यास्त के बाद विधि पुर्वक गणेश पुजन करें और ÷ऊँ गण गणपतये नमः÷ मंत्र का जाप करे। चन्द्रमा के उदय होने पर उन्हे अर्ध अर्पित करे और फिर प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण करे।

सकट चौथ व्रत का महत्व

सकट चौथ व्रत हिन्दू धर्म में संतान की लंबी उम्र, सुख-समृध्दि और परिवार की खुशहाली के लिये रखा जाता है। मान्यता है कि उस व्रत को करने से संतान से जुडे सभी कष्ट दुर होते है और में सुख-शाति बनी रहती है भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुध्दि के देवता माना जाता है, इसलिये सकट चौथ पर उनकी पुजा करने से जीवन के सभी संकट समाप्त हो जाते हैं विशष रूप से माताएं इस व्रत को संतान की सूरक्षा और समृध्दि के लिये करती है।

योजना का रूटमैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के 41 बसाहटों में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही योजना का रूटमैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत, प्रस्तावित एवं कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंबा केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।

भक्त गुहा निषाद जयंती : सिहावा क्षेत्र में भव्य आयोजन, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

नगरी/नवप्रदेश। निषाद समाज सिहावा क्षेत्र द्वारा भक्त गुहा जयंती समारोह एवं एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन दिन-गुरुवार, को स्थान कर्णेश्वर पाम देऊरपारा में आयोजित है।सिहावा निषाद समाज सिहावा क्षेत्र के तत्वावधान में भक्त गुहा निषाद जयंती का भव्य आयोजन क्षेत्र में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक ने अपने संबोधन में भक्त गुहा निषाद के जीवन और उनके द्वारा समाज में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्त गुहा निषाद ने समाज में समानता, सेवा और समर्पण का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू निषाद, अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग, छत्तीसगढ़ ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, श्रवण मरकाम, विकल गुप्ता, प्रेमलता नागवंशी,अजोर सिंह निषाद और अन्य प्रमुख समाजसेवी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भक्त गुहा निषाद जयंती के इस आयोजन में सिहावा क्षेत्र और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। समारोह में समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान भक्त गुहा निषाद के आदर्शों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज के युवाओं और बच्चों ने भक्त गुहा निषाद के जीवन पर आधारित गीत, नृत्य और नाटकों की प्रस्तुति दी। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

आधारित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो समाज को उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दे रहे थे। जिसमे निषाद समाज के अध्यक्ष अजोर सिंह निषाद उपाध्यक्ष हिरसिंगनिषाद महासचिव प्रभु लाल निषाद ईश्वर लाल निषाद सचिव संतोष कुमार निषाद अंकेक्षक हरक राम निषाद निषाद नगरी जोन अध्यक्ष सियाराम उपाध्यक्ष किशोर सचिव राजकुमार सकरा जोन अध्यक्ष रमेश कुमार उपाध्यक्ष गोकुलधाम सचिव भीखराज सिहावा जोन अध्यक्ष दिलीप कुमार उपाध्यक्ष परदेसी राम सचिव सुरेश कुमार गटासिली जोन अध्यक्ष भारत उपाध्यक्ष आसाराम सचिव चंद्रहास बेलरजंग अध्यक्ष उपाध्यक्ष शिवकुमार सचिव देवेंद्र कुमार थे। मुख्य कार्यक्रमों मुख्य अतिथि का संबोधन विधायक अंबिका मरकाम ने भक्त गुहा निषाद को भारतीय समाज में सामाजिक समरसता और सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने समाज को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। साथ अपने समाज का निषाद समाज अपने व्यवसाय को को आगे बढ़ाये और न छोड़े की बात कहा गणमान्य अतिथियों के उद्बोधन अध्यक्ष नेहरू निषाद ने समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की साथ मेरा हर संभव प्रयास रहेगा श्री रामचंद्र जी पुरे देश मे विख्यात है आज श्री रामचंद्र जी की महिमा गांव गांव मे गुज रहा है भारत देश में निषाद समाज की अलग पहचान है मेरी ओर से साथ निषाद समाज को आगे बढ़ाने को हरभव प्रयास करूंगा। डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि भक्त गुहा निषाद का जीवन हमें त्याग, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। सम्मान समारोह इस अवसर पर समाज के विशिष्ट व्यक्तियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

दोदिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण में जिले के 73 वाहन चालक हुए प्रशिक्षित

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन

रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में 15 एवं 16 जनवरी को विभागीय वाहन चालकों का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित कुल 73 वाहन चालक उपस्थित रहे। इनमें पहले दिन 37 और दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 36 वाहन चालकों ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर वाहन चालकों को फर्स्ट एड की प्री एवं पोस्ट टेस्ट भी लिया गया। साथ ही सभी प्रकार के प्रारंभिक उपचार के बारे में बताते हुए प्रेक्टिकल कर ग्रुप वाईस चलित रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन श्रीमती प्राप्ति वासानी, वाईस चेयरमेन श्री शिवा प्रधान, संगठक श्री आकाशगिरी गोस्वामी, जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं नेत्र सहायक अधिकारी डॉ.गुरूशरण साहू, श्री तोमेश्वर कुमार भण्डारी, श्री प्रदीप साहू उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद सभी को प्राथमिक उपचार प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया गया।

जिले के 39 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का पुर्नगठन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे कार्यरत 39 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का पुनर्गठन और 26 नवीन बहुउददेश्यीय प्राथमिक साख सहकारी समितियों का गठन किया गया है । इसके लिए जिला कार्यालय मे आयोजित बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एडीएम प्रेम कुमार पटेल अध्यक्ष संयुक्त कार्यसमिति उपस्थित रहे । बैठक में समिति के सह सचिव रघुराज सिंह सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, आलोक शर्मा नोडल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खैरागढ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सहायक पंजीयक राघुराज सिंह ने बताया कि समितियों के गठन एवं पुर्नगठन से जिले के कृषकों को आसानी से खाद बीज सहित केसीसी ऋष्ण प्राप्त होगी।

पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की

अध्यक्षता में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 व नियम 1996 अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर वर्मा एवं समिति के समक्ष जिले में पीसीपीएनडीटी अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओं की अद्यतन जानकारी रखी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा द्वारा जानकारी देने के उपरांत जिला सलाहकार समिति से चर्चा कर पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के नवीनीकरण संशोधन आदि विषयों पर आवश्यक कार्यवाही कर अनुमोदन किया गया। जिले में सोनोग्राफी की सुविधा लोंगों को निजी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध की जाएगी। जिससे सोनोग्राफी हेतु दूसरे जिले में नही जाना पड़ेगा। इसके अलावा पीसीपीएनडीटी अंतर्गत प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की गई। जिस पर कलेक्टर वर्मा द्वारा शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश दिये।

मचा सियासी घमासान, अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने की कवायद

जिला पंचायत चुनाव के लिए भाजपा की महिला उम्मीदवारों ने सौंपी दावेदारी

- **मुढ़ीपार जिपं क्षेत्र से लिमेश्वरी, अरूणा, वंदना सहित गायत्री की दावेदारी, पाडादाह से संजय यदु ने मांगी उम्मीदवारी**

खैरागढ़ /नवप्रदेश। भाजपा मे भी पंचायत चुनाव के लिए दावेदारों की फौज तैयार हो रही है । कांग्रेस सहित भाजपा भी पंचायत चुनाव मे जीत का परचम लहराने की तैयारी मे जूटी है । नगरीय चुनावों के लिए छूईखदान गंडई मे बैठको को दौर जारी है । तो खैरागढ़ जिला पंचायत के पहली बार होने वाले चुनाव के लिए महिला उम्मीदवारो मे भी उत्साह है । जिला पंचायत अध्यक्ष पद महिला अनारक्षित वर्ग के खातें मे जाने के बाद ऐसे महिला उम्मीदवारो की दावेदारी भी सामने आई है जो पिछ्ले कई सालो से पार्टी मे सक्रियता के साथ काम करते लोगो के बीच भी जनप्रतिनिधि के रूप मे बड़ी जवाबदारी निभा रहे है । नए भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के तहत पाडादाह मे आयोजित बैठक मे पाडादाह और मुढ़ीपार जिला पंचायत क्षेत्र के लिए विभिन्न महिला उम्मीदवारो ने अपनी

दावेदारी सामने रखी है । हालंकि दावेदारो को लेकर बैठक मे विशेष चर्चा नही हूई । लेकिन नए पूराने सभी प्रकार के उम्मीदवारो की दावेदारी करने से भाजपा मे भी प्रत्याशी चयन को लेकर गहमागहमी की स्थिति बनने की संभावना बढ़ गई है । बैठक मे पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा बिसेशर साहू, मंउल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, नरोत्तम सिन्हा, पुष्पराज सिंह, मानिक यदु, संतोष देवांगन, गौस मोहम्मद, संतोष कर्ष, पंकज सिंह, कमलेश्वर सिंह, उमेन्द्र उइके, निमेश सिंह गहरवार सहित बडी संख्या मे पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

लिमेश्वरी, अरूणा, गायत्री सहित वंदना ने मुढ़ीपार से की दावेदारी

नए जिलाध्यक्ष डा बिसेशर साहू के स्वागत बाद आयोजित बैठक मे दावेदारी प्रस्तुत करने के दौरान मुढ़ीपार जिला पंचायत क्षेत्र के अनारक्षित महिला के खाते मे जाने के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य रही लिमेश्वरी हेमु साहू की दावेदारी सामने आई है । उनका गांव भी इस बार मुढ़ीपार जिपं क्षेत्र मे जूड़ा है । साहू के अलावा जनपद सदस्य वंदना वर्मा, वंदना टांडेकर, जनपद सदस्य अरूणा सिंह, पूर्व सरपंच गायत्री प्रमोद जंघेल ने भी मुढ़ीपार जिपं क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है ।

पाडादाह जिपं क्षेत्र ओबीसी मुक्त आरक्षित होने के बाद पाडादाह के संजय यदु की एक मात्र दावेदारी सामनें आई है । जनपद पंचायत सदस्यों के लिए बैठक के दौरान पाडादाह जनपद क्षेत्र के लिए पाडादाह सरपंच सरस्वती यदु का एक मात्र नाम दावेदारी करने मे सामने आया है । जबकि बैगाटोला जनपद क्षेत्र से दावेदारी करने वालो मे पूर्व सरपंच महेश मंडावी, और पूर्व जनपद सदस्य नेमा बाई वर्मा ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है । भाजपा जिलाध्यक्ष डा बिसेशर साहू ने बताया कि बैठक मे पाडादाह और मुढ़ीपार जिपं क्षेत्र के लिए दावेदारी करने वालो ने अपनी उम्मीदवारी सामने रखी है । जनपद क्षेत्रों के लिए भी दावेदारी आई है । पार्टी संगठन स्तर पर उम्मीदवारी के लिए बनाए गए नियमों के आधार पर दावेदारी तय होगी ।

सहकारी बैंक में किसान को लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सहकारी बैंक मे गुरूवार को राशि निकालने पहुँचें किसान से रकम लूट कर फरार होने का असफल प्रयास करने वाले आरोपियों को खैरागढ़ पुलिस ने चंद घंटो की मेहनत के बाद ही गिरफ्तार कर लिया । आरोपी लूट मे असफल होने के बाद हुलिया बदलकर कार्यवाही से बचने भागने की फिराक मे थे । लेकिन पुलिस ने उनका प्लान फेल कर दिया । आरोपियों को गिरपतार कर पुलिस ने उनका शहर मे जुलूस निकाला । गुरूवार को सहकारी बैंक पहुँचे किसान महेश राव 60 वर्ष ने कैशियर काऊंटर से राशि निकालने के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाली गई रकम को जेब मे रखने के बाद हाथ मरोड़ कर लूटने और भागने के दौरान बैंक मे मौजूद लोगो के शोर और पकड़ाने के डर से राशि को छोडक़र मौके से फरार होने की सूचना पुलिस को दी थी । भागने के दौरान आरोपियों की तस्वीरे कई लोगो ने मोबाइल मे कैद कर ली थी । सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की । सीसीटीवी फूटेज सहित तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के गंडई की ओर भागने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बाइक सीजी 07 एलसी 6796 भी जप्त की है । थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि आरोपियों के फुटेज और मोबाइल से फोटो खीचें जाने की जानकारी होने पर आरोपी अपनी पहचान छिपाने बाल कटवा कर हुलिया बदल भागने की फिराक मे जूटे थे । पुलिस ने लूट का असफल प्रयास करने वाले आरोपी गोलू 32 साल, राजा 22 साल दोनो भाई निवासी रानीबगीचा गंडई को गिरफ्तार कर न्यायायल मे पेश कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

सड़क निर्माण कार्य से परपोड़ी आवागमन में होगी आसानी : साहू

- **विधायक ईश्वर साहू ने सुवरतला चौक से परपोड़ी सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन**

साजा/नवप्रदेश। विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू और क्षेत्रवासियों के मांग पर सुवरतला चौक से परपोड़ी पहुंच मार्ग सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत मिल गई हैं। जिसका गुरुवार को साजा विधायक ईश्वर साहू ने विधि विधान से मन्त्रोंचार के साथ पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। सुवरतला चौक से परपोड़ी 12.500 किलोमीटर लम्बाई की इस सड़क के लिए लगभग 22 करोड़ 80 लाख रूपये के प्रशासनिक राशि की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान किया गया हैं। लगातार कई महीनों से इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और आम लोगों ने मिलकर विधायक श्री साहू को अपनी जरूरतें बताई थी। इस आधार पर श्री साहू ने योजना बनवाकर शासन को भेजा, जहां से तत्काल मंजूरी भी मिल गई। सड़क का काम पीडब्लूडी विभाग करेगा। इन कार्यों के भूमिपूजन के मौके पर विधायक ईश्वर साहू ने समारोह में नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे अपनी जरूरत को सीधे मिलकर चर्चा करें। उन्होंने कहा कि सभी आश्वस्त रहें कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े जितने भी जरूरी काम होंगे, सभी ग्रामो में जल्द करवाए जाएंगे। इस अवसर

पर विधायक श्री साहू ने इस स्वीकृति के लिए सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए विधायक साहू ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में वार्डो में लोगों के लिए खुशहाल वातावरण तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह सिलसिला लगातार चलेगा, ताकि साजा विधानसभा के प्रत्येक गांव प्रत्येक मोहल्ला के निवासियों को बड़ा बदलाव महसूस करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि वे साजा विधानसभा के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित हैं। इस क्षेत्र में होने वाली सभी कार्य आम लोगों की जरूरतों पर ही आधारित रहेंगे। आयोजित समारोह भूमिपूजन में क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहें।

सिंगारघाट मे गुहा जयंती एवं मंडई 22 जनवरी को

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम सिंगारघाट मे 22 जनवरी बुधवार को रामभक्त गुहा निषादराज जयंती सहित मंडई मेला का आयोजन किया गया है। सिंगारघाट मे रामभक्त गुहा निषाद राज जयंती पर निषाद समाज द्वारा गांव मे भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गांव का भ्रमण कर राममंदिर पहुँचेगी जहाँ पूजापाठ के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा । इसी दिन गांव मे मंडई आयोजित है । खुमान साहू ने बताया कि मंडई के उपलक्ष्य मे रात्रि मे ग्रामवासियों के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ लोककला नाच पार्टी जयसूर्या रानीदहरा कबीरधाम की प्रस्तुति होगी।

कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ की 5वीं वार्षिक कार्यशाला 18 और 19 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा इस वर्ष 5th वार्षिक कांफ्रेंस CG CSICON 2025 का आयोजन 18-19 जनवरी को hotel babylon capital में किया गया है । कार्डियोलजी सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. एस एस मोहंती और सेक्रेटरी डॉ. निखिल मोतिरमानी ने बताया इस कांफ्रेंस में देशभर से मिला के कुछ 400 से अधिक डॉक्टर्स की उपस्थिति होनी है। आजकल बढ़ते हुए हृदय रोग और उनके आधुनिक इलाज की चर्चा इस दौरान यहाँ गोष्ठि में होगी। नेशनल प्रेसिडेंट डॉ पी सी रथ इसमें शामिल होके

अधुनकी एंजियोप्लास्टी के बारे में चर्चा करेंगे। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई हैदराबाद और कोलकत्ता से भी पूरे देश विदेश ख्याति प्राप्त डॉक्टर्स इसमें सम्मिलित होंगे जिनमे डॉ. पी सी मनोरिया, डॉ पी के हजरा, डॉ अमित वोरा, डॉ बी वी पुरोहित और आदि लोग शामिल होंगे।

देर रात घूमते और आवाराबाजी करते युवकों की परेड

- **सामुदायिक सेवा के तहत अस्पताल परिसर की साफ-सफाई करवाई**

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे देररात तक घुमने वाले लोगो के खिलाफ पुलिस की जारी धरपकड़ अभियान के तहत शहर के ईतवारीबाजार मे अनावश्यक तरीके से घुमते पाए गए युवकों के खिलाफपुलिस ने गांधीगिरी की कार्यवाही की है। थाना प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में शहर में रात 12 के बाद बेवजह घूमने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले और अड्डेबाजी करने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर की गई कार्यवाही के तहत शहर के ईतवारीबाजार मे 16 जनवरी को दोस्त के जन्मदिन के दौरान परिजनों को बिना बताए देररात तक घुमते पाए

गए । पेट्रोलिंग मे निकले पुलिस जवानो को युवक अडडेबाजी करते मिले ।

पुलिस ने उन्हे रोककर पुछताछ भी लेकिन वे कोई कारण नही बता पाए। युवकों के परिजनो को थाना बुलाकर उन्हे हिदायत देते पकड़ाए आधा दर्जन युवकों को कार्यवाही की बजाय सामुदायिक सेवा के तहत स्थानीय सिविल अस्पताल परिसर की सफाई कराई और भविष्य में दोबारा ऐसे बिना वजह रात मे नही घुमने की सख्त चेतावनी दी गई।

खैरागढ़ पुलिस ने परिजनों और पालकों से भी परिवार के बच्चो को अनावश्यक रूप से रात्रि मे घुमने से मना करने, समय पर घर आने प्रेरित करने, उनके आनेजाने और बैठने के स्थानों की जानकारी रखने की अपील की है।

सम्मान | *नम्रता गांधी के प्रयास की हर तरफ हो रही प्रशंसा, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई*

कलेक्टर नम्रता गांधी को जल जगार प्रधानमंत्री अवार्ड दिए जाने पर लोगों में हर्ष

- **जल को संरक्षित कर संवर्धित किए जाने हेतु जल जगार के लिए हमेशा कलेक्टर मैडम के योगदान को रेखांकित : राजेंद्र शर्मा**

धमतरी/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा जल संचय करते हुए भूमिगत जल स्रोत को ऊपर उठने के लिए बीते दिनों आयोजित जल जगार महोत्सव कलेक्टर नम्रता गांधी के सार्थक प्रयास तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं जनता के साथ ही साथ प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योगदान एवं सहभागिता के फलस्वरुप यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम धमतरी जिले को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पृथक

पहचान दे गया जिसे केंद्र सरकार के द्वारा तथा उसके जल संसाधन विभाग द्वारा काफी सराहना प्राप्त हुई जिसका परिणाम यह रहा की कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी को प्रधानमंत्री अवार्ड से सम्मानित किए जाने हेतु चयनित किया गया है इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए आज कलेक्टर श्रीमती गांधी को नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी तथा समाजसेवी कुलेश सोनी एवं पिंटू यादव बधाई एवं शुभकामनाएं देकर सम्मान को अभिभूत क्षण निर्मित करने वाला बताया। गौरतलब छत्तीसगढ़ केडर के प्रशासनिक सेवा में यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरी आईएएस अधिकारी के रूप में कलेक्टर नम्रता गांधी को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस अवार्ड पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजेंद्र शर्मा ने कहा है कि विश्व स्तर पर उपयोगिता के जल की जिस तरीके से कमी महसूस करते हुए निरंतर गिरावट हो रही है।

उसे दिशा में माहिती कार्य करने के लिए जल जगार महोत्सव को हमेशा सर्वोत्कृष्ट कार्य के रूप में रेखांकित किया जाता रहेगा। वही विजय मोटवानी ने कहा है कि धमतरी को राष्ट्रीय स्तर पर समसामयिक महत्वपूर्ण विषय पर एक विशिष्ट पहचान प्राप्त होते हुए जो उपलब्धि हासिल हुई है वह जिले के प्रत्येक नागरिक के लिए एक गौरवशाली क्षण निर्मित करता है जिसके लिए कलेक्टर मैडम पूरी उनकी टीम बधाई की पात्र है।

नगर पंचायत नगरी में बने 1057 पीएम आवास पूर्ण

नगरी/नवप्रदेश। शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास बनाने का सपना तेजी से पूरा हो रहा है नगर पंचायत नगरी के 15 वार्डो में पिछले माह के अंदर 107 आवास पूर्ण हो चुका है इससे गरीब व मध्यम वर्गी परिवार के लोगों का सपना पूरा हुआ है अब तक 1057 आवास पूर्ण हो चुके हैं जिससे अनेक गरीब और मध्यम वर्ग की परिवारों को अपना घर का सपना साकार करने का अवसर मिला है नगर पंचायत नगरी को 2451.51 लख रुपए की राशि प्राप्त हुई है जिसे समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ संबंधित हितग्राहियो के खातो में हस्तांतरित कर दिया गया है यह उपलब्धि शासन और पंचायत के सहयोग एवं तत्परता से हुआ है, जो जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों को किफायती और स्थाई आवास प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर कार्य किया है।

न्यूज गैलरी

सरकार बजट सत्र में नया आयकर विधेयक पेश करेगी

नई दिल्ली। सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग (31 जनवरी-13 फरवरी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है, जिसका उद्देश्य मौजूदा आईटी कानून को सरल बनाना, इसे समझने योग्य बनाना और पृष्ठों की संख्या लगभग 60 प्रतिशत कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में छह महीने के भीतर छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी। एक सूत्र के अनुसार, ÷नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है और बजट सत्र के दूसरे हिस्से में इसे संसद में पेश किए जाने की संभावना है। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग (31 जनवरी-13 फरवरी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद 10 मार्च को पुनः आरंभ होगी और 4 अप्रैल तक चलेगी।

आरबीआई खाद्य महंगाई पर नजर रखने की जरूरत

बिजनेस डेस्क। आरबीआई बुलेटिन के अनुसार, 2024-25 की दूसरी छमाही में देश की आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेतकों में तेजी आई है। यह तेजी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले वार्षिक अग्रिम अनुमानों में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि में भी दिखी है। घरेलू मांग के मजबूत होने से देश की आर्थिक वृद्धि फिर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। हालांकि, खाद्य महंगाई पर निगरानी की जरूरत है। आरबीआई ने बुलेटिन में कहा, 2025 के लिए आर्थिक दृष्टिकोण अलग-अलग देशों में भिन्न हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की गति धीमी है।?यूरोप व जापान में मामूली सुधार हो रहा है।बुलेटिन के अनुसार, 2024-25 की दूसरी छमाही में देश की आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेतकों में तेजी आई है। यह तेजी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले वार्षिक अग्रिम अनुमानों में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि में भी दिखी है। दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई में कमी आई है। देखा जाए तो ग्रामीण मांग में तेजी जारी है जो बेहतर कृषि संभावनाओं से समर्थित है। बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक पूंजीगत खर्च में पुनरुद्धार से प्रमुख क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है। लेख में आरबीआई के विचार नहीं हैं। यह लेखकों के अपने विचार हैं। दिसंबर में लगातार दूसरे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी आई, जिसका कारण सर्दियों में फलों और सब्जियों की अधिकता और उनकी कीमतों में कमी आना है। भारतीय रिजर्व बैंक (ऋब्ढ्ढ) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा द्वारा लिखे गए एक लेख में कहा गया है कि यह समय उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने और निवेश में तेजी लाने के लिए उपयुक्त है। साथ ही इस लेख में यह भी कहा गया कि 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधि में तेजी के संकेत मिल रहे हैं, जो कि भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुमानों से भी साफ होता है।

आईएमएफ की रिपोर्ट के बाद में खुलासा, तेज गति से बढ़ी रही अर्थव्यवस्था के बताए तथ्य

भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी : आईएमएफ

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ सकती है। अक्टूबर में जारी किए गए अनुमान के अनुरूप है। आईएमएफ का यह अनुमान वर्ल्ड बैंक के अनुमान के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो कि चालू वित्त वर्ष की विकास दर के अनुमान से अधिक है।आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। कुछ एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में निराशाजनक डेटा जारी होने के बाद, 2024 की तीसरी तिमाही में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अक्टूबर 2024 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में अनुमानित वृद्धि से 0.1 प्रतिशत कम थी।आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध निदेशक पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा, इस साल और अगले साल वैश्विक विकास दर 3.3 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। महंगाई दर लगातार घट रही है।

इस साल 4.2 प्रतिशत और अगले साल 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग की उम्मीदों के कारण अधिक बढ़ रही है। वहीं, यूरोप धीमे विकास और लगातार उच्च ऊर्जा कीमतों का सामना कर रहा है। गौरींचस ने कहा, उभरते बाजारों में

मजबूती दिख रही है, चीन में मामूली सुधार की संभावना है।उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2025 और 2026 में विकास दर मोटे तौर पर 2024 के जीडीपी वृद्धि दर के अनुरूप ही रहेगी। आईएमएफ के अनुसार, कम होती महंगाई में नीति-जनित व्यवधान मौद्रिक नीति को आसान बनाने की राह को बाधित कर सकते हैं, जिसका राजकोषीय स्थिरता और वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव पड़ सकता है।गौरींचस ने कहा कि महंगाई के जोखिमों को देखते हुए मौद्रिक नीति को तय किया जाना चाहिए। इसके लिए जहां आवश्यक हो, विश्वसनीय समेकन प्रयासों को लागू करने चाहिए। अब सभी की निगाहें आरबीआई पर हैं कि क्या वह अगले महीने महंगाई के कम होने पर दरों में कटौती को लागू करता है। इस गुरुवार को जारी विश्व बैंक की वैश्विक आर्थिक संभावनाओं में भारत में चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

आईएएमएआई ने आईटी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से किया था

डिजिटल भुगतान के दायरे में आएंगे 20 से 30 करोड़ लोग : सीईओ

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिलीप असबे ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) में 10 गुना वृद्धि की क्षमता है और जल्द ही 20 से 30 करोड़ और लोग डिजिटल भुगतान के दायरे में आ जाएंगे। दिलीप असबे ने कहा कि भारत डिजिटल भुगतान क्रांति के मुहाने पर है। एनपीसीआई प्रमुख ने 19वें भारत डिजिटल शिखर सम्मेलन (आईडीएस) के एक सत्र के दौरान कहा, हमें 20-30 करोड़ अन्य लोगों को डिजिटल भुगतान के दायरे में लाने के लिए आरबीआई, सरकार और इकोसिस्टम से समर्थन की आवश्यकता है। इस सम्मेलन का आयोजन इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने आईटी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से किया था। असबे ने

कहा,डिजिटल भुगतान अब जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। मुझे नहीं लगता कि हम नकदी की ओर वापस जा रहे हैं। आगे कहा कि यूपीआई सभी खिलाड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आधारभूत संरचना बन गई है, चाहे वे वित्तीय सेवाओं या अन्य उद्योगों में फिनटेक स्टार्टअप हों। अस्बे के मुताबिक, पिछले 8-10 वर्षों में यूपीआई के इन्फ्रास्ट्रक्चर लेयर में बदलने की यात्रा काफी शानदार रही है। आरबीआई और सरकार का समर्थन निरंतर इनोवेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा है। यह समर्थन समय के साथ केवल मजबूत हुआ है, जिससे यूपीआई को और आगे बढ़ाने के प्रयासों को प्रोत्साहन मिला है।

रुपे के विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि रुपे कार्ड नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भारत के सबसे बड़े कार्ड नेटवर्क में से एक बनने की क्षमता है। एनपीसीआई प्रमुख ने कहा, फिलहाल, रुपे के पास क्रेडिट कार्ड बाजार में लगभग 16-17 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में इसे बाजार में एक बराबर का खिलाड़ी बनाना है।

इस कदम की सराहना हो रही

दूरसंचार उद्योग के लिए 687 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग को दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से दूरसंचार उद्योग के लिए 687 मेगाहर्ट्ज (मेगाहर्ट्ज) स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग को मंजूरी दे दी है। उद्योग निकायों ने देश भर में बेहतर 5जी सेवाओं के तेजी से रोलआउट और 6जी युग की तैयारी के लिए इस कदम की सराहना की है। राष्ट्रीय राजधानी में सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के डिजिकॉम समिट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे पास 1,100 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की कमी है जिसे 2030 तक पूरा करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कल की कैबिनेट में, हमने 687 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को रीफार्म करने की मंजूरी दी है। 320 मेगाहर्ट्ज तत्काल जारी किए जाएंगे, कुछ अगले साल के अंत तक और बाकी 2028-29 तक, जो हमें 2030 के लिए तैयार कर देगा। 4जी, 5जी और बाद में 6जी सेवाओं की दूरसंचार उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सचिवों की एक समिति गठित की, जो यह देखेगी कि विभिन्न मंत्रालयों के पास कितना स्पेक्ट्रम है और क्या वे इसका प्रोडक्टिव तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं या इसे केवल स्टोर कर रहे हैं। सिंधिया के अनुसार, यदि स्पेक्ट्रम का प्रोडक्टिव तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो इसे वहां दिया जाना चाहिए, जहां इसकी जरूरत है। अब पैनल अतिरिक्त स्पेक्ट्रम की पहचान करने पर काम कर रहा है, जिसे रिफॉर्म किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दूरसंचार परिदृश्य के विकास में कोई बाधा न आए। सीओएआई ने कहा कि स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग से पूरे देश में बेहतर 5जी सेवाओं को शुरू करने में मदद मिलेगी। सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एस.पी. कोचर ने कहा, सीओएआई ने प्रचार किया है कि भारतीय इकोसिस्टम को अंतरराष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार (आईएमटी) सर्विस के लिए 2,000 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की आवश्यकता है और हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि संचार मंत्री की सलाह के तहत कैबिनेट ने इस मात्रा को स्वीकार कर लिया है।

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण पर होंगी निवेशकों की निगाहें

नई दिल्ली। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले शेयर बाजार में निवेशक सर्तक बने हुए हैं और इस हफ्ते बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। बाजार में हफ्ते की शुरुआत में तेजी देखी गई थी, लेकिन शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बिकवाली देखी गई। इस दौरान लार्जकैप आईटी और बैंकिंग शेयरों पर दबाव देखने को मिला। हालांकि, सरकारी बैंकों का प्रदर्शन मजबूत रहा। हफ्ते के अंत में सेंसेक्स 76,619.33 पर और निफ्टी 23,203.2 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बैंक 738.10 अंक या 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,540.6 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक या 0.23 प्रतिशत चढ़कर 54,607.65 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,672.05 पर बंद हुआ।

सितंबर 2024 के उच्च स्तर से बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 11.5 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 12 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई है।बाजार की मजबूती के लिए आने वाले समय में तीसरी तिमाही के नतीजे काफी महत्वपूर्ण होंगे। बाजार के जानकारों के अनुसार, डॉलर के मजबूत होने के कारण निवेशक सतर्क बने हुए हैं और जोखिम को कम कर रहे हैं। इसके अलावा नए अमेरिकी प्रशासन की संभावित आर्थिक नीतियों पर बढ़ती अनिश्चितता ने बाजार के सेंटीमेंट को नुकसान पहुंचाया है।कुल मिलाकर तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजों की उम्मीदों के कारण अल्पावधि में बाजार के सतर्क रहने की उम्मीद है।

टेक महिंद्रा का मुनाफा तीसरी तिमाही में 21.4 प्रतिशत घटकर 988 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। आईटी और डिजिटल सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी टेक महिंद्रा का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 21.4 प्रतिशत गिरकर 988 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 1,257 करोड़ रुपये पर था।

स्टॉक एक्सचेंज की फाइलिंग के अनुसार, कंपनी की आय अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 3.8 प्रतिशत कम होकर 13,300 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 13,835 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में टेक महिंद्रा के कर्मचारियों की संख्या 3,785 कम होकर 1,50,488 हो गई है। टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, मोहित जोशी के कहा, हम अपने प्रमुख क्षेत्रों और प्राथमिकता वाले बाजारों में नए सौदे

जीतने की दर में सुधार देख रहे हैं। जोशी ने आगे कहा,कांस्टेंट करेंसी में चुनौतियों के बावजूद तीसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन बढ़ा है और हम लंबी अवधि के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह पर है। टेक महिंद्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी, रोहित आनंद ने कहा कि कंपनी ने क्रमिक और सालाना आधार पर ईबीआईटी मार्जिन और ऑपरेटिंग मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जो प्रोजेक्ट फोर्टियस के तहत हमारे टारगेटेड एक्शन लेने और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और बाजारों में नए सौदे जीतने से हुई लगातार वृद्धि का परिणाम है। तिमाही में टेक महिंद्रा को एक बड़ी जर्मन टेल्को द्वारा नेटवर्क, आईटी और सेवा संचालन में अपने टेक्नोलॉजी डोमेन को सपोर्ट करने के लिए चुना गया है।

टेक महिंद्रा ने एडीएमएस और क्लाउड और इंफ्रा सर्विसेज क्षमताओं का लाभ उठाकर अपने व्यावसायिक संचालन के हर पहलू को कवर करते हुए अपने आईटी परिदृश्य का समर्थन करने के लिए एक प्रमुख यूरोपीय ऑटो-मेकर से एक प्रबंधित सेवा सौदा भी जीता। टेक महिंद्रा का शेयर शुक्रवार को 1.78 प्रतिशत गिरकर 1,657.65 रुपये पर बंद हुआ।

अल्काराज धमाकेदार प्रदर्शन के साथ चौथे दौर में

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से शीर्ष 11 में से पांच खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शुक्रवार को मेलबर्न के मैदान में आगे बढ़ना जारी रखा। इस पखवाड़े पहली बार रॉड लेवर एरिना में खेलते हुए, स्पैनियार्ड ने टूर्नामेंट का अपना पहला सेट गंवाने के बावजूद नूनो बोर्गेस को 6-2, 6-4, 6-7(3), 6-2 से हराया।

अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, मुझे रॉड लेवर की कमी खली।

मैं यहां एक बार फिर खेलकर वाकई बहुत खुश हूँ। मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस दिखाने की कोशिश की। मेरे लिए, हर बार जब मैं इस कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे लिए खुशी की बात होती है... पिछली बार जब मैंने यहां खेला था तो मैं (2024 के क्वार्टर फ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से) हार गया था, इसलिए मैं वास्तव में यहां खेलना चाहता था और रॉड लेवर में एक और जीत हासिल करना चाहता था। चार बार में दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले अल्काराज़ पुरुष एकल इतिहास में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में युवाओं का दबदबा रहा है - जिसमें तीन युवा सितारे शीर्ष 10 विरोधियों को नॉकआउट कर रहे हैं - 21 वर्षीय अल्काराज़ 2008 में नोवाक जोकोविच (20) के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में सबसे कम उम्र के चैंपियन बन सकते हैं।शुरुआती गेम में ब्रेक ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी बोर्गेस के खिलाफ़ माहौल तैयार कर दिया, जिसमें अल्काराज़ ने शुरू से ही सर्विस पर दबदबा बनाए रखा। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, अल्काराज़ ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में सर्विस पर सिर्फ़ छह अंक गंवाए, और अपने पहले 11 नेट पॉइंट में से नौ को कन्वर्ट भी किया।

बोर्गेस ने तीसरे सेट में प्रतिस्पर्धा जारी रखी, जो 4-3 के मैराथन होल्ड के दौरान जीवंत हो गया, जिसमें उन्होंने

दो ब्रेक पॉइंट बचाए और एक रोमांचक एक्सचेंज जीता जिसमें अल्काराज़ ने बैकहैंड वॉली के लिए बाहर लेट गए। 5-6, 30/40 पर सेट पॉइंट पर मिस्ड रिटर्न का पछतावा करने के बावजूद, बोर्गेस ने टाई-ब्रेक में अनियमित अल्काराज़ के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और योग्य रूप से तीसरा सेट जीता।तुरंत ही बढ़त को रोकते हुए, अल्काराज़ ने चौथे सेट की शुरुआत करने के लिए दो लव होल्ड के बीच एक ब्रेक लिया। हाइलाइट-रील पॉइंट्स से भरे मैच में, अल्काराज़ ने लॉब को ट्रैक करने के बाद हुकिंग फ़ोरहैंड पासिंग शॉट के साथ महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। फ़िनिश लाइन से गुज़रते हुए, उन्होंने अंतिम सेट में सर्विस पर सिर्फ़ एक पॉइंट खोया।अल्काराज़ ने अपने शानदार टेनिस के बारे में कहा, मैं यहां मेरे मैच देखने वाली पूरी भीड़ को देखकर खुश हूं। ऑस्ट्रेलिया में, दुनिया के दूसरे हिस्से में इस प्यार को महसूस करना एक सौभाग्य की बात है। मैं अलग-अलग तरह के टेनिस, कुछ अलग तरह के शॉट खेलने की कोशिश कर रहा हूं। यही वह चीज़ है जो मुझे टेनिस खेलने में मज़ा देती है, जो मुझे कोर्ट पर मुस्कुराने पर मजबूर करती है और मुझे वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाने में मदद करती है - और लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश करती है, उन्हें खुश करती है।अल्काराज से अपनी दूसरी लेक्सस एटीपी हेड2हेड हार के साथ, बोर्गेस को ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार दूसरे साल चौथे दौर में लौटने के उनके प्रयास में रोक दिया गया। वह पिछले साल दोनों हार्ड-कोर्ट मेजर में अपने संयुक्त सर्वश्रेष्ठ मेजर परिणामों के लिए उस चरण तक पहुंचे थे।अल्काराज के लिए अगला मुक़ाबला जैक ड्रेपर या एलेक्ज़ेंडर वुकिक के साथ चौथे दौर का मुक़ाबला है। इसके अलावा, वह संभावित क्वार्टर फ़ाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच का सामना कर सकते हैं, जिस पर ड्रॉ के आने के बाद से ही चर्चा हो रही है।

सबालेंका ने टॉसन को हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

मेलबर्न। विश्व की नंबर एक और दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में तीसरे दौर के मैच में डेनमार्क की 42वीं रैंकिंग वाली क्लारा टॉसन को 7-6 (5), 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सबालेंका पहले सेट में 5-3 से पीछे थी, इससे पहले बेलारूसी ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 टॉसन को 2 घंटे और 6 मिनट में हराया, और सिमोना हालेप के बाद से लगातार पांच वर्षों तक ऑस्ट्रेलियन ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में जगह बनाने वाली पहली महिला बन गई। हालेप 2018 से 2022 तक ऐसा करने वाली पहली महिला थीं।इसके अलावा, सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी 17वीं लगातार मैच जीत दर्ज की, जो इस आयोजन में विक्टोरिया अजारेंका के बाद किसी भी महिला द्वारा सबसे अधिक है, क्योंकि अजारेंका ने 2012 और 2014 के बीच मेलबर्न में लगातार 18 मैच जीते थे।टॉसन ने शुरुआत में नियंत्रण



हासिल किया, 5-3 से बढ़त बनाई और पहले सेट के लिए सर्विस की। हालांकि, सबालेंका ने वापसी की और टॉसन की सर्विस पर 6-5 पर चार सेट पॉइंट अर्जित किए।टाईब्रेक में, टॉसन ने 4-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-4 की बढ़त बनाई, लेकिन सबालेंका ने शानदार बैकहैंड रिटर्न विनर के साथ जवाब दिया और 6-5 पर पांचवां सेट पॉइंट बनाया। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी के अंतिम फोरहैंड विनर ने 63 मिनट में एक कठिन सेट को सील कर दिया।दूसरे सेट में सबालेंका ने नियंत्रण हासिल कर लिया, 13 मिनट के सर्विस गेम को पार करते हुए 5-4 की बढ़त हासिल की। मैच के लिए सर्विस करते हुए, उन्हें दो ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन वे दबाव से बचने में सफल रहीं। इसके बाद उन्होंने बैकहैंड विनर के साथ जीत को सील कर दिया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद भी सबालेंका अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रख सकती हैं, लेकिन इस इवेंट के बाद उस स्थान को बनाए रखने के लिए उन्हें कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचना होगा। मेलबर्न से बाहर आने पर या तो वह या इगा स्वीयाटेक नंबर 1 होंगी।

निकाय चुनाव के अखाड़े में भाजपा-कांग्रेस के पहलवान पेल रहे है दंड

रायपुर नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। राजधानी रायपुर में इस बार महिला मेयर बनेगी। यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित की गई है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी पेश करने में जुट गए हैं।

हालांकि टिकट किसे मिलेगा उसका फैसला उनकी पार्टी के प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व को करना है। मेयर चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा और कांग्रेस रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बार रायपुर में महापौर का चुनाव रोमांचक होने वाला है। क्योंकि इसमें कई बड़े नेता अपनी पत्नियों को भी चुनाव लड़ाने के जुगाड़ में लगे हैं। इसके लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के दावेदार शीर्ष नेताओं की परिक्रमा करने में जुटे हैं।

इस बार प्रत्यक्ष होगा चुनाव

राज्य में इस बार मेयर का चुनाव सीधे जनता करेगी। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मेयर के चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हुए थे। जिसके बाद एजाज ढेबर रायपुर के मेयर बने थे। विष्णुदेव साय सरकार ने भूपेश बघेल सरकार के उस फैसले को पलट दिया था। इस बार जनता सीधे मेयर चुनाव के लिए वोटिंग करेगी। माना जा रहा है कि राज्य में अब जल्द ही निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है।

भाजपा में महापौर के लिए ये नाम रेस में

मीनल चौबे: निगम में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका सक्रियता से निभायी है. संगठन की राजनीति में सक्रिय हैं. सामान्य महिला में इनकी दावेदारी सबसे मज़बूत मानी जा रही है। छवि तेज तर्रार महिला नेता की है। वह बीजेपी के सभी गुटों को साथ तालमेल बनाकर रखती हैं। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि मीनल चौबे के नाम पर आसानी से सहमति बन सकती है।

शैलेंद्री परगनिहा : संगठन में शैलेंद्री परगनिहा का नाम चर्चे में है. अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य है. 25 साल से भी अधिक समय से राजनीति में सक्रिय है. संगठन में पार्षद, ज़िलाध्यक्ष, महामंत्री जैसे अहम भूमिका में रही है. दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा है कि टिकट के लिए मजबूत दावेदारी है, पार्टी ने मौका दिया तो जरूर चुनाव लड़ेंगे और जिसे भी टिकट मिलेगी उनके लिए डटकर काम करेंगे।

वर्णिका शर्मा : संगठन में सक्रिय है. संगठन के मुद्दों को प्रमुखता से रखती आई हैं। पार्टी में वर्णिका शर्मा का नाम भी चर्चा में है। संघ से जुड़ी वर्णिका शर्मा नक्सल विषयों पर मुखर रही हैं। संगठन में इनके नाम की चर्चा है। हालांकि, इन्हें इसकी जानकारी अब तक नहीं है।

शताब्दी पांडेय : संगठन और संघ से जुड़ी हुई है. छात्र राजनीति से सक्रिय है, कई अहम भूमिका में रही है. शताब्दी पांडेय का भी नाम सुर्खियों में है, बातचीत में उन्होंने महापौर के टिकट की स्वाभाविक दावेदारी पेश की है और कहा है कि संघ और संगठन जो ज़िम्मेदारी देगी उसे निभायेंगे.

प्रभा दुबे: संगठन की राजनीति में सक्रिय है. प्रभा दुबे को पार्टी ने किरणमई नायक के मुकाबले महापौर प्रत्याशी बनाया था, उनको हार का सामना करना पड़ा था. सक्रिय चेहरों और चर्चे में इनका नाम भी शामिल है.

सीमा संतोष साहू : दो बार पार्षद के तौर पर चुनी गई है और भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भी हैं. ओबीसी वर्ग से आती हैं. महापौर की टिकट के लिए दावेदारी भी कर रही है.

सरिता दुबे: ब्राह्मण पारा से पार्षद है. निगम की राजनीति में सक्रिय है. अपने वार्ड के मुद्दों सभा से सड़क तक उठाती रही है. निगम की राजनीति में मीनल चौबे के बाद सरिता दूबे का नाम रेस में आगे है.

कांग्रेस कराएगी सर्वे, बीजेपी में संगठन नेतृत्व करेगा तय

कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने नगरीय निकाय के कैंडिडेट को लेकर बातचीत में कहा कि पार्टी के लिए नगरीय निकायों में जीत सबसे अहम है, जो भी कैंडिडेट में जीत की सक्षमता और सक्रियता नजर आएगी। निश्चित रूप से पार्टी उन्हें मौक़ा देगी, सबसे अहम फैक्टर जीत है। इसके साथ उन्होंने सर्वे कराने की भी बात कही। वहीं बीजेपी महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आरक्षण पूरा होते ही नेत्रियों ने दावेदारी की है। हालांकि, सक्रियता के साथ-साथ और भी कई बातों का ध्यान रखा जाएगा।

बीते विधानसभा से लेकर उपचुनाव तक देखा गया कि बीजेपी ने कई नए चेहरों को मौक़ा दिया है। निश्चित ही मजबूत दावेदारों के नाम है, लेकिन बीजेपी चौकाने से पीछे कभी नहीं हटती। वहीं कांग्रेस का इतिहास निकायों में जीत दर्ज करने का रहा है, लेकिन ये स्पष्ट है कि बीते चुनावों में मिले शिकस्त को देखते हुए जीत सुनिश्चित करने कैंडिडेट्स का चयन कांग्रेस बेहद सोच समझ कर करने वाली है, जिसके लिए सर्वे की भी तैयारी है।

कांग्रेस में ये हैं दावेदार

वंदना राजपूत : संगठन राजनीति में सक्रिय रही है. पार्टी के पक्ष को मज़बूती के साथ रखा है. राजधानी की महिला मोर्चा में उनका चेहरा सबसे सक्रिय रहा है। उन्होंने महापौर पद के लिए दावेदारी भी की है। कहा है कि दावेदारी है, पार्टी के निर्णय लेगी वो मंजूर होगा।

प्रीति उपाध्याय : संगठन में सक्रिय रही है, दावेदारी की है. प्रीति कुणाल शुक्ला. प्रबल दावेदारी है, ख़ुशी है कि राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी ने जिम्मेदारिया दी है और सक्षम समझा है। शुरू से पार्टी के लिए काम करते आये है, पूरी उम्मीद है पार्टी टिकट हमें ही देगी।

दीप्ति दुबे : पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी है और प्रमोद दुबे के साथ राजनीति में सक्रिय भी रही हैं। प्रमोद दुबे द्वारा उनकी पत्नी की दावेदारी बेहद अहम मानी जा रही है।

किरणमयी नायक: किरणमयी नायक वर्तमान में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष हैं. रायपुर नगर निगम की महापौर भी रही हैं. उनका नाम भी महापौर के चेहरे में मज़बूत नज़र आ रहा है। महिला आयोग में उनका कार्यकाल 2026 तक है. यदि पार्टी उन्हें मौक़ा देती है तो उन्हें महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मैदान में उतर सकती है।

प्रगति बाजपेयी: 2015 से संगठन में सक्रिय रही है, महिला कांग्रेस में प्रदेश सचिव और महासचिव के पद पर रही है इसके साथ ही विभिन्न राज्यों में प्रभारी की भी ज़िम्मेदारी पार्टी ने दी है.कांग्रेस से मजबूत दावेदार है।

न्यूज़ गैलरी

अनुपस्थित शिक्षकों के प्रति जिला शिक्षा अधिकारी का सख्त निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासन द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को क्रियान्वन करने की दिशा में जिले के आला अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय हाई स्कूल जिया पहुंचे। जहां पर चार शिक्षक निर्धारित समय में बिना किसी सूचना और आवेदन के शाला में अनुपस्थित पाये गये। यहाँ व्याख्याता राजकुमार टंडन, संजू शर्मा, ननकी पात्रे, रेवेश्वर चंद्राकर अनुपस्थित पाये गये। इसी तरह से शासकीय प्राथमिक शाला खुड़मुड़ी के तीन शिक्षक जगन्नाथ ध्रुव, अरुणिका रामटेके, किरण बंजारे और पूर्व माध्यमिक शाला खुड़मुड़ी के पांच शिक्षक रामप्रसाद बघेल, रामकुमार ध्रुव, गंगाराम साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, भारती तिवारी अपनी अपनी कक्षा को खाली छोड़कर बरामदे में बैठे थे, और मोबाइल में व्यस्त थे। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा के 10 शिक्षक/व्याख्याता और दो कर्मचारी बिना किसी सूचना व आवेदन के निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा में व्याख्याता रामकुमार पात्रे, रामावतार वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, गिरिजा मिश्रा, रामकुमार देवांगन, तेखन सिंह वर्मा, कुंज बिहारी सिंह ठाकुर, सरिता भारती, नागेश्वर तिवारी व्यायाम शिक्षक, शिवम शर्मा सहायक शिक्षक विज्ञान, मनोज कुमार शर्मा और खिलेश कुमार कन्नौजे सहायक ग्रेड 2 सभी अनुपस्थित पाए गए।

पलकों ने भी जताई चिंता : शिक्षकों के इस तरह गैस जिम्मेदाराना रवैया को लेकर पलकों में भी अपने बच्चों की भविष्य की चिंता सताने लगी है तथा उन्होंने कहा है कि इस तरह की हरकतें और गैर जिम्मेदार रवैया स्कूली बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली बात कही जा सकती है।

राजपुर स्कूल में पालक शिक्षक बैठक

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में तृतीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई जिसमें छमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा,प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी,आपार आईडी ,पांचवी- आठवीं,एकीकृत परीक्षा प्रणाली सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई । मेगा बैठक में विशेष रूप से प्रभारी अधिकारी एच एल कोमरे अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्य आर के टंडन, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव,प्रधान पाठक वाय के राजपूत,बी आर नागेश,मोहन निषाद, सुरेंद्र कुमार साहू,घसिया राम वट्टी,सरिता ध्रुव, निर्मला चंद्रवंशी,मधु वट्टी, लक्ष्मी नाथ ओटी, पूरंजय भंडारी आदि उपस्थित थे।

सुनिता हीरालाल साहू ने विधायक को सौंपी दावेदारी

साजा/नवप्रदेश। वर्तमान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 से पुनः जनता की सेवा के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष सुनिता हीरालाल साहू ने क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू को अपनी दावेदारी सौंपी। ज्ञात हो कि सुनिता हीरालाल साहू साजा ब्लाक के ग्राम गाड़ाडीह की निवासी हैं, जो वर्तमान में जिला पंचायत बेमेतरा में अध्यक्ष पद पर हैं। इनका जिला पंचायत क्षेत्र भी यही क्षेत्र क्रमांक 10 हैं। साहू ने अपनी दावेदारी आवेदन सौंपी कर पुनः इसी क्षेत्र से चुनाव लडने व जनता की सेवा पुनः करने की मंशा विधायक को बताई।

विकास कार्य स्वीकृति के लिए उपमुख्यमंत्री का रंजना साहू ने जताया आभार

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी शहर के मध्य में स्थित बांसपारा वार्ड में जिला साहू संघ भवन में सामुदायिक भवन में विस्तार करने के लिए लाखों के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के द्वारा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू कि अनुशंसा से मिली है। रंजना साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जिला साहू संघ धमतरी के सामुदायिक भवन में सामाजिक पदाधिकारीयों के द्वारा शेड निर्माण, फ्लोरिंग कार्य एवं फुटपाथ निर्माण कार्य की मांग की गई थी, जिसे रंजना साहू ने गंभीरता से लेते हुए अधोसंरचना विकास मद से स्वीकृति दिलाने उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी से मांग किए थे, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिसके लिए समस्त जिला साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं में हर्ष व्याप्त है।

साजा क्षेत्र में शेर के दिखाई देने का शोर

- संभावित क्षेत्रों में ग्राम मौहाभाठा, तेंदुभाठा, मोहतरा के खेतों में, ग्रामीणों में बरकरार दशहत व उत्सुकता
- वन अधिकारियों ने पद चिन्हों से लगाया जंगली जानवर होने की संभावना, नहीं कर पा रहें प्रमाणित

जंगली जानवर देखने की सूचना मिलने पर तत्काल टीम सन्दिग्ध जगह पर पिंजरे के साथ पहुंची एवं दिनभर जानवर की तलाश खेतो में की गयी। किन्तु कोई जंगली जानवर नही मिला। पद चिन्हों से जंगली जानवरों के होने का अनुमान हैं, जानवर कोई भी हो सकता हैं।
-पुनीत राम लसेल,
रेंजर साजा

अंचल हैं वन परिक्षेत्र से दूर

साजा अंचल वन परिक्षेत्र से सैकड़ो किलोमीटर दूर स्थित हैं, इस कारण इस अंचल में खुंखार व खतरनाक जंगली जानवरों का आना या दिखने की संभावना नहीं के बराबर हैं। जबकि आमतौर पर साजा परिक्षेत्र में जँगली जानवर के रूप में लकड़बग्घा, सियार, लोमड़ी का दिखना स्वभाविक हैं, जो स्थानीय खेतों में अक्सर विचरण करते पाए जाते हैं, जो खतरनाक नहीं होते है। इस क्षेत्र में शेर, बाघ देखे जाने पर मामला काफी सुर्खियों में रहा। जिसके कारण लगातार दो दिनों से गाँव सहित आसपास के अंचल में लोगों का अप्रत्याशित जमावाड़ा व चर्चा देखने को मिला।

साजा/नवप्रदेश। अंचल में कल गुरुवार से शेर के घूमने व देखे जाने का शोर व हो हल्ला बना हुआ हैं, जो आज शुक्रवार तक चल रहा हैं। जन मानस में हड़कंप, दशहत व उत्सुकता बनी हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मौहाभाठा, तेंदुभाठा, मोहतरा के खेतों में शेर देखने का ग्रामीणों द्वारा दावा किया जा रहा हैं। जो आसपास के ग्रामों के खेतों में घूमने की बात कहीं जा रही हैं। इस सूचना पर वन विभाग सहित प्रसाशनिक अमला संभावित क्षेत्र में पहुंच कर एतिहात व सुरक्षा के तौर पर नजर बनाए हुए हैं। गुरुवार को सूचना मिलते ही वन विभाग सहित प्रशासन सक्रिय होकर तत्काल संभावित स्थल पर खोजबीन शुरू की, जिसमें देर रात तक किसी प्रकार दोबारा जानवर दिखने की पुष्टि नहीं हो पाई। वही आज शुक्रवार को नगर के समीप बिजली ऑफिस के समीप खेत में होने की बात सामने आई। जिस पर शासकीय अमला फिर दिनभर डटे रहें, मगर नतीजा शून्य रहा।

जन मानस में हल्ला - क्षेत्र अंतर्गत पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के गृहग्राम मौहाभाठा स्थित उनके कृषिभूमि में बाघ जैसा जंगली जानवर देखे जाने का शोर सामने आ रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को भारी भयभीत कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मौहाभाठा गाँव में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के खेत के समीप पर स्थानीय कुछ ग्रामीणों ने शेर जैसा जानवर घूमते देखा, जिसके बाद उन ग्रामीणों ने गाँव में इसकी सूचना दी। वही खबर फैलते ही वन विभाग की टीम व ग्रामीणों के द्वारा जंगली जानवर को ढूंढने का गहन प्रयास किया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद प्रशासन की टीम मौहाभाठा से लेकर मोहगांव, मोहतरा, अतरझोला, सिंघनपुरी, देऊरगाँव, तेंदुभाठा, बासीन, बुधवारा सहित आसपास के अन्य गांवों में चौकन्ने रहने के लिये मुनादी कराई एवं उक्त क्षेत्र का बारीकी से जांच किया। हालांकि जानकारो का कहना हैं कि इस इलाके में शेर व जंगली जानवर का मिलना नामुमकिन हैं, क्योंकि उक्त इलाके से वन अभ्यारण, नेशनल पार्क व टाईगर रिजर्व सैकड़ो किलोमीटर दूर अन्यत्र ज़िलों व प्रदेशो में स्थित हैं। साथ ही पचासों गाँव को पार कर स्थानीय क्षेत्र तक पहुंच पाना असम्भव है। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने बकायदा दूर से मोबाइल में उक्त जानवर को खेत में झाड़ियो के बीच देखते ही कैद कर की बात भी किया जा रहा। जिसे लोग शेर मानकर काफी भयभीत हो चुके है। जिसके चलते गुरुवार को दोपहर में मौहाभाठा से मोहतरा मार्ग के रास्ते पर आवागमन को भी रोकना पड़ा। हालांकि सन्दिग्ध जानवर के सम्बंध में दोबारा कोई जानकारी नहीं मिल पायी। वहीं आज शुक्रवार को फिर से देखने की खबर उड़ी, जो साजा के बिजली ऑफिस व तेंदुभाठा के आसपास के खेतों में होने की बात कही जाने लगी। जिस पर फिर वन विभाग का अमला संभावित क्षेत्र में पहुंच कर खोजबीन में जुट मगर हाथ कुछ भी नहीं लगा।

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित, आरोपी को सात साल की सजा

- अपर सत्र न्यायालय का फैसला

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए भा.दं.संहिता की धारा 306 के तहत सात साल का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी कोमलदास मानिकपुरी के विरुद्ध भा.दं.संहिता की धारा 306 के अंतर्गत आरोप था कि घटना 14 अक्टूबर 2023 की रात्रि लगभग 10 बजे से 17 अक्टूबर 2023 की दोपहर 12 बजे के मध्य ग्राम मजरकट्टा स्थित नया तालाब के पास एक खेत में मृतिका खुशबू ध्रुव के साथ अवैध रिश्ता रखकर मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक फोटो खींचकर उसे ब्लैकमेल कर उक्त फोटो को वायरल कर उसे आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित किया, जिसके कारण मृतिका खुशबू ध्रुव के द्वारा लोक लाज के भय से फांसी लगाकर आत्महत्या की गई। बताया गया कि इस घटना के पूर्व मृतिका के पति झुमुकलाल के द्वारा दिनांक 15/10/2023 को अपने घर की छत से कूदकर आत्महत्या की गई, जिसकी अन्य प्रकरण में जांच की जा रही है। मृतिका की सास रूखमणी ध्रुव के द्वारा प्रस्तुत शिकायत की उसके पुत्र झुमुकलाल एवं पुत्रवधु खुशबू ध्रुव को आत्महत्या के लिए आरोपी कोमलदास मानिकपुरी द्वारा प्रताड़ित किया गया। संपूर्ण जांच पर आरोपी कोमलदास के विरुद्ध अपराध धारा सदर के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से थाना गरियाबंद में धारा 306 भा.दं.संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में संपूर्ण अन्वेषण पूर्ण उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध धारा 306 भा.दं.संहिता के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष 01जनवरी 2024 को अभियोग पत्र पेश किया गया तथा उपार्पण आदेश 05 जनवरी 2024 के अनुसार प्रकरण 10 जनवरी 2024 को इस न्यायालय को प्राप्त होने पर विचारण प्रारंभ किया गया।

अध्यक्ष के बाद अब उपाध्यक्ष पद हथियाने की तैयारी में भाजपा

रज्जाक खान के खिलाफ भाजपा के 13 पार्षदों ने सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

खैरागढ़/नवप्रदेश। पालिका अध्यक्ष के भाजपा में शामिल होने के बाद अब पालिका में कांग्रेस के उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान के खिलाफ भाजपा के 13 पार्षदों ने कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव सौंप दिया है । नगरपालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की अगुवाई मे कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा पार्षदगण चंद्रशेखर यादव, शैलेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह, सुमित टांडिया,मोनिका रजक, रेखा गुप्ता,रूपेन्द्र रजक, देवीन कोठले, विनय देवांगन, पुष्पा सिंदुर,त्रिवेणी देवांगन ने कलेक्टर को उपाध्यक्ष रज्जाक खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा । प्रस्ताव में पालिकाध्यक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने उपाध्यक्ष पर विश्वास नही होने, उपाध्यक्ष पद के दायित्वों और अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से नही करने, शहर के लोग और पार्षदगणों के असंतुष्ट होने, जनहित के विकास कार्यो मे अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप कर बाधा डालने, नगरविकास के कार्यो को अवरूद्ध करने, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की छबि जनमानस मे खराब करने का आरोप लगाते नगर विकास हित में उन्हे पद से हटाए जाने की मांग की गई है । भाजपा पार्षदों ने पालिका, शहर और जनहित मे उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान को उपाध्यक्ष पद से हटाए जाने की मांग दोहराई है । बताया गया कि उपाध्यक्ष को हटाने की रणनीति कूछ दिन पहले ही भाजपा ने तैयार की है । इसी के तहत शुक्रवार को सभी भाजपा पार्षदों ने पालिका पहुँच अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी की फिर दोपहर बाद कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा ।

तीन पार्षद पहले ही भाजपा में शामिल- उल्लेखनीय है कि पालिकाध्यक्ष रहे शैलेन्द्र वर्मा सहित जितेन्द्र सिंह और सुमित टांडिया अध्यक्ष के लिए चार माह पूर्व हूए चुनाव के एन पहले ही भाजपा मे शामिल हो गए थे । तीन साल पहले हूए पालिका चुनाव मे भाजपा कांग्रेस दोनो के दस दस पार्षद निर्वाचित हूए थे । कांग्रेस के शैलेन्द्र वर्मा दो साल अध्यक्ष रहे । उन पर इस्तीफा देने पर अध्यक्ष पद के चुनाव मे भाजपा की गिरजा चंद्राकर अध्यक्ष निर्वाचित हूई है । वर्तमान मे पालिका के कुल 20 पार्षदों मे भाजपा के पास 13 और कांग्रेस के सात पार्षद है ।

वाटर पार्क में गूंजा लक्ष्मण-सिया-रामचंद्र की जय

रायपुर/नवप्रदेश। रामायण के पात्र लक्ष्मण बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत सोमनी राजनांदगांव के समीप रिएवेरा रिसोर्ट के आधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ के अवसर पर लखन सीया रामचंद्र की जय का जयकारे से संपूर्ण परिसर गूंजायमान हुआ। यह वाक्या 15 जनवरी को स्थानीय वाटर पार्क के कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह मे हुआ। इससे पूर्व कि वे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम का भी उन्होंने भ्रमण कर ऐतिहासिक निर्माण कार्य होने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं रामायण धारावाहिक में लक्ष्मण का रोल अदा किया है। इस मकसद से मैं प्रदेश का भांजा ही हुआ, यहा की कला संस्कृति, बोली भाषा बडा मीठा है। अनेकों शूटिंग के दौरान यहां के कलाकारो के साथ भी मिलने का अवसर आया। उन्होने कहा कि रामायण में प्रसंग आया था, उसका जिक्र कर उन्होने कहा कि जब शिव धनुष बाण पर परतंक्षा चढाने की बाते थी, तब कोई भी राजा महाराजा, शूरवीर शिव धनूष को नही उठा पाये, तब जनक जी ने कहा कि यह धरती शूरवीरो से खाली है। तब मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मैंने भैय्या से कहा कि आपकी आज्ञा हो तो धनुष बाण को उठाना तो क्या, मैं इसे गेंद की तरह उछालकर फेंक सकता हूं। इस पर भैय्या ने शांत रहने की सलाह दी। उन्होने अनेको प्रसंगो का जिक्र किया। उलेखनीय है कि लोधेश्वरधाम के संयोजक व रिएवेरा रिसोर्ट के संचालक लोधी उत्तम वर्मा ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू वाटर पार्क जो कि सोमनी राजनांदगांव (पुलिस स्टेशन के पास) है,इसका उद्घाटन बालीवुड एक्टर कुणाल सिंह किया। बेलोदी स्थित रिवेएरा रिसोर्ट सफलता के साथ संचालित हो रहा है।

व्यवस्था... *जिले में 91 प्रतिशत किसानों से धान की खरीदी, पर परिवहन की समस्या से कराह रही है समितियां*

धान की खेती से धनवान हो रहे हैं किसान

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य शासन के द्वारा की जा रही समर्थन मूल्य पर पर धान की खरीदी में महज अब गिनती के दिन ही शेष रह गए हैं किंतु शुरुआती दौर से समितियां में बनी हुई समस्या यथावत बनी हुई है हालांकि अब तक जिले के 91% किसने की धान की खरीदी की जा चुकी है 164632 पंजीकृत किसानों में से 149534 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है तथा अब तक जिले में लगभग 84 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है हालांकि अभी भी धान खरीदी के लिए 9 दिन किस बच् हुए हैं तथा बचे हुए दिनों में इन किसानों से धान की खरीदी की जानी है शुरुआती दौर से समितियां में बनी हुई परिवहन की समस्या एवं अव्यवस्था आज तक बनी हुई है परिणाम स्वरूप महज 42% धान की परिवहन ही हो पाया है परिणाम स्वरुप अभी भी समितियां में 48 लाख 63 000 क्विंटल धान परिवहन के अभाव में समितियां में बचे हुए हैं..

कहीं जगह की समस्या तो कहीं रखरखाव बन रही है परेशानी का कारणः हालांकि काफी तादाद में समितियां में धान की बोरियां रखे होने के चलते बचे हुए दोनों में बचे हुए किसानों की धान की खरीदी समितियां में किसी चुनौती से कम नहीं कहीं जा सकती है तथा इन तमाम हालातो के बाद भी समितियां किसानों से धान की खरीदी कर रही है हालांकि इन तमाम हालातो के चलते किसानों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. किंतु परेशानी उठाना शायद किसने की नसीब में ही लिखा हुआ है जिसके चलते तमाम परेशानी के बाद भी किसान अपनी धान बेच रहे हैं

टूट सकता है गत वर्ष का रिकॉर्ड

हालांकि धान खरीदी में जिला नित नए कीर्तिमान प्रतिवर्ष स्थापित करते जा रही है गत वर्ष जहां जिले के 154583 किसानों से लगभग 93 लाख 46000 क्विंटल लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जो कि इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 98 लाख क्विंटल तक भी जा सकता है अंतिम आंकड़ा हालकी धान खरीदी बंद होने के उपरांत थे स्पष्ट हो पाएगा किंतु इस बात को नकारा नहीं जा सकता है की खरीदी का आंकड़ा इस वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित अवश्य ही करेगी तथा इन खरीदे गए धान के बदले किसानों को अब तक 1932 करोड रुपए का भुगतान भी उनके खाते में किया जा चुका है

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654